संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरुवार, 19 अक्टूबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



नवरात्रि के पांचवें दिन मां दुगार्जी के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता की आराधना की जाती है। भगवान स्कंद (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस पांचवें स्वरूप को स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 280 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### ईडी की शक्तियों की समीक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट पीएमएलए के तहत ईडी की शक्तियों की समीक्षा के लिए तैयार हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले की समीक्षा न किए जाने की केंद्र सरकार की मांग ठुकरा दी। जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के प्रावधानों की जांच राष्ट्रीय हित में हो सकती है। हम ईडी की शक्तियों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिकाओं पर विचार करेंगे। इस मामले पर अगली सुनवाई 22 नवंबर को होगी। जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय बेंच में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस बेला त्रिवेदी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि 25 अगस्त 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने पुनर्विचार याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने कहा था कि हम सिर्फ दो पहलुओं को दोबारा विचार करने लायक मानते हैं। कोर्ट ने कहा था कि ईसीआईआर (ईडी की तरफ से दर्ज एफआईआर) की रिपोर्ट आरोपित को न देने का प्रावधान और खुद को निर्दोष साबित करने का जिम्मा आरोपित पर होने के प्रावधान पर दोबारा सुनवाई करने की जरूरत है। कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने पुनर्विचार याचिका दायर की है। मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के प्रावधानों को चुनौती देते हुए दो सौ के आसपास याचिकाएं दायर की गई थीं जिस पर 27 जुलाई को जस्टिस एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाली बेंच ने फैसला सुनाया था।

### छत्तीसगढ़ विस चुनाव: कांग्रेस ने 53 उम्मीदवारों की दूसरी सूची की जारी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए 53 उम्मीदवारों की दूसरी सूची बुधवार को जारी की। पार्टी ने इससे पहले 30 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। दूसरी सूची में 9 विधायकों के टिकट काटे गए हैं, जबकि 9 महिलाओं और 15 नए चेहरों को स्थान मिला है। कांग्रेस 90 सदस्यीय राज्य विधानसभा के लिए अब तक 83 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है।

# दिवाली पर मोदी सरकार का तोहफा

= महंगाई भत्ता बढ़ाया, रेल कर्मियों को बोनस और रबी की फसलों पर एमएसपी में इजाफा

**सौगात**

8 रबी की 6 फसलों में एमएसपी की बढ़ोतरी कर करोड़ों किसानों को भी फायदा पहुंचाने का एलान किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कर्मचारियों** के वेतन में बढ़ोतरी करके केंद्र सरकार ने त्योहारी सीजन में जहां इस तबके को बड़ी सौगात दी है। वहीं रबी की 6 फसलों में एमएसपी की बढ़ोतरी कर करोड़ों किसानों को भी फायदा पहुंचाने का एलान किया है। केंद्र सरकार की ओर से लिए गए फसलों के एमएसपी बढ़ाने वाले फैसले को सियासी नजरिए से भी नापा तौला जा रहा है। केंद्र सरकार की ओर से फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को बढ़ाए जाने की घोषणा से किसानों के संगठनों की मिली जुली प्रतिक्रिया आ रही है। जबकि सियासी जानकार इसे आने वाले लोकसभा और विधानसभा के चुनावों से पहले का एक बड़ा पॉलिटिकल शॉट भी मान रहे हैं। केंद्र सरकार ने छह प्रमुख रबी की फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य को मंजूरी दे दी है। अगले मार्केटिंग सीजन के लिए एमएसपी में दो से सात फीसदी तक का इजाफा किया गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2024-25 के लिए रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। इस मंजूरी के तहत अगले सत्र के लिए गेहूं, जौ, चना मसूर, सरसों और सनफ्लावर का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया गया है। केंद्र सरकार की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक जिन फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया गया है, उनमें सबसे ज्यादा मसूर, दूसरे नंबर पर सरसों, तीसरे नंबर पर गेहूं और सनफ्लावर चौथे नंबर पर है।

## केंद्रीय कर्मियों को मोदी सरकार ने दिया गिफ्ट, किया बोनस का एलान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों को दिवाली से पहले बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने मंगलवार (17 अक्टूबर) को दिवाली बोनस का एलान किया। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय ने एक आदेश में अर्धसैनिक बलों सहित ग्रुप सी और नॉन-गजेटेड ग्रुप बी रैंक के अधिकारियों के लिए



7,000 रुपये की अधिकतम सीमा के साथ दिवाली बोनस को मंजूरी दे दी है।

**28 लाख कर्मचारियों को होगा फायदा:** बता दें कि केंद्र सरकार ने अपने ग्रुप बी (गैर राजपत्रित) और ग्रुप सी कर्मचारियों के लिए 30 दिन के बोनस का ऐलान किया है। सभी कर्मचारियों को 7000 रुपये तक का बोनस मिलेगा। इस फैसले से केंद्र सरकार के करीब 28 लाख कर्मचारियों को फायदा होगा। वहीं, बुधवार को महंगाई भत्ता बढ़ाने पर कैबिनेट में विचार हो सकता है। वित्त मंत्रालय के तहत व्यय विभाग ने कहा कि वर्ष 2022-23 के लिए 30 दिनों के वेतन के बराबर गैर-उत्पादकता से जुड़े बोनस को समूह सी में केंद्र सरकार के कर्मचारियों और समूह बी में सभी गैर-राजपत्रित कर्मचारियों को प्रदान किया गया है।



## 10 लाख टन गैर-बासमती चावल के निर्यात की अनुमति

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्र** सरकार ने नेपाल, कैमरून और मलेशिया सहित सात देशों को 10,34,800 टन गैर-बासमती चावल के निर्यात की अनुमति दे दी है। इन देशों को यह निर्यात राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से किया जाएगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने जारी एक अधिसूचना के मुताबिक सात देशों को 10,34,800 टन गैर-बासमती चावल के निर्यात की अनुमति दी गई है।

## महंगाई भत्ते में वृद्धि की सौगात

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्र** सरकार में लगभग एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनरों को पहली जुलाई से देय महंगाई भत्ते में वृद्धि की सौगात मिल गई है। महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में 4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। बुधवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में डीए-डीआर की दरों में बढ़ोतरी पर मुहर लग गई है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने डीए की बढ़ी हुई दरों की घोषणा की है। अब इस वृद्धि के साथ ही डीए की मौजूदा दर 42 से 46 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसके बाद जनवरी 2024 में भी अगर महंगाई भत्ते में 4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई तो वह दर 50 प्रतिशत हो जाएगी।
**अब केंद्रीय कर्मियों की इतनी बढ़ जाएगी सैलेरी:** अगर किसी कर्मचारी



का मूल वेतन 18 हजार रुपये है तो 46 प्रतिशत महंगाई भत्ते के हिसाब से उसके वेतन में हर माह लगभग 720 रुपये बढ़ जाएंगे। यानी डीए की कुल राशि 8280 रुपये होगी। जिन कर्मियों का मूल वेतन 25 हजार रुपये है तो उन्हें प्रतिमाह 1000 रुपये का फायदा होगा। 46 प्रतिशत के हिसाब से उनका डीए 11500 रुपये हो जाएगा। जिस कर्मी की बेसिक सेलरी 35 हजार रुपये है तो उसे प्रतिमाह 1400 रुपये ज्यादा मिलेंगे।

# अदाणी समूह ने महंगी बिजली के जरिए लोगों को लूटा: राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिया रिपोर्ट का हवाला, कहा- सत्ता में आए तो कराएंगे जांच



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद अब कोयला आयात में दोगुने बिलिंग को लेकर अदाणी समूह को कठघरे में खड़ा करते हुए आरोप लगाया है कि इसकी आड़ में बिजली महंगी कर जनता को ठगा जा रहा है और अब तक 12000 करोड़ रुपए लूटा जा चुका है।
**सत्ता में आए तो कराएंगे अदाणी समूह की जांच:** अदाणी समूह पर लगे आरोपों के बावजूद उनकी जांच नहीं कराए जाने को लेकर प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए राहुल ने कहा कि सत्ता के संरक्षण के कारण किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो रही और 2024 में हम सत्ता में आए तो अदाणी समूह के मामलों की जांच कराएंगे। तेलंगाना की चुनावी यात्रा पर रवाना होने से पूर्व बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय में राहुल गांधी ने प्रेस कांफ्रेंस करते हुए लंदन से प्रकाशित अखबार फाइनेंशियल टाइम्स की

**निशाने पर**

8 राहुल गांधी ने अब कोयला आयात में दोगुने बिलिंग को लेकर अदाणी समूह को कठघरे में खड़ा किया

रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि अदाणी समूह ने इंडोनेशिया से कोयला जिस दर पर खरीदा भारत आते ही उसकी कीमत दोगुनी हो गई।
इसमें साफ तौर पर ओवर इनवायसिंग की गई और इसकी वसूली के लिए बिजली दरें महंगी की गई और गरीब लोगों की जेब से अब तक 12,000 करोड़ रुपए की लूट की जा चुकी है। यह सरकार के संरक्षण में हुआ है और यह इतना बड़ा खुलासा है कि कि दुनिया में सरकारें गिर जाती मगर भारत में इसकी कोई सुध नहीं ली जा रही है।

## 'भारत 7 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बन सकता है'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
अमेरिकी मल्टीनेशनल फाइनेंशियल सर्विस कंपनी जेपी मॉर्गन का मानना है कि 2030 तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ कर 7 ट्रिलियन डॉलर हो सकता है।
जेपी मॉर्गन के एशिया पेसिफिक इक्विटी रिसर्च डायरेक्टर जेम्स सुलिवान का मानना है कि 2027 तक भारत में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता है। एक निजी टीवी चैनल के साथ बातचीत में सुलिवान ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में लगातार तेजी आने की संभावना बनी हुई है। अगर सबकुछ ठीक





रहा और कोई बड़ी आपदा नहीं आई तो भारतीय अर्थव्यवस्था अगले 7 साल में 7 ट्रिलियन डॉलर के स्तर तक पहुंच सकती है।
उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2019 में ही अगले 5 वर्षों के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार को पांच

**दावा**

8 2027 तक भारत में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता है: जेपी मॉर्गन

ट्रिलियन डॉलर के स्तर तक ले जाने का लक्ष्य रखा था।
हालांकि कोरोना महामारी की वजह से पूरी दुनिया की तरह भारतीय अर्थव्यवस्था भी डगमगा गई थी। लेकिन वैश्विक कमजोरी के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने दोबारा मजबूती हासिल कर ली।

## रैपिडएक्स ट्रेन का मिनिमम किराया 20 रुपये

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के पहले फेज का उद्घाटन 20 अक्टूबर को

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ** आरआरटीएस कॉरिडोर के पहले फेज का उद्घाटन 20 अक्टूबर को होने वाला है। पहले फेज में रैपिडएक्स ट्रेन गाजियाबाद के साहिबाबाद स्टेशन से दुहाई डिपोट के बीच चलाई जाएगी। पीएम मोदी इसके उद्घाटन करेंगे। लोगों में सबसे ज्यादा चर्चा इसको लेकर थी कि इस रैपिडएक्स ट्रेन का किराया कितना होगा। रैपिडएक्स ट्रेन में दो तरह के कोच हैं। एक सामान्य



श्रेणी जबकि दूसरी प्रीमियम कोच के लिए। इसलिए किराया भी दो दरों में होगा। प्रीमियम कोच का किराया सामान्य श्रेणियों की कोच के मुकाबले बिल्कुल दो गुना है। वहीं 90 सेमी तक हाइट वाले बच्चों का किराया बिल्कुल फ्री रहेगा। स्टैंडर्ड कोच का किराया- स्टैंडर्ड कोच में साहिबाबाद से गाजियाबाद स्टेशन तक का किराया 30 रुपये होगा। जबकि गुलधर तक का 30, दुहाई का 40 और दुहाई डिपो तक का 50 रुपया किराया होगा।
इसी तरह गाजियाबाद से साहिबाबाद 30 रुपये, गुलधर 20, दुहाई और दुहाई डिपो तक का किराया 30-30 रुपया होगा।

## 'कर्नाटक में कांग्रेस सरकार को गिराने की हो रही साजिश'

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**कर्नाटक** के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार (18 अक्टूबर) को बीजेपी पर बड़ा आरोप लगाते हुए राज्य सरकार को अस्थिर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उन्हें पता है कि सरकार को अस्थिर करने के लिए बीजेपी में एक टीम सक्रिय है। शिवकुमार ने आगे कहा कि कांग्रेस विधायक उन्हें और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को सूचित कर रहे हैं कि कौन उनसे संपर्क कर रहा है।

**योगी मंत्र** वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का लक्ष्य पाने के लिए रखना होगा हेल्पिंग एटीट्यूड और पॉजिटिव एप्रोच

## 'पॉजिटिव रखें एप्रोच और टेक्नोलॉजी का करें समावेश'

**टीम एक्सन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर** प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश को 2027 तक वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने के लिए संकल्पित है और उस दिशा में तेजी से प्रयास भी किए जा रहे हैं। इस लक्ष्य को हासिल करने का रोडमैप क्या होना चाहिए, किन चीजों पर अत्यधिक फोकस करने की आवश्यकता है और चुनौतियां क्या हैं, इन्हीं सब मुद्दों को लेकर बुधवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश वित्त एवं लेखा सेवा संघ व एसबीआई द्वारा वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के रूप में उत्तर प्रदेशः संभावना, चुनौतियां तथा वित्त विभाग एवं एसबीआई की भूमिका



विषयक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि और योगी सरकार में वित्त एवं संसदीय मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सरकार का मानना है कि यदि बैंक और फाइनेंस से जुड़े अफसरों का एटीट्यूड हेल्पिंग हो, एप्रोच पॉजिटिव हो, काम में क्वालिटी और टेक्नोलॉजी का समावेश हो तो कोई वजह नहीं है कि उत्तर प्रदेश इस बड़े लक्ष्य को हासिल न कर सके। जापान से सीखना होगा क्वालिटी और टेक्नोलॉजी का प्रयोग
वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि आज के काम को कल पर कतई मत टालिए। काम की क्वालिटी और टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल का उदाहरण हमें जापान से सीखना होगा। वहां के लोग जितनी ऑनेस्टी और सिंसियरिटी के साथ अपने काम को अंजाम देते हैं, यदि हम भी ऐसा करेंगे तो कोई लक्ष्य बड़ा नहीं होगा।


# श्रद्धांजलि



## श्री हंसराज अरोड़ा जी

संयुक्त मुख्य संरक्षक, श्री रामलीला कमेटी मॉडल टाऊन-2 (रजि.), प्रधान, पंजाबी सभा नार्थ वेस्ट के आकस्मिक निधन के कारण प्रभु श्री रामलीला कमेटी मॉडल टाऊन-2 (रजि.) द्वारा आयोजित रामलीला के मंचन को आज विश्राम दिया गया है।

श्री हंसराज अरोड़ा जी के आकस्मिक निधन पर एक्शन इंडिया समूह और आदर्श रसोई उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करती है। ईश्वर उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें।

# 113 करोड़ से अधिक के 10 नए कार्यों को मंजूरी

## सीएम मनोहर लाल ने इस संबंध में प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की, जींद शहर की विभिन्न कॉलोनियों में बदली जाएगी सभी क्षतिग्रस्त मौजूदा सीवर लाइनें

**मंजूरी**

8 किशनपुरा, मिठनपुरा, ढाणी शेरांवली और करमसाना) को डिस्ट्रीब्यूटरी से ताजा पानी उपलब्ध करवाने के कार्य शामिल हैं



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**
राज्य में जल आपूर्ति में सुधार के प्रयासों के तहत हरियाणा सरकार ने 4 जिलों नामतः कैथल, सिरसा, रोहतक और जींद में ग्रामीण संवर्धन कार्यक्रम के तहत 113 करोड़ से अधिक के 10 नए कार्यों को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस संबंध में प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि स्वीकृत कार्यों में तीन गांवों (ठोबरियां, मिजार्पुर और तलवाड़ा खुर्द) तथा 4 ढाणियों (मोजू की ढाणी, टिब्बा की ढाणी, दया सिंह थेड़, बाजीगर ढाणी) के लिए नहर आधारित जलापूर्ति योजना, 32.34 करोड़ रुपये की लागत से सिरसा के विभिन्न गांवों में मोजू की ढाणी में वॉटर वर्क्स का निर्माण, 30.65 करोड़ रुपये की लागत से जिला सिरसा के गांव खारी सुरेरां में मौजूदा जल आपूर्ति योजना का विस्तार और सामान्य पंपिंग स्टेशन बनाकर 9 मौजूदा वॉटर वर्क्स (भुरटवाला, पोहरकन, मीठी सुरेरा, खारी सुरेरा, ढाणी लाख जी, किशनपुरा, मिठनपुरा, ढाणी शेरांवली और करमसाना) को शेरांवाली डिस्ट्रीब्यूटरी से ताजा पानी उपलब्ध करवाने के कार्य शामिल हैं। इनके अलावा, 12.71 करोड़ रुपये की लागत से जिला सिरसा में गांव संत नगर और दलीप नगर में नहर आधारित वॉटर वर्क्स, 9.29 करोड़ रुपये की लागत से कैथल जिले के गांव ढांड ब्लॉक में जल आपूर्ति योजना का विस्तार और वितरण प्रणाली का उन्नयन, 3.17 करोड़ रुपये की लागत से गांव टिगरी, जिला सिरसा में नहर आधारित वॉटर वर्क्स तथा 4.97 करोड़ रुपये की लागत से गांव सहरानी, जिला सिरसा में नहर आधारित वॉटर वर्क्स कार्य को भी मंजूरी दी गई है। प्रवक्ता ने बताया कि 4.32 करोड़ रुपये की लागत से गांव मौजदीन, सिरसा में नहर आधारित वॉटर वर्क्स, जिला सिरसा के गांव ओढ्ढ में 5.17 करोड़ रुपये की लागत से नहर आधारित वाटर वर्क्स, गांव बालंद, जिला रोहतक में 2.61 करोड़ रुपये की लागत से बूस्टिंग स्टेशन के निर्माण के साथ-साथ रोहतक पंप हाउस से दूसरे वाटर वर्क्स और पहले वाटर वर्क्स तक डीआई पाइप बिछाने के साथ जेएलएन नहर से ताजे पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के कार्य को भी मंजूरी दी गई।

**जींद शहर की विभिन्न कॉलोनियों में बदली जाएगी सभी क्षतिग्रस्त मौजूदा सीवर लाइनें:** मुख्यमंत्री ने जींद शहर की विभिन्न कॉलोनियों में सीवर लाइनें बिछाने और सभी क्षतिग्रस्त मौजूदा सीवर लाइनों को बदलने की भी मंजूरी प्रदान की।

प्रवक्ता ने बताया कि जींद शहर के 90 प्रतिशत हिस्से में सीवरेज प्रणाली उपलब्ध कराई गई है, जिसमें सीवर लाइनों की कुल लंबाई 465 किलोमीटर है। सीवेज उपचार संयंत्रों तक सीवर पंपिंग के लिए 16 सीवर पंपिंग स्टेशन स्थापित किए गए हैं। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुरूप सीवेज उपचार के लिए 27 एमएलडी क्षमता वाले 3 सीवेज उपचार संयंत्र भी स्थापित किए गए हैं।

हालांकि, विभिन्न कॉलोनियों में कई स्थानों पर सीवर लाइनें बहुत पुरानी हो चुकी है और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हैं, जिनकी मरम्मत नहीं की जा सकती है या मरम्मत की लागत नई लाइनों के बराबर है। इसलिए 8.21 करोड़ रुपये की लागत से नई सीवर लाइनों के प्रावधान को मंजूरी दी गई है।

# 3 जिलों में 51 करोड़ रुपये से अधिक की 13 नई परियोजनाएं होंगी शुरू

## जिला नूंह के 23 गांवों में 46 ट्यूबवेलों को गहरा करने के साथ-साथ किया जाएगा कायाकल्प

**क्रियान्वित**

8 भिवानी, चरखी दादरी और नूंह में 51 करोड़ रुपये से अधिक की 13 नई परियोजनाएं क्रियान्वित करेगी।

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा सरकार ग्रामीण संवर्धन कार्यक्रम के तहत 3 जिलों नामत: भिवानी, चरखी दादरी और नूंह में 51 करोड़ रुपये से अधिक की 13 नई परियोजनाएं क्रियान्वित करेगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली इन परियोजनाओं को आज प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि नए कार्यों में 9.98 करोड़ रुपये की लागत से जिला भिवानी के गांव ढिगावा जाटान में वॉटर वर्क्स, 8.42 करोड़ रुपये की लागत से गांव पहाड़ी, भिवानी में जल आपूर्ति प्रणाली का सुदृढ़ीकरण और वॉटर वर्क्स का निर्माण, 8.31 करोड़ रुपये की लागत से गांव कुराल, भिवानी में जल आपूर्ति प्रणाली का सुदृढ़ीकरण और दूसरे वॉटर वर्क्स का निर्माण, 7.98 करोड़ रुपये की लागत से जिला भिवानी के गांव खरकड़ी में वॉटर वर्क्स का निर्माण, जिला भिवानी के गांव रूपगढ़ में 4.30 करोड़ रुपये की लागत से नहर आधारित जलापूर्ति योजना, चरखी दादरी जिले के गांव बरसाना में 2.48 करोड़ रुपये से नहर आधारित वॉटर वर्क्स और शेष पाइप लाइनें बिछाने का कार्य शामिल है। इसके अलावा, जिला चरखी दादरी के गांव कलाली में 1.25 करोड़ रुपये की लागत से पाइप लाइन बिछाना और अतिरिक्त टैंक का निर्माण व मौजूदा संरचनाओं की मरम्मत, 1.12 करोड़ रुपये की लागत से गांव बधवाना, चरखी दादरी में मौजूदा संरचनाओं का नवीनीकरण और शेष पाइप लाइनें बिछाना, 1.36 करोड़ रुपये की लागत से गांव गारनपुरा कलां, भिवानी में वितरण पाइप लाइन प्रदान करना और जल आपूर्ति योजना का विस्तार करना, गांव पहलादगढ़, भिवानी में 73.64 लाख रुपये की लागत से वाटर वर्क्स में अतिरिक्त टैंक, फिल्टर बेड का निर्माण और मौजूदा संरचनाओं की मरम्मत, 45.91 लाख रुपये की लागत से गांव दुल्हेड़ी है।

# पानी की मांग को पूरा करने के लिए सरकार उठा रही कदम

## पानी की एक-एक बूंद के उपयोग के लिए कार्यान्वित की जा रही ट्रीटेड वेस्ट वॉटर पॉलिसी

**अधिसूचित**

8 घटते जल संसाधनों को ध्यान में रखते हुए उपचारित अपशिष्ट जल का पुन: उपयोग नीति को अधिसूचित किया।

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी**
हरियाणा में वर्तमान और भविष्य की पानी की जरूरतों की पूर्ति हेतु जल की उपलब्धता व मांग को पूरा करने के लिए मनोहर सरकार बेहद गंभीर है। इस दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने तेजी से घटते जल संसाधनों को ध्यान में रखते हुए उपचारित अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग नीति को अधिसूचित किया। इसके तहत सीवरेज के पानी को शुद्ध करके इसकी एक-एक बूंद का उपयोग थर्मल प्लांट, उद्योग, निर्माण, बागवानी और सिंचाई उद्देश्यों आदि में विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार सिंचाई एवं जल संरक्षण विभाग ने 500 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत की परियोजना तैयार की है। पहले चरण में 339.50 एमएलडी की क्षमता वाले 27 एसटीपी को कवर करने का प्रस्ताव है। इसके अलावा, तीन एसटीपी प्लांट जिसमें लाडवा में 7 एमएलडी, पिहोवा में 8 एमएलडी, और शाहबाद में 11.50 एमलडी के लिए सीवर के शोधित पानी का सिंचाई व कृषि उद्देश्य के लिए उपयोग किया जा रहा है।

**मार्च 2025 तक 975.12 एमएलडी उपचारित अपशिष्ट जल का उपयोग करने के लिए की गई कार्य योजना तैयार:** ट्रीटेड वेस्ट वाटर के प्रभावी उपयोग के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, शहरी स्थानीय निकाय, सिंचाई एवं जल संसाधन और एचएसआईआईडीसी द्वारा बनाई गई संपत्तियों को पूल करने के लिए एक संयुक्त रणनीति विकसित की गई है। वर्तमान में इन विभागों द्वारा 176 एसटीपी / सीईटीपी बनाए गए हैं, जो 2104.30 एमएलडी गंदे पानी का उपचार करने में सक्षम हैं, जिसमें से 1429.38 एमएलडी उत्पन्न हो रहा है। वर्तमान में 199.24 एमएलडी शोधित पानी का उपयोग अन्य कार्यों के लिए किया जा रहा है। इसके अलावा, मार्च 2025 तक 975.12 (उत्पन्न ट्रीटेड वेस्ट वाटर का 56.69 प्रतिशत) एमएलडी उपचारित अपशिष्ट जल और दिसंबर 2028 तक 1100.84 एमएलडी का उपयोग करने के लिए एक कार्य योजना तैयार की गई है।

# जलघरों में ब्लीचिंग पाउडर डालने के निर्देश: डॉ. बनवारी लाल

**आदेश**

8 सभी जल घरों में तुरंत प्रभाव से ब्लीचिंग पाउडर डालने के निर्देश दिए ताकि संक्रमण से होने वाले रोगों से निजात दिलाई जा सके



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के सहकारिता एवं जन स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने राज्य के सभी जल घरों में तुरंत प्रभाव से ब्लीचिंग पाउडर डालने के निर्देश दिए ताकि सर्दी के मौसम में जल संक्रमण से होने वाले रोगों से निजात दिलाई जा सके। इसके अलावा साफ पानी की सप्लाई सुनिश्चित हो सके। हरियाणा के सहकारिता एवं जन स्वास्थ्य मंत्री आज चंडीगढ़ में विभाग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। सहकारिता मंत्री ने कहा कि कई गांवों के जल घरों में पानी साफ नहीं होने की शिकायतें आ रही है। इसलिए जल घरों एवम बूस्टिंग स्टेशनों में ब्लीचिंग पाउडर डाला जाए जिससे पानी साफ हो सके। जन स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि गांवों में पेयजल पाइप लाइन डालते समय गलियां उखाड़ी जाती है लेकिन ठेकेदार उनकी मरम्मत नहीं करते जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने अधिकारियों को ऐसी गालियों की तुरंत प्रभाव से मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में गलियां बनाने से पहले पेयजल पाइप लाइन डालने का कार्य किया जाए।बैठक में ई आई सी असीम खन्ना, चीफ इंजीनियर देवेंद्र दहिया, राजीव बातिस, रविंदर सिंह बेदी, दिनेश सैनी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# जम्मू कश्मीर से आए सरपंच दल ने पंचायत मंत्री से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**प्रदेश** के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली से हरियाणा प्रदेश के भ्रमण पर आए जम्मू कश्मीर के 40 सरपंचों के डेलिगेशन ने उनके निवास स्थान टोहाना के गांव बिढ़ाईखेड़ा में मुलाकात कर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि अन्य प्रदेशों की तुलना में हरियाणा के गांवों में आधुनिक तकनीक से मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही जो कि बहुत ही सराहनीय है। देवेंद्र सिंह बबली ने जम्मू कश्मीर से आए सरपंच दल का स्वागत किया और दोनों प्रदेशों की कार्यशैली एवं कार्य प्रणाली के बारे में चर्चा की। बबली ने कहा कि एक - दूसरे के विचार और कार्य प्रणाली का अनुसरण कर हम अपने प्रदेश के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवा सकते हैं। डेलीगेशन ने गांव डूल्ट में बनाई गई लाइब्रेरी की प्रशंसा की और कहा कि लाइब्रेरी में गांवों के युवा निशुल्क ही प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं।

# सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम: एक अनोखी पहल

**जनसंवाद**

8 मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बदली शासन व्यवस्था, सरकार और जनता के बीच की दूरी को किया खत्म

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
विगत 9 वर्षों में हरियाणा की राजनीति की दिशा व दशा में बदलाव का पर्याय बन चुके मुख्यमंत्री मनोहर पिछले लगभग एक वर्ष से शासन व्यवस्था में नया बदलाव लेकर आए हैं। हर शनिवार को ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री ने शासन की एक ऐसी लय तैयार की है जो पहले कभी नहीं देखी गई। हर सप्ताह प्रदेश में किसी न किसी एक वर्ग के साथ संवाद करने की मुख्यमंत्री की अनोखी पहल आज एक गेम-चेंजर बन गई है। अब तक लगातार 40 हफ्तों में 40 संवाद सत्रों के माध्यम से मुख्यमंत्री विभिन्न योजनाओं के लाखों लाभार्थियों से संवाद कर चुके हैं और उन्होंने सरकार व जनता के बीच की दूरी को लगभग समाप्त कर दिया है। करीब एक घंटे तक चलने वाले इस संवाद कार्यक्रम में हर ब्लॉक, तहसील और जिले के हर कोने से लाभार्थियों को प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ सीधे बातचीत करने का सुनहरा अवसर प्रदान होता है। पहली बार जब इस कार्यक्रम की शुरूआत हुई थी, तो अधिकतर लोगों के लिए यह व्यवस्था अविश्वसनीय थी, क्योंकि उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सीधे उनसे फोन पर बात करेंगे और उनका हाल-चाल जानेंगे। आज यह कार्यक्रम सुलभ, पारदर्शी और उत्तरदायी शासन का प्रमाण बन गए हैं और ये संवाद आशा व परिवर्तन का प्रतीक बने हैं।

**लोगों के लिए बना बेमिसाल मंच:** सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम में ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री अब तक कई योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद कर चुके हैं। इनमें रोजगार मेलों, एमएसएमई विभाग के साथ पंजीकृत खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को चलाने वाले उद्यमियों, नव स्थापित प्लेवे स्कूलों के छात्रों के अभिभावकों, डॉ भीमराव अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के लाभार्थियों, स्कूल प्रबंधन समितियों के सदस्यों सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा शामिल है। यह कार्यक्रम केवल संवाद तक सीमित नहीं रह गया बल्कि लोगों के लिए बेमिसाल मंच बना गया है।

# रानी बाग: व्यापार मंडल है मेरा दूसरा परिवार: सुनील दुआ










**सुनील दुआ ने कहा**

8 इसी साल मार्किट व्यापार मंडल में चुनाव प्रधान का चुनाव जितने के बाद लोगों ने मुझे प्रधान बनाया था। इससे पहले 6 साल तक मैं जनरल सेक्रेट्री के पद पर कार्य करता रहा था

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**समाज सेवा करने** के लिए राजनीति में आना जरूरी नहीं है, और जरूरी नहीं हैं किसी पद या पोस्ट पर रहकर समाज सेवा हो, समाजसेवा करने के लिए जज्बा होना चाहिए पोस्ट नहीं। यहां पर हम बात कर रहे हैं रानी बाग व्यापार मंडल के प्रधान सुनील दुआ की।

**सालों से उठा रहें हैं मार्किट की समस्या:** प्रधान सुनील दुआ ने बताया कि वह काफी सालों से रानी बाग मार्किट के लोगों की समस्या को लगातार उठा रहें हैं। वहीं उन्होंने बताया कि मैं इसी साल मार्किट व्यापार मंडल में चुनाव प्रधान का चुनाव जितने के बाद लोगों ने मुझे प्रधान बनाया था। इससे पहले 6 साल तक मैं जनरल सेक्रेट्री के पद पर कार्य करता रहा था। वहीं उन्होंने बताया कि मैं पिछले पैंतीस साल से मार्किट में दुकान चला रहा हूं इससे पहले मेरे पिताजी दुकान चलाया करते थे।

**सालों से अधर में लटकी हैं मल्टीलेबल पार्किंग योजना:** वहीं उन्होंने बताया कि रानीबाग मार्केट में आने वाले खरीदारों को भी पार्किंग की समस्या से दो-चार होना पड़ता है। यहां खरीदारी करने के लिए आने वाले ग्राहक अक्सर सड़क किनारे ही अपने वाहन खड़े कर देते हैं। सड़क पर गाड़ी खड़ी रहने से पीछे से आ रही गाड़ियों को आगे निकलने का स्थान नहीं मिलता, फलस्वरूप जाम लगा रहता है। रानीबाग में मल्टीलेबल पार्किंग बनने की योजना कई सालों से अधर में है।

**पार्किंग हैं मुख्य समस्या:** दुआ ने आगे बताया कि लगभग दस सालों से रानी बाग की मैन मार्किट में पार्किंग की समस्या ने धीरे-धीरे विकराल रूप ले लिया हैं। वहीं उन्होंने बताया कि मंडल की ओर से कई बार संगठित होकर संबंधित प्रशासन से भी गुहार लगाई हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से बस आश्वासन ही दिया गया हैं। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि जब तक हमारी समस्या का हल नहीं निकाला जाएगा तब तक मैं ऐसे ही आवाज उठाता रहूंगा।

**व्यापार मंडल की उम्मीद पर खरा उतरूंगा:** दुआ ने आगे बताया कि मार्किट के दुकानदारों ने मुझ पर जो विश्वास दिखाकर मुझे मार्किट के प्रधान के रूप में चुना हैं। मैं उनकी उम्मीद पर खरा उतरने का हमेशा ही भरसक प्रयासरत रहता हूं, वहीं उन्होंने यह भी कहा कि मेरे लिए मेरा परिवार है व्यापार मंडल, और परिवार के सुख-दुख में हमेशा ही खड़ा रहना चाहिए।

# रानी बाग: सालों बाद भी पार्किंग की समस्या से नहीं मिली निजात

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/महेंद्र सिंह**
**दिल्ली के** प्रमुख बाजारों में बड़े-बड़े शोरुम तो खुल गए हैं, लेकिन वाहनों के लिए पार्किंग का इंतजाम नहीं होने से धीरे-धीरे समस्या विकराल होती जा रही है। ज्यादातर प्रमुख बाजार पार्किंग की समस्या से जूझ रहे हैं तो इसका नुकसान यह भी है कि खरीददारी के लिए बाजार आने वाले उपभोक्ताओं को सड़क पर ही वाहन खड़ा करना पड़ता है और खरीददारी के दौरान वाहन की चिंता सताती रहती है। लोग सुकून से खरीददारी नहीं कर पा रहे हैं तो इसका असर व्यापार पर भी पड़ता है।

**लगता हैं घंटों तक जाम:** इसी कड़ी मे रानी बाग मैन मार्किट भी सालों से पार्किंग की समस्या से जूझ रहीं हैं। जहां एक ओर तो पार्किंग न होने के चलते उपभोक्ताओं को सड़क पर ही वाहन खड़ा करना पड़ता है और लोग सुकून से खरीददारी नहीं कर पा रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर इसका असर व्यापार पर भी पड़ रहा हैं। तो दूसरी ओर मुख्य मार्ग पर वाहनों की पार्किंग से दिनभर जाम जैसी स्थितियां निर्मित होती हो रही हैं।








**हैरी ( वाइस प्रेसीडेंट )** का कहना हैं कि पिछले लगभग दस वर्षों से पार्किंग का मामला चल रहा हैं। चुनाव के दौरान ही नेताओं द्वारा पार्किंग समस्या का मामला उठाया जाता हैं, और चुनाव खत्म होते ही पार्किंग की समस्या को ठंडे बस्ते मे डाल दिया जाता हैं। रानी बाग गोल चक्कर पर अच्छा खासा जाम लगा रहता है, वहीं कई बार स्कूलों की बसें व एंबूलेंस भी घंटो तक जाम में फस जाती हैं। वहीं उनका कहना हैं कि रानी बाग व्यापार मंडल संबंधित शासन प्रशासन से मांग करता हैं कि जल्द पार्किंग की समस्या से निजात दिलवाई जाए।



**क्या कहता हैं व्यापार मंडल: विक्की मारवाह ( चेयरमैन )** रानी बाग व्यापार मंडल चेयरमैन विक्की मारवाह ने बताया कि पुरे शकूरपुर बस्ती विधानसभा व आसपास की सबसे बडी मार्किट होने के चलते रानी बाग मैन बाजार में हर समय अच्छी खासी भीड़ भाड़ रहती हैं, रोजाना यहां पर हजारों की तादात में लोग गाड़ियों में खरीददारी करने के लिए आते हैं। वहीं इतनी बडी मार्किट में निगम द्वारा बस एक पार्किंग बनाई गई हैं जो कि काफी छोटी हैं, पार्किंग फूल होने के बाद लोग जहां तंहा गाडी़ पार्क करते हैं, जिसके चलते देखते ही देखते लंबा जाम लग जाता हैं।



**रमेश ग्रोवर (ज्वाइंट सेक्रेट्री):** रानी बाग गोल चक्कर पर यातायात पुलिसकर्मी न होने के चलते हमेशा ही जाम लगा रहता हैं। वहीं उन्होंने बताया कि पार्किंग के अभाव में सड़क किनारे ही जहां-तहां वाहन खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे वाहन चालकों को यातायात जाम की समस्या से जूझना पड़ता है, साथ ही राहगीरों को भी परेशानी होती है। वहीं मुख्य सड़क पर गाड़ियों की लंबी कतारें लगी रहती हैं। इनमें जरा सा व्यवधान भी जाम की शक्ल ले लेता है।



**अमर नरूला ( वाईस प्रेसीडेंट ):** रानी बाग मैन मार्किट में पार्किंग की समस्या ही मुख्य समस्या हैं। जिसको लेकर हमने कई बार सांसद हर्षवर्धन से भी गुहार लगाई, बावजूद इसके समस्या जस की तस बनी हुई हैं, वहीं हमने स्थानीय निगम पार्षद से भी पार्किंग की समस्या से रूबरू करवाते हुए उनके समक्ष मामले को रखा हैं। पार्किंग समस्या को पार्षद ने आश्वासन देते हुए कहा हैं कि जल्द से जल्द पार्किंग की समस्या को दूर कर दिया जाएगा।

# 'सुख, शांति की प्राप्ति के लिए करें राम-नाम का जाप'

## इस राम-नाम के जाप को घर-घर तक पहुंचाने के लिए धार्मिक और समाज सेवी संस्थाओं को प्रयास करने होंगे

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि मानव को सुख, शांति और आनंद की प्राप्ति के लिए नियमित रूप से राम-नाम का जाप करना चाहिए। इस राम-नाम के जाप को घर-घर तक पहुंचाने के लिए धार्मिक और समाज सेवी संस्थाओं को प्रयास करने होंगे। यह तभी संभव होगा जब रामलीला जैसे मंचों को सहेजने का काम किया जाएगा। इस प्राचीन संस्कृति और सभ्यता को सहेजने का काम गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज बखूबी कर रहे है। उन्ही के प्रयासों से ही धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र में पहली बार अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव-2023 का आयोजन किया जा रहा है।
राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय मंगलवार को देर सायं गीता ज्ञान संस्थानम केंद्र में अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव-2023 के तीसरे दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ करने के उपरांत बोल रहे थे। इससे पहले राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, ब्रह्मस्वरुप ब्रह्मचारी महाराज, डा. वेद प्रकाश टंडन, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने दीपशिखा प्रज्वलित करके विधिवत रूप से अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव-2023 के



तीसरे दिन का शुभारंभ किया। इस तीसरे दिन दिल्ली व एनसीआर स्कूलों के कलाकारों तथा अन्य क्षेत्रों से आए कलाकारों ने रामलीला में अपने-अपने पात्र का बखूबी अभिनय किया। इन कलाकारों की प्रस्तुति की राज्यपाल के साथ-साथ सभी मेहमानों ने जमकर प्रशंसा की और पंडाल में बैठे दर्शकों को अपने मोहपाश में बांधकर रखा। राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने कहा कि हमारे समाज में बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन की गाथा का रामलीला उत्सव के रूप में हर वर्ष मंचन करके उन्हें याद करना बेहद धार्मिक एवं प्रेरणादायक महत्वपूर्ण कार्य है। इस धार्मिक एवं प्रेरणादायक मंचन के द्वारा आज के युवा पीढ़ी को मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के संघर्ष, समर्पण, त्याग व तपस्या से परिपूर्ण, जीवन शैली, आदर्शों, सिद्धांतों, नैतिक मूल्यों, मानव कल्याण के लिए किए गए कार्यों के बारे में प्रेरित तथा देश की महान संस्कृति और सभ्यता से अवगत कराना है। हमें अपने अंदर स्थित बुराइयों रूपी रावण को मारने के लिए मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन के सेवा धर्म, सदाचार, करुणा, प्रेम, सहानुभूति जैसे सद्गुणों को अपनाना बहुत जरूरी है। इस धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन के लिए मैं गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज एवं

**रामलीला महोत्सव**

**8 प्राचीन संस्कृति और सभ्यता को सहेजने का काम गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज बखूबी कर रहे है**

रामलीला उत्सव कमेटी के पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति सदा से ही वीरता व शौर्य की परिचायक रही है। प्रत्येक व्यक्ति और समाज के दिलो-दिमाग एवं रुधिर में वीरता का भाव प्रबल हो। इस उद्देश्य से ही हमारे समाज में हर वर्ष रामलीला का मंचन किया जाता है। यह उत्सव हमें याद दिलाता है कि बुराई कितनी भी बड़ी और शक्तिशाली क्यों न हो, अंत में जीत सच्चाई की ही होती है। हमारे महान धार्मिक ग्रन्थ रामायण में इसी बात को साकार किया गया है। तुलसीदास ने रामचरितमानस के माध्यम से मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र को प्रस्तुत किया था। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक मूल्यों को स्थापित किया, क्योंकि सामाजिक मूल्य व्यक्ति के हित और स्वार्थ से ऊपर होते हैं। श्रीराम ने भी सामाजिक मूल्यों की रक्षा के लिए उन्हें अपने जीवन में धारण किया। शबरी की भक्ति को पूरा करने के लिए उनके झूठे बेर खाकर भगवान श्रीराम सामाजिक समरसता के प्रतीक बने। श्रीराम ने अपने शासन काल में संपूर्ण प्रजा के सुख, शांति, समृद्धि, समानता, कल्याण की भावना से राम राज्य की स्थापना की।
उन्होंने कहा कि भक्ति आन्दोलन का आरम्भ दक्षिण भारत में आलवारों एवं नायनारों से हुआ, जो कालांतर में (800 ई से 1700 ई के बीच) उत्तर भारत सहित सम्पूर्ण दक्षिण एशिया में फैल गया था। भक्ति आंदोलन का उद्देश्य हिन्दू धर्म एवं समाज में सुधार तथा इस्लाम एवं हिन्दू धर्म में समन्वय एवं आपसी सद्भाव स्थापित करना था। हमारे धार्मिक ग्रंथ रामायण से हमें एक अच्छा भाई, अच्छा पुत्र, अच्छा पति, अच्छा शासक व अच्छा मित्र बनने की प्रेरणा मिलती है। यदि हम इस पावन ग्रन्थ से प्रेरणा लेकर स्वार्थ को त्याग दें तथा दया, प्रेम व सहयोग की भावना से जीवन जीएं तो यह धरती स्वर्ग का स्वरूप ले सकती है। इसी संदर्भ में हम सबके लिए गर्व की बात है कि हमारी आस्था, श्रद्धा, विश्वास का प्रतीक राम मंदिर के निर्माण की देखरेख श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा की जा रही है।

# मानवता की मिसाल बने एआईसीसी मानवाधिकार के विधानसभा अध्यक्ष अशोक सोनी



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**आजकल** लोग अपना जन्मदिन मनाने के लिए महंगे-महंगे होटलों में जाते हैं, केक काटते हैं , पार्टी आर्दि बहुत सारा पैस खर्चा करते हैं, वहीं एआईसीसी मानवाधिकार के विधानसभा अध्यक्ष अशोक सोनी ने अपना जन्मदिन स्लम एरिया में स्थित कस्तूबा गांधी स्कूल के बच्चों के साथ बनाया। इस अवसर पर अशोक सोनी ने बच्चों से कहा कि आप अच्छे से पढ़ लिख कर भविष्य में कुछ बने यही मेरे लिए मेरे जन्मदिन की शुभकमाएँ बनेंगी। उन्होंने अपने जन्म दिन पर स्कूल में पौधारोपण

**बच्चों संग जन्मदिन**

**8 पौधारोपण भी किया और नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ कुछ समय बिताया तथा उनके साथ जलपान का भी आनंद लिया**

भी किया और नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ कुछ समय बिताया तथा उनके साथ जलपान का भी आनंद लिया। उनके बड़े भाई राकेश सोनी ने कहा कि काश हम सभी ऐसी सोच रखें तो हिंदुस्तान में कोई अमीरी गरीबी का फर्क न रहे।

# मंडलायुक्त रेणू एस फूलिया ने अनाज मंडियों का किया निरीक्षण

**धान खरीद**

**8 वे आगे भी बेहतर समन्वय के साथ कार्य करते हुए धान खरीद कार्य व उठान कार्य को सुचारू रूप से करवाएं**



**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला/ मुलाना (मनीष कुमार)** मंडलायुक्त रेणू एस फूलिया ने जिले में चल रहे धान खरीद कार्यों के दृष्टिगत मुलाना अनाज मंडी व बराड़ा अनाज मंडी का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाएं जांची। इस मौके पर एसडीएम बराड़ा बिजेन्द्र सिंह व खाद्य आपूर्ति नियंत्रक अपार तिवारी मौजूद रहे।
मंडलायुक्त रेणू एस फूलिया ने निरीक्षण करते हुए सबसे पहले मुलाना अनाज मंडी का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होने मंडी में कितनी धान की आवक व लिफ्टिंग हो चुकी है, उसके बारे में जानकारी हासिल की। सम्बन्धित अधिकारी ने मंडलायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि 16 अक्तूबर यानि कल तक मुलाना अनाज मंडी में 38049 मीट्रिक टन धान की परचेज सम्बन्धित एंजेसियों द्वारा की जा चुकी है तथा 76 प्रतिशत लिफ्टिंग का कार्य भी हो चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि इस सीजन में कुल मिलाकर मुलाना अनाज मंडी में 50 हजार मीट्रिक टन धान की आने की संभावना है।
निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने कल हुई वर्षा के चलते यहां पर धान का कोई नुकसान तो नही हुआ है उस बारे भी जाना। इस मौके पर आए एक राईज मिलर ने धान का आंबटन समान रूप से किए जाने बारे मांग रखी।
इसके उपरांत मंडलायुक्त ने बराड़ा अनाज मंडी में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने आढ़तियों व राईस मिलर से आए व्यक्तियों से बातचीत करते हुए धान खरीद कार्य में किसी प्रकार की कोई समस्या तो नहीं है उस बारे भी जानकारी ली। सम्बन्धित ने बताया कि बराड़ा अनाज मंडी में धान खरीद कार्य व उठान शुरू से सुचारू रूप से चल रहा है और मंडी में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस मौके पर खाद्य आपूर्ति नियंत्रक अपार तिवारी ने मंडलायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि बीते कल तक बराड़ा अनाज मंडी में 47633 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है तथा 85 प्रतिशत धान का उठान भी हो चुका है। उन्होंने यहां पर भी सीजन के तहत कितनी धान की आवक आने की संभावना है उस बारे सम्बन्धित अधिकारी से जानकारी हासिल की। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों व एंजैसी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आगे भी बेहतर समन्वय के साथ कार्य करते हुए धान खरीद कार्य व उठान कार्य को सुचारू रूप से करवाएं।
इस मौके पर एसडीएम बराड़ा बिजेन्द्र सिंह, डीएफएससी अपार तिवारी, मुलाना अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान रणजीत सिंह, राईस मिलस एसोएिशन के प्रधान प्रवीन कपूर, बराड़ा अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान कवंरजीत सिंह, राईस मिलस एसोसिएशन के प्रधान रविन्द्र गर्ग, दिलबाग सिंह, प्रिंस, मंडी सचिव राहुल, नायब तहसीलदार अंशुल अरोड़ा व अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# 'जिम्मेदार राजस्व विभाग की तस्वीर करें प्रस्तुत'

**सोनीपत:** उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने राजस्व अधिकारियों को प्रोत्साहित किया कि वे जिम्मेदार राजस्व विभाग की तस्वीर प्रस्तुत करें। आम जनमानस के कार्यों का निपटारा तुरंत करें। यदि कोई कार्य नहीं हो सकता तो उसके ठोस व उचित कारण बताते हुए इंकार किया जाए, किंतु लोगों को बार-बार अपने कार्य के लिए कार्यालय न आना पड़े। ऐसी व्यवस्था स्थापित की जाए। बुधवार को दोपहर बाद लघु सचिवालय में राजस्व अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त डा. मनोज कुमार कर रहे थे। उपायुक्त ने विस्तार से एजेंडा वाइज बैठक लेते हुए निर्देश दिए कि सेवानिवृत्त कानूनगो की सेवाएं न ली जाए।

# 'युवाओं को नशे की तरफ न जाकर खेलों में लेना चाहिए भाग'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
पिपली के गांव उमरी में बुधवार को यूथ क्लब द्वारा पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसका शुभारंभ नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा रिबन काटकर किया गया। मुख्यातिथि नेता संदीप गर्ग ने कहा कि आज कल की युवा पीढ़ी नशे की ओर भाग रही है, जो कि सेहत व शरीर के लिए सही नहीं है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की तरफ नहीं जाना चाहिए। बल्कि नशे की बजाय अपना ध्यान खेलों में लगाना चाहिए और आज कल गांवो व शहरों में जो प्रतियोगिताएं आयोजित होती है उनमें भाग



लेना चाहिए ताकि सेहत व शरीर भी सही रह सकें। उन्होंने कहा कि दिन में कुछ समय अपने शरीर को भी देना चाहिए, ग्राऊंड में जाकर खेल खेलने चाहिए। वहीं यूथ क्लब के प्रधान शंकर ने बताया कि पिछले दो वर्षो से गांव उमरी में क्रिकेट प्रतियोगिता करवाते आ रहे है। अब की बार यह तीसरी क्रिकेट प्रतियोगिता है। जो कि पांच दिन चलेगी। प्रतियोगिता में हरियाणा व चंडीगढ़ से 32 टीमें भाग ले रही है और खिलाड़ी अपना प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं

**प्रतियोगिता**

**8 आज कल की युवा पीढ़ी नशे की ओर भाग रही है, जो कि सेहत व शरीर के लिए सही नहीं है: संदीप गर्ग**

नेता संदीप गर्ग द्वारा प्रधान शंकर को स्मृति चिन्ह व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शिवम, हिसम, युवराज, सुरेन्द्र, राहुल, मिलन सिह, गांव बजीदपुर सरपंच विक्रम, अंशुल, रोहित, चिराग, अंकुश, विजय, अंकित आदि मौजूद थे।

# 'रक्तदान करना महापुण्य का कार्य'

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूआईईटी संस्थान में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर शुचिस्मिता ने बतौर मुख्य अतिथि किया। इस अवसर पर प्रो शुचिस्मिता ने कहा कि रक्तदान करना महापुण्य का काम होता है क्योंकि रक्त किसी भी इंसान की जिंदगी से बचाता है ! रक्त मिलने पर परेशान इंसान के साथ उसके अभिभावक भी बड़े संकट से दूर होकर अपने आपको सुरक्षित महसूस करते हैं और रक्तदाता को दिल से दुआ देकर उसकी हमेशा की भलाई की कामना करते हैं। इसलिए विद्यार्थियों को ऐसे भलाई के कार्यों के लिए हमेशा आगे आना चाहिए। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय समय समय पर रक्तदान आयोजन कर समाज समाज हित में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है। इस अवसर पर रक्तदान शिविर की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के डीन इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी तथा यूआईईटी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सुनील ढींगरा ने बताया कि रक्तदान करने से इंसान के शरीर में किसी प्रकार की हानि नहीं होती बल्कि रक्तदान करने से रक्त संचरण बढ़िया तरीके से होता है! शिविर के संयोजक डॉ. राजेश ने सभी रक्तदानियों का बैज लगाकर स्वागत किया। पहली बार यूआईईटी संस्थान में अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों ने भी रक्तदान किया इस अवसर पर यमन से बीटेक कर रहे विद्यार्थी अबदुर रहमान ने पहली बार रक्त दिया और कहा की सभी को अपने जीवन में रक्त दान करना चाहिए।

# 'सृष्टि निर्माता भगवान विश्वकर्मा के भव्य मंदिर का लेंटर डाला'



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
सृष्टि निर्माता भगवान विश्वकर्मा के भव्य मंदिर का लेंटर विधिवत हवन के पश्चात सिमरन विहार में पूर्वांचल संघ के अर्जुन यादव, सन्तोष शाह व अन्य सदस्यों के सहयोग से डाला गया। मंदिर के लिए भूमि ओंकार सिंह ने दी थी और मंदिर का शिलान्यास मई 2021 मे किया गया था। इस अवसर पर ओंकार सिंह ने कहाकि सभी के सहयोग से भव्य मंदिर का निर्माण होगा। यह उनका सौभाग्य है कि वाहेगुरू जी ने उनसे यह शुभकार्य करवाया। इंसान किसी को कुछ नही दे सकता, ईश्वर ही सबका दाता है, ईश्वर की दी हुई सौगात में से कुछ उसी को अर्पण कर देना बहुत ही शोभाग्यपूर्ण होता है और उन्हें यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है इसके लिए वे ईश्वर का धन्यवाद करते हैं। उन्होंने कहाकि आगे भी जो सम्भव कार्य होगा वो जरूर करेंगे। सन्तोष शाह व अर्जुन यादव ने कहाकि बहुत वर्षो से उनके दिल की तमन्ना थी कि भगवान विश्वकर्मा के भव्य स्थान का निर्माण हो, आज उनका यह सपना पूरा होते दिख रहा है। सन्तोष गुप्ता ने कहाकि

**शिलान्यास**

**8 मंदिर के लिए भूमि ओंकार सिंह ने दी थी और मंदिर का शिलान्यास मई 2021 मे किया गया था**

पूर्वांचल संघ का प्रत्येक सदस्य मंदिर निर्माण में अपनी सामर्थ्य अनुसार सहयोग करेगा। सभा मे सदस्यों का उत्साह देखते ही बनता था। इस अवसर पर सन्तोष शाह, अर्जुन यादव,बिंदेश्वरी यादव, शीतल यादव, विद्यानन्द, प्रभु यादव, विजय यादव, सतीश कुमार, रामचन्द्र, बिलास यादव, सन्तोष यादव, कनहैया लाल, छेदी यादव, पुलकित यादव, सुरिंदर कुमार, रामचन्द्र यादव, मनोज, सदानन्द, अरविंद, झमेली, पप्पू यादव, दया शंकर, वीरेन यादव, सतीश यादव, आनंद यादव, संदीप साहू, विजेंदर यादव, मिथिलेश पासवान, महेश यादव, नरेश यादव व अन्य शामिल थे।

# स्कूल कॉम्प्लेक्स बनेगा प्रभावी गवर्नेंस का सशक्त माध्यम: कौशिक

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा है कि- नई शिक्षा नीति 2020 के तहत क्लस्टर स्तर को स्कूल कॉम्प्लेक्स के रूप में नई पहचान मिलेगी तथा स्कूल कॉम्प्लेक्स प्रभावी गवर्नेंस का सशक्त माध्यम बनेगा। डीईओ बुधवार को राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल के केशव सभागार में पंचकूला व सिरसा जिलों के क्लस्टर अधिकारियों की दो दिवसीय कार्यशाला के उदघाटन कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।
कौशिक ने कहा कि आज अनेक छोटे स्कूलों में संसाधन, स्टाफ व

**सशक्त माध्यम**

**8 स्कूल कॉम्प्लेक्स के रूप में नई पहचान मिलेगी तथा स्कूल कॉम्प्लेक्स प्रभावी गवर्नेंस का सशक्त माध्यम बनेगा**

सुविधाओं सम्बंधित कुछ चुनौतियां हैं। स्कूल कॉम्प्लेक्स स्थापित करके इन चुनौतियों को दूर किया जा सकता है। स्कूल कॉम्प्लेक्स के तहत सुझाव यह एक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व उसके पड़ोस के पांच से 6 किलोमीटर के दायरे में स्थित सभी स्कूलों को



एक स्कूल कॉम्प्लेक्स के रूप में गठित किया जाए। इस अवसर पर समग्र शिक्षा की जिला परियोजना समन्वयक सन्तोष शर्मा, डिप्टी डीईओ ज्योत्सना मिश्रा, बीईओ थानेसर इंदु कौशिक, पूर्व डीईओ प्रेम पुनिया, बीईओ धर्मपाल, निदेशालय से एफएलएन प्रभारी रितेश कुमार सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे। मंच संचालन सतबीर कौशिक ने किया। उन्होंने कहा कि यह सुझाव सर्वप्रथम शिक्षा आयोग (1964-66) ने दिया था लेकिन इसका पूरी तरह क्रियान्वयन नहीं किया गया। यहाँ हम इस विचार को अपनाकर स्कूल कॉम्प्लेक्स के रूप में उसके विस्तार देने की बात कर रहे हैं। इससे बहुत प्रशासनिक, संस्थागत, गवर्नेंस और प्रबंधन सम्बन्धी जिम्मेदारियों को स्कूल कॉम्प्लेक्स को सौंपने की योजना है। जिससे शिक्षक, विद्यालय मुखिया और अन्य सहयोगी स्टाफ के जीवंत समूहों का विकास होगा तथा स्थानीय स्तर के सभी बच्चों की आरंभिक बाल्यावस्था शिक्षा से लेकर कक्षा 12 तक की शिक्षा को एक सूत्र में बांधा जा सकेगा।
डीईओ विनोद कौशिक ने कहा कि स्कूल कॉम्प्लेक्स के गठन से पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला और उपकरण, कम्प्यूटर लैब, खेल सुविधाएँ आदि संसाधनों का साझा उपयोग हो सकेगा और साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता, सलाहकार, संगीत, कला, भाषा और शारीरिक शिक्षा के विशेषज्ञ शिक्षकों जैसे मानवीय संसाधनों का भी स्कूल कॉम्प्लेक्स के सभी स्कूलों का लाभान्वित होना। इस नई व्यवस्था से उपकरण, लैब, बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ शिक्षक, विद्यार्थियों और सहायक स्टाफ का एक ऐसा निर्णायक समूह तैयार होगा जिससे सभी स्कूलों और स्कूल व्यवस्था का प्रभावी नेतृत्व गवर्नेंस और प्रबंधन सुनिश्चित हो सकेगी।

# 'किरायेदारों के वेरिफिकेशन में कोताही न बरतें, अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक'

**जिला** में शांति व कानूनी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए किरायेदारों व नौकरों की पुलिस वेरिफिकेशन करवाना अत्यंत जरूरी है। जिले में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने सभी किरायेदारों व नौकरों की पुलिस वेरिफिकेशन करवाने के दिशा निर्देश दिए है। जिला पुलिस द्वारा किरायेदारों की वेरिफिकेशन के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक श्री भोरिया ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि असामाजिक गतिविधियो पर नियंत्रण पाने हेतु घरों में बाहर से



आये हुए किरायदारों की पुलिस वेरिफिकिशन करवाकर पुलिस का सहयोग करें। कुछ अपराधिक किस्म के व्यक्ति जो बाहर से आकर किराये पर रहकर अपराध को अंजाम देकर भाग जाते है, उनका रिकार्ड ना तो मकान मालिक के पास होता ना पुलिस के पास होता है।
सुरक्षा के दृष्टिगत वेरिफिकेशन को गम्भीरता से लेते हुए बाहर से आए हुए किरायेदारों की सत्यापन रिपोर्ट करवाकर संबंधित पुलिस थाना में रिकार्ड जमा करवाने में पुलिस का सहयोग करें। अवहेलना करने वाले मकान मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।पुलिस अधीक्षक श्री भोरिया ने कहा कि पुलिस द्वारा किरायदारों की वेरिफिकेशन हेतु समय-समय पर आमजन को जागरुक जाता है।

# मुगल माजरा के स्कूल में बाल रामलीला का हुआ मंचन

## बाल रामलीला में राजकीय प्राथमिक पाठशाला मुगल माजरा कठवा और झंरौली खुर्द के बच्चों ने भाग लिया

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/शाहबाद (दलबीर मलिक)**
शिक्षा विभाग के निर्देशन अनुसार राजकीय प्राथमिक पाठशाला मुगल माजरा के प्रांगण में बहुत बड़े स्तर पर बाल रामलीला का मंचन किया गया। मुगल माजरा के सरपंच हेमा रानी व उनके पति लाडी शर्मा ने बाल रामलीला की विधिवत रूप से शुरूआत की। विद्यालय प्रभारी जसवीर सिंह ने सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत किया । बाल रामलीला में सूर्पनखा की नाक काटना ,खर दूषण वध, रावण मारीच संवाद, सीता हरण, राम और जटायु संवाद को बड़े ही मनमोहक रूप से दिखाया गया। इस बाल रामलीला में राजकीय प्राथमिक पाठशाला मुगल माजरा कठवा और झंरौली खुर्द के बच्चों ने भाग लिया। राम के रूप में मुगल माजरा की मन्नत ,कठवा की वंदना ने



लक्ष्मण, मुगल माजरा से दिया ने सीता का रोल बखूबी निभाया। कठुआ से अभिजोत ने रावण के रोल में चार चांद लगाए। झरौली खुर्द की लड़कियों का नृत्य देखने योग्य था। इस बाल रामलीला को देखने के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला कठवा ,राजकीय प्राथमिक पाठशाला झरौली खुर्द राजकीय प्राथमिक पाठशाला मुगल माजरा, ज्ञान ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल तंगोर के लगभग 350 बच्चे उपस्थित थे। इस

**मंचन**

**8 बाल रामलीला में सूर्पनखा की नाक काटना ,खर दूषण वध, रावण मारीच संवाद, सीता हरण, राम और जटायु संवाद को बड़े ही मनमोहक रूप से दिखाया**

अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी डॉ एस एस आहूजा जी ने सभी कलाकारों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा इससे बच्चे हमारी संस्कृति से जुड़ेंगे। बच्चे भगवान राम के बारे में जान पाएंगे और अच्छे रास्ते पर चलेंगे। इस मौके पर डॉआहूजा ने क्लस्टर कलसाना से आए सभी अध्यापकों को पटके पहनकर सम्मानित भी किया।

# कश्मीरी प्रवासी परिवारों के लिए बढ़ाई गई राहत राशि

## पहले यह राशि 10 हजार रुपये प्रतिमाह थी जिसे अब बढ़ाकर 27 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली** में रह रहे कश्मीरी प्रवासियों को बड़ी राहत देते हुए एलजी वीके सक्सेना ने उन्हें दी जाने वाली तदर्थ मासिक राहत (एएमआर) में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। पहले यह राशि 10 हजार रुपये प्रतिमाह थी, जिसे अब बढ़ाकर 27 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाएगा।

**16 साल बाद बढ़ाई गई राशि:** एएमआर में यह बढ़ोतरी 16 वर्ष के लंबे अंतराल के बाद की गई है जो कि करीब 170 प्रतिशत (2.7 गुना) है। 2007 में इस एएमआर को 5,000 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये किया गया था। वर्ष 1995 में दिल्ली सरकार ने एएमआर के तहत दी जाने वाली इस राशि को 5,000 रुपये प्रतिमाह तय किया था।





एएमआर के लिए पात्र परिवार के सदस्यों से संबंधित डेटा की आधार सीडिंग अनिवार्य होगी। साथ ही प्रवासियों को राहत का भुगतान सिर्फ आधार पेमेंट ब्रिज सिस्टम/पीएफएमएस के जरिये होगा, जो मौजूदा मानदंडों के अनुसार होगा। दो हजार परिवार को मिलता एएमआर का भुगतान आतंकवाद के दौरान कश्मीर घाटी से विस्थापित हुए लोगों की राहत और पुनर्वास के लिए वर्ष 1989-90 में केंद्र सरकार द्वारा सुरक्षा संबंधी व्यय (राहत और पुनर्वास) योजना शुरू की गई थी। इसी के तहत जम्मू-कश्मीर प्रवासियों को एएमआर प्रदान किया जाता है। दिल्ली में 1990-93 के दौरान दिल्ली सरकार द्वारा पंजीकृत प्रवासी परिवारों को यह राशि प्रदान की जाती है। वर्तमान में राष्ट्रीय राजधानी में लगभग दो हजार परिवारों को 3250 रुपये प्रति व्यक्ति प्रति माह की दर से एएमआर का भुगतान किया जा रहा है, बशर्ते कि प्रति परिवार में अधिकतम चार लोग हों। इसमें से एक हजार रुपये दिल्ली सरकार योगदान देती है और 2250 रुपये केंद्र सरकार का हिस्सा है, जिसकी प्रतिपूर्ति गृह मंत्रालय द्वारा की जाती है। एएमआर पर होने वाला मासिक व्यय लगभग 2.50 करोड़ रुपये है। परिवार के सदस्यों की संख्या में वृद्धि के कारण प्रति इकाई संख्या में वृद्धि को शामिल करने के बाद लाभार्थियों की संख्या 70 प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद है।
दिल्ली में रह रहे कश्मीरी प्रवासी परिवारों को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बड़ी राहत दी है। एलजी सक्सेना ने प्रवासी परिवारों को दी जाने वाली मासिक राहत (एएमआर) में वृद्धि की मंजूरी दे दी है।

पहले यह राशि 10 हजार रुपये प्रतिमाह थी जिसे अब बढ़ाकर 27 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाएगा। बता दें कि एएमआर पर होने वाला मासिक व्यय लगभग 2.50 करोड़ रुपये है।

**लाभ**

**8 वर्ष 1995 में दिल्ली सरकार ने एएमआर के तहत दी जाने वाली इस राशि को 5,000 रुपये प्रतिमाह तय किया था**

# दिल्ली में अब औद्योगिक प्रदूषण पर वार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** में सर्दी के मौसम में होने वाले वायु प्रदूषण में औद्योगिक प्रदूषण की भी भागीदारी होती है। इससे निपटने के लिए दिल्ली सरकार सख्त हो गई है। औद्योगिक प्रदूषण की रोकथाम के लिए एक महीने तक अभियान चलाया जाएगा, जोकि 20 अक्तूबर से 20 नवंबर तक चलेगा। इसमें औद्योगिक इकाइयों के निरीक्षण के लिए डीपीसीसी और डीएसआईआईडीसी की 66 टीमों की तैनाती की गई हैं। इस संबंध में बुधवार को दिल्ली सचिवालय में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि औद्योगिक अपशिष्ट की डंपिंग की निगरानी के लिए पेट्रोलिंग टीम तैनात की गई है। इस बैठक में डीपीसीसी, पर्यावरण विभाग, डीएसआईआईडीसी समेत अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**66 टीम प्रदूषण को रोकने के लिए करेंगी त्वरित कार्रवाई:** राय ने बताया कि सर्दी के मौसम में होने वाले प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए 29 सितंबर को 15 फोकस प्वाइंट पर आधारित विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की गई थी। दिल्ली में वायु प्रदूषण में और सुधार लाने के लिए विंटर एक्शन प्लान के तहत औद्योगिक प्रदूषण पर निगरानी और उसके अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य शुरू हो गया है। यह सभी 66 टीमें औद्योगिक इकाइयों पर निगरानी रखने और उनके द्वारा प्रदूषण को रोकने के लिए त्वरित कदम उठाने का कार्य करेंगी। जिसकी रिपोर्ट समय-समय पर पर्यावरण विभाग को भेजी जाएंगी। डीपीसीसी की इस टीम को औद्योगिक इकाइयों द्वारा पर्यावरण नियमों के उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई करने का आदेश जारी किया गया है।

**1753 पंजीकृत औद्योगिक इकाइयों को पीएनजी में किया गया परिवर्तित:** गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली की 1753 पंजीकृत औद्योगिक इकाइयों को पीएनजी में परिवर्तित कर दिया गया है। ऐसे में कोई भी औद्योगिक इकाई पर्यावरण के नियमों का उल्लंघन करती पाई जाती है।

**सख्ती**

**8 एक महीने तक चलेगा अभियान, निरीक्षण के लिए 66 टीमें की गई हैं तैनात**

# पत्रकार सौम्या हत्याकांड: सभी आरोपी दोषी करार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पत्रकार** सौम्या विश्वनाथन की हत्याकांड मामले में अदालत ने बुधवार को बड़ा फैसला सुनाया है। साकेत कोर्ट ने सभी आरोपियों को दोषी करार दिया है। मकोका के तहत सजा सुनाई जाएगी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रवींद्र कुमार पांडे ने बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीलें पूरी होने के बाद 13 अक्टूबर को मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। साकेत स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रवींद्र कुमार पांडे ने अपने फैसले में कहा कि पेश साक्ष्यों व गवाहों के बयानों पर यह साबित हुआ है कि आरोपी रवि कपूर, अमित शुक्ला, अजय कुमार और बलजीत मलिक ने विश्नाथन से लूटपाट करने के इरादे से हत्या की थी। उन्हें धारा 302 और 34 के तहत दोषी ठहराया गया है। उन्हें मकोका के तहत भी दोषी ठहराया गया है। अदालत ने पांचवें आरोपी अजय सेठी को आपत्तिजनक वाहन को अपने पास रखने के लिए भारतीय दंड संहिता की धारा 411 के तहत दोषी ठहराया है। अदालत ने फैसला सुनाया कि उसने संगठन को मदद भी की और संगठित अपराध से अर्जित संपत्ति पर भी कब्जा किया और उसे भी मकोका के तहत दोषी ठहराया गया है। सितंबर 2008 में दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में पत्रकार की हत्या कर दी गई थी। वसंत कुंज के नेल्सन मंडेला मार्ग पर उनकी कार में गोली मारकर हत्या कर दी गई। विश्वनाथन एक निजी चैनल के साथ काम करते थे। 28 सितंबर, 2008 को काम से घर लौटते समय उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

**दलीलें पूरी**

**8 साकेत कोर्ट ने सभी आरोपियों को दोषी करार दिया है। मकोका के तहत सजा सुनाई जाएगी**



दिल्ली नगर निगम ने बुधवार को अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाया। एमसीडी ने अपने सभी 12 जोन में 301 स्थानों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। साथ ही 77 साइट को सील किया है। एमसीडी की यह अभियान अवैध निमार्णों पर आगे भी जारी रहेगा।

## बवाना फैक्टरी में लगी आग, पाया काबू

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
बाहरी उत्तरी जिले के बवाना के सेक्टर- 5 में प्लास्टिक के दाने बनाने की एक फैक्टरी में बुधवार सुबह अचानक आग लग गई। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस व दमकल विभाग की 26 गाड़ियां पहुंचीं और आग बुझाने का काम किया। फिलहाल कूलिंग का काम जारी है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 10.36 बजे सूचना मिली कि बवाना स्थित एक फैक्टरी में आग लग गई है। सूचना मिलते ही एक-एक कर दमकल की 26 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

## नारायणा की केमिकल फैक्टरी में रिसाव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राजधानी दिल्ली के नारायणा इलाके में एक बार फिर केमिकल रिसाव की वजह से लोग परेशान हो गए हैं। नारायणा गांव में केमिकल फैक्टरी में हाइड्रो कार्बन रिसाव हो गया। जिससे गैस की बदबू चारों तरफ फैल गई। इसी वजह से स्थानीय लोग घरों से बाहर निकल आए। वहीं दूसरी तरफ दो दिन पहले भी यहां से पुलिस को दुर्गंध से परेशान लोगों की शिकायत मिली थी। सी-ब्लॉक, नारायणा इलाके में दुर्गंध को लेकर पुलिस को फोन पर जानकारी मिली थी। पीसीआर कॉल के आधार पर संबंधित एजेंसियों ने मामले पर प्रतिक्रिया दी।

# प्रधानमंत्री तीन नवंबर को भारत मंडपम में करेंगे वर्ल्ड फूड इंडिया-2023 का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वर्ल्ड** फूड इंडिया-2023 का दूसरा संस्करण 03 से 05 नवंबर तक नई दिल्ली में होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 03 नवंबर को केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस की उपस्थिति में प्रगति मैदान के भारत मंडपम में कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 05 नवंबर को कार्यक्रम में समापन भाषण देंगी। वर्ल्ड फूड इंडिया के इस संस्करण में नीदरलैंड साझेदार देश होगा, जबकि जापान और वियतनाम फोकस देश हैं। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जल शक्ति राज्यमंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्री पटेल ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि भारत में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि वर्ल्ड फूड इंडिया-2023 में दुनिया का सबसे लंबा मिलेट डोसा बनाने के लिए 60 से 80 शेफ मिलकर काम करेंगे। 100 फीट से अधिक लंबा डोसा बनाकर वे गिनीज रिकॉर्ड बनाने का प्रयास करेंगे। सेलिब्रिटी शेफ रणवीर बरार द्वारा संचालित अनुभवात्मक फूड स्ट्रीट, भोजन के प्रति उत्साही और उद्योग के पेशेवरों के लिए मुख्य आकर्षण होंगे। अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष-2023 का जश्न मनाने के लिए मोटे अनाज पेय पदार्थों के 50 हजार टेट्रा-पैक कंटेनरों की एक विशाल आकृति बनाई जाएगी और वंचित बच्चों को वितरित की जाएगी। तीन दिनों में आने वाले 75 हजार आगंतुकों को नृत्य और संगीत प्रदर्शन सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आनंद मिलेगा। केंद्रीय राज्यमंत्री पटेल ने बताया कि वर्ल्ड फूड इंडिया वैश्विक हितधारकों के सामने इस क्षेत्र की क्षमता पेश करने का एक प्रयास है। भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, खासकर खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश के कई अवसर हैं। मंत्री ने बताया कि कार्यक्रम सरकार के विभिन्न विभागों के आपसी सहयोग का एक अनूठा उदाहरण है। 11 केंद्रीय मंत्रालय व विभाग और उनसे जुड़े स्वायत्त निकाय इसमें भाग ले रहे हैं। अब तक 23 राज्य व केंद्रशासित प्रदेशों और 16 देशों के प्रदर्शकों ने इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सहमति दे दी है।

**साझेदार देश**

**8 राष्ट्रपति 05 को कार्यक्रम में समापन भाषण देंगी। इस संस्करण में नीदरलैंड साझेदार देश होगा**




# भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन के खिलाफ समन पर रोक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने कथित रेप मामले में एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की ओर से भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन के खिलाफ जारी समन पर रोक लगा दी है। सेशंस कोर्ट ने इस मामले के शिकायतकर्ता महिला को नोटिस जारी कर 8 नवंबर तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। शाहनवाज हुसैन ने अपने खिलाफ जारी समन को सेशंस कोर्ट में चुनौती दी है। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन वैभव मेहता ने 11 अक्टूबर को समन जारी करते हुए शाहनवाज हुसैन को 20 अक्टूबर को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया था। वैभव मेहता ने इस मामले में दिल्ली पुलिस के कैंसिलेशन रिपोर्ट को खारिज करते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 376, 328 और 506 के तहत आरोपों पर संज्ञान लेते हुए समन जारी करने का आदेश दिया था। इस मामले की शिकायतकर्ता महिला ने दिल्ली पुलिस के कैंसिलेशन रिपोर्ट का विरोध करते हुए अर्जी दाखिल की थी। एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने शिकायतकर्ता की विरोध अर्जी को स्वीकार करते हुए नोटिस जारी किया था। शाहनवाज हुसैन पर आरोप है कि अप्रैल, 2018 में वे शिकायतकर्ता महिला को एक फार्म हाउस में ले गए। फार्म हाउस में महिला को नशीली चीज देकर उसके साथ रेप करने का आरोप है। महिला के मुताबिक शाहनवाज हुसैन ने घटना का वीडियो बनाया और किसी को बताने पर बुरे अंजाम की धमकी दी। महिला ने कहा कि इस मामले में दिल्ली हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एफआईआर दर्ज की गयी।



**निर्देश जारी**

**8 इस मामले के शिकायतकर्ता महिला को नोटिस जारी कर 8 नवंबर तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है**

## बोलेरो ने मारी स्कूटी को टक्कर, दो की गई जान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में एक हादसा हो गया है। जहां एक बोलेरो गाड़ी ने एक स्कूटी को टक्कर मार दी। घटना के बाद गाड़ी चालक फरार हो गया है। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब 6.39 बजे एक पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस को बताया गया कि मंगोलपुरी फ्लाईओवर के नीचे सीएनजी पंप रिंग रोड के पास एक दुर्घटना हो गई है। जिसमें दो लोग घायल हो गए हैं। पुलिस मौके पर पहुंची तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। पूछताछ से पता चला कि एक बोलेरो नंबर एचआर 55-एएम8661 ने एक स्कूटी नंबर डीएल 11एच3961 को टक्कर मार दी।

# न्यूजक्लिक संस्थापक व एचआर हेड की गिरफ्तारी को चुनौती वाली याचिका पर सुनवाई 19 को

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट ने न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर हेड अमित चक्रवर्ती की ओर से अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई बुधवार को टाल दी है। सुनवाई करने वाले एक जज जस्टिस पीके मिश्रा ने कहा कि उन्होंने केस की फाइल पढ़ी नहीं है। इस मामले पर अगली सुनवाई 19 अक्टूबर को होगी। दिल्ली हाई कोर्ट ने 13 अक्टूबर को प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी। हाई कोर्ट ने कहा था कि याचिका निराधार है। प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को दिल्ली पुलिस ने 3 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। दोनों को न्यूयॉर्क टाइम्स में छपी खबर के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। न्यूयॉर्क टाइम्स में खबर छपी थी कि चीनी प्रोपेगेंडा बढ़ाने के लिए न्यूज क्लिक को पैसे मिले हैं। खबर के मुताबिक अमेरिकी मिलियनेर नेविली रॉय सिंघम ने चीनी प्रोपेगेंडा को बढ़ावा देने के लिए न्यूजक्लिक को धन दिए। इस मामले में 3 अक्टूबर को कई पत्रकारों, यूट्यूबर्स और कार्टूनिस्ट के यहां छापा डाला गया था।



**टली सुनवाई**

**8 सुनवाई करने वाले एक जज जस्टिस पीके मिश्रा ने कहा कि उन्होंने केस की फाइल पढ़ी नहीं है**

# पेट्रोल पंप दिलवाने के नाम पर 40 लाख की ठगी, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूर्वी दिल्ली के** प्रीत विहार इलाके में बुजुर्ग महिला और उनके परिवार को पेट्रोल पंप दिलवाने के नाम पर उनसे 40 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता रामनी मल्होत्रा (65) अपने परिवार के साथ सुशांत लोक, गुरुग्राम में रहती है और वह गृहणी हैं। इनका परिवार पिछले करीब दस सालों से इंदिरापुरम, नीतिखंड में रहने वाले सचिन चंद्रा को जानता है। सचिन का इनके घर आना-जाना था। सचिन इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) में काम करता था। आरोप है कि सचिन ने अपने संबंधों के आधार पर पीड़ित परिवार को दिल्ली-एनसीआर में पेट्रोल पंप दिलवाने का झांसा दिया था। परिवार आरोपित के झांसे में आ गया और उसके परिवार से कई बार में 40 लाख रुपये ले लिए। समय बीतने के बाद भी आरोपी पेट्रोल पंप का लाइसेंस नहीं दिलवा पाया। काम न होने पर रामनी मल्होत्रा के परिवार ने दबाव बनाया तो आरोपित उन्हें धमकाने लगा और वह पूरे परिवार को झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने लगा। पीड़ित ने ठगी की शिकायत पुलिस से की।

# संपत्ति खरीदने का अवसर: डीडीए ने की प्राइम प्लॉट, सीएनजी साइट्स के लिए नीलामी की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** राजधानी में संपत्तियों की खरीद के लिए बेहतर अवसर देते हुए दिल्ली विकास प्राधिकरण ने प्राइम प्लाटों, सीएनजी साइटों, निर्मित दुकानों, कियोस्क एवं मोबाइल टावर साइटों के लिए मेगा ई-नीलामी के 18वें फेज की घोषणा कर दी है। ई-नीलामी के इस फेज के लिए पंजीकरण छह नवंबर से खुलेगा। डीडीए ने 50 सांस्थानिक प्लॉटों के लिए बोली आमंत्रित की है। इसमें रोहिणी में 20 धार्मिक साइट (लीजहोल्ड आधार पर) और फ्रीहोल्ड आधार पर 12 औद्योगिक प्लॉट, 46 आवासीय प्लॉट, दो समूह आवास प्लॉट, 28 व्यावसायिक प्लॉट और 19 छोटे आकार के आवासीय प्लॉट भी शामिल हैं।

**इन संपत्तियों के लिए भी लगेगी बोली:** इनके अलावा, वार्षिक लाइसेंस फीस पर दो सीएनजी/ग्रीन फ्यूल साइट और चार गैस गोदाम, मासिक लाइसेंस फीस पर 145 फ्रीहोल्ड निर्मित दुकानें, 13 फ्रीहोल्ड जनक प्लेस शॉप, 15 कियोस्क, 16 मोबाइल टावर साइट और 105 फंक्शन साइट के लिए भी बोली आमंत्रित की गई है। इस तरह से नीलामी प्रक्रिया में ले सकते हैं भाग डीडीए ने इस नीलामी के लिए विज्ञापन में क्यूआर कोड भी प्रदान किया है, जिसे इंटरनेट मीडिया पर भी चलाया जा रहा है। इस क्यूआर कोड को स्कैन कर सारी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इच्छुक बोलीदाता स्वयं को रजिस्टर अवश्य करवाकर उसके बाद नीलामी प्रक्रिया में और के माध्यम से केवल ऑनलाइन भाग लें। ई-नीलामी में भाग लेने के लिए डिजिटल हस्ताक्षर अनिवार्य है। डीडीए ने संभावित बोलीदाताओं की शंकाओं का समाधान करने और उनके डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करने, उनके पंजीकरण/प्रशिक्षण में सहायता प्रदान करने हेतु विकास सदन, आफएनए के नागरिक सुविधा केंद्र में एक हेल्प डेस्क भी शुरू किया है। इस हेल्प डेस्क पर सोमवार से शुक्रवार सुबह 11 से शाम 5:00 बजे तक संपर्क किया जा सकता है। इन संपत्तियों की ऑनलाइन बोली तीन दिनों के लिए तय की गई है। जनता की सुविधा के लिए इन्हें इस प्रकार समूहीकृत किया गया है कार्यक्रम स्थलों, कियोस्क, मोबाइल टावर स्थलों, सीएनजी/ग्रीन फ्यूल स्थल, संस्थागत प्लॉटों के लिए बोली सात नवंबर को होगी। औद्योगिक, आवासीय और छोटे आकार के आवासीय प्लाटों की बोली दिनांक आठ नवंबर को होगी। कमर्शियल और ग्रुप हाउसिंग प्लाटों, जनक प्लेस शाप और बिल्ट-अप शाप की बोली नौ नवंबर को होगी। ई-नीलामी पूरी होने के तुरंत बाद मांग सह-आवंटन पत्र जारी करने की प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से शुरू और पूरी की जाएगी।




**ई-नीलामी**

**8 ई-नीलामी के इस फेज के लिए पंजीकरण छह नवंबर से खुलेगा। डीडीए ने 50 सांस्थानिक प्लॉटों के लिए बोली आमंत्रित की है**

## संपादकीय

# भारत तीसरी अर्थव्यवस्था शीघ्र बनने को प्रतिबिंबित

**वैश्विक** स्तरपर जब कोविड महामारी से उभरते हुए पूरी दुनियां की खस्ताअर्थव्यवस्था मंदी की के साए में घिरी हुई थी, तब भारत अपनी कौशलता, बौद्धिक क्षमता व नेतृत्व के बल पर वैक्सीन बनाकर पूरी दुनियां के करीब 150 देश को कोरोना वैक्सीन आपूर्ति कर रहा था और अर्थनीति के बल पर ब्रिटिशकी अर्थव्यवस्था को पच्छाड़कर पांचवी अर्थव्यवस्था बनकर खड़ा हो गया था और लगातार यह क्रम जारी रहा अपने सभी कार्य क्षेत्रों के इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक बनाने की और चल पड़ा था और इसका नतीजा यह हुआ कि भारत तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के क्रम में प्रतिबिंब होने की कगार पर खड़ा है जिसमें, अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ समुद्री इंडस्ट्री की भी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना जरूरी है। क्योंकि इसके मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर बनाकर लॉजिस्टिक लगता को कम किया गया है, जिससे आयात निर्यात डिस्ट्रीब्यूशन में अधिक सहायता मिली है इसी के साथ-साथ सागरमाला कालासागर लाल सागर सहित तटीय परियोजनाओं से समुद्री उद्योग को विशालता प्रदान करने में सहायता मिली। समुद्र आधारित उद्योग सागरों और महासागरों से प्राप्त उत्पादों का उपयोग कच्चे माल के रूप में करते हैं। इस प्रकार आप ऐसे समझे की जिस उद्योग के लिए समुद्र या सागर से कच्चा माल आता है, उसे समुद्र आधारित उद्योग कहते हैं, इसके मुख्य उदाहरणों की बात करें तो इनमे - समुद्री खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और मत्स्य तेल निर्माण इसके मुख्य उदाहरण हैं। चूंकि वैश्विक तीसरा समुद्री शिखर सम्मेलन भारत मुंबई में 17 -19 अक्टूबर 2023 से शुरू है जिसका उद्घाटन 17 अक्टूबर 2023 को हमारे माननीय पीएम द्वारा किया गया है, इसलिए आजहम मीडिया पीआईबीमें उपलब्धजानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगेवैश्विक समुद्री शिखर सम्मेलन में व्यापक अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व से भारत दुनियां की तीसरी अर्थव्यवस्था शीघ्र बनने को प्रतिबंधित करता है।

साथियों बात अगर हम वैश्विक समुद्री शिखर सम्मेलन 17 - 19 अक्टूबर 2023 को समझने की करें तो, यह शिखर सम्मेलन देश का सबसे बड़ा समुद्री कार्यक्रम है और इसमें यूरोप, अफ्रीका,दक्षिण अमेरिका और एशिया (मध्य एशिया, मध्य पूर्व और बिम्सटेक क्षेत्र सहित) के देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले दुनियां भर से मंत्री भाग लिए है। शिखर सम्मेलन में दुनियां भर से सीईओ, व्यापारिकहस्तियां निवेशक, अधिकारी और अन्य हितधारक भी भाग लिए हैं। इसके अलावा, शिखर सम्मेलन में कई भारतीय राज्यों का प्रतिनिधित्व भी मंत्रियों और अन्य गणमान्य हस्तियों द्वारा किया गया है।इस तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन में समुद्री क्षेत्र के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा और विचार-विमर्श किया जा रहा है, जिसमें भविष्य के बंदरगाहों,; डीकाबोर्नाइजेशन; तटीय शिपिंग और अंतदेर्शीय जल परिवहन; जहाज निर्माण; मरम्मत और पुनर्चक्रण; वित्त, बीमा और मध्यस्थता; समुद्री समूह; नवाचार एवं प्रौद्योगिकी; समुद्री सुरक्षा और संरक्षा; और समुद्री पर्यटन शामिल हैं। यह शिखर सम्मेलन देश के समुद्री क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है।

# नवरात्रि पर मिशन शक्ति के माध्यम से नारी सशक्तिकरण

**मृत्युंजय दीक्षित**

> "योगी सरकार की ओर से प्रदेश की बेटियों महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षित यात्रा के लिए परिवहन विभाग की सिटी बसों में सीसीटीवी कैमरे के संग पैनिक बटन भी लगाये जा रहे हैं। मिशन शक्ति अभियान का श्रीगणेश करते समय मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मिशन शक्ति के कारण अपराधियों पर लगाम लगाने व उनको सजा दिलाने में सफलता मिली है। महिला आरक्षी दल को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2020 में नारी सम्मान, सुरक्षा व स्वावलंबन को लेकर मिशन शक्ति अभियान की शुरूआत की गई थी। इसके तहत प्रदेश पुलिस में 20 प्रतिशत महिला कर्मियों की भर्ती को सुनिश्चित किया गया था। 1947 से लेकर 2017 तक यूपी पुलिस में महिला कार्मिक दस हजार के आसपास थीं जो अब बढ़कर 40 हजार हो गई हैं"

नारी सुरक्षा तथा नारी सम्मान को बढ़ावा देने एवं स्त्रियों को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में नवरात्रि के पावन अवसर पर विगत तीन वर्षों से मिशन शक्ति का आयोजन किया जाता रहा है। इस नवरात्रि पर योगी सरकार ने मिशन शक्ति अभियान के चतुर्थ चरण का श्रीगणेश किया। प्रत्येक सनातनी की भांति प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी नवरात्रि में नौ दिनों का व्रत रखते हैं और गोरखनाथ पीठ में परम्परानुसार कन्या पूजन करते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न केवल कन्या पूजन करते हैं वरन प्रदेश की बेटियों का जीवन सुरक्षित, समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए भी वह संकल्पवान हैं। योगी जी की इच्छा है कि मां दुर्गा के नौ रूपों के अनुरूप ही प्रदेश की बेटियां का जीवन भी हो और उन्हें पर्याप्त आदर व सम्मान मिले। योगी सरकार के मिशन शक्ति अभियान और उनके द्वारा की जा रही कन्या पूजन के कारण प्रदेश का विपक्ष भी दबाव का अनुभव कर रहा है और इसी दबाव को कम करने के लिए कांग्रेस पार्टी ने भी नरम हिंदुत्व का नकली चोला ओढ़कर कन्या पूजन करवाने का फैसला लिया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा महिलाओं व बेटियां के लिए चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की सफलता से प्रेरित होकर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने पिछले चुनावों में ह्लमैं लड़की हूं लड़ सकती हूंह्व का नारा भी दिया था किंतु कथनी और करनी के विरोधाभासों के चलते यह नारा बुरी तरह विफल रहा।संसद व विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम -2023 के पारित हो जाने के बाद अब भाजपा ने हर विधानसभा क्षेत्र में बड़ा सम्मेलन करने की योजना बनाई है वही मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बेटियों के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का प्रसार करने का अभियान भी चलाया जा रहा है। योगी सरकार आने के बाद प्रदेश में महिलाओं व बेटियों की सुरक्षा के लिए विविध योजनायें प्रारम्भ की गई हैं और उनका सुचारु संचालन भी किया जा रहा है। सरकार की विभिन्न योजनाओं का परिणाम है कि आज प्रदेश में महिलाओं की आय पहले से अधिक हो गई है। विगत वित्त वर्ष में जुलाई से सितंबर के मध्य ग्रामीण महिलाओं की आय 8,936 रुपए थी जा अप्रैल से जून 23 के बीच 20 हजार से अधिक हो गई है। केंद्र सरकार के पीरियाडिक लेबर फोर्स सर्वे में उत्तर प्रदेश में महिलाओं



की आय में लगातर वृद्धि हो रही है। ग्रामीण महिला श्रम बल भागीदारी दर के अनुसार वर्ष 2018- 19 में यह दर लगभग 20 प्रतिशत थी जो बढ़कर 2022 -23 में यह दर 56 फीसदी तक पहुंच गई है। मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण में सरकार ग्रामीण और शहरी महिलाओं को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आजीविका गतिविधियों से जोड़ने पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। मिशन के चतुर्थ चरण को महिला स्वास्थ के प्रति समर्पित किया गया है। इसमें महिलाओं को उनके स्वास्थ्य से सम्बंधित योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। 30 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को मधुमेह, उच्च रक्तचाप, स्तन व सर्वाइकल कैंसर का निःशुल्क परामर्श दिया जा रहा है। प्रदेश की कुपोषित बालिकाओं के लिए विशिष्ट पोषण पुनर्वास केंद्र बनाने का भी फैसला लिया गया हे। योगी जी प्रदेश की बेटियों की सुरक्षा को लेकर बहुत ही सचेत तथा कठोर हैं । वे कई अवसरों पर वह स्पष्ट संदेश दे चुके हैं कि प्रदेश की सीमा के अंदर अगर कोई भी व्यक्ति हमारी बहिन बेटियो की सुरक्षा में किसी भी प्रकार से सेंध लगाने का प्रयास करेगा तो ऐसे तत्वों को अगले चौराहे पर यमराज प्रतीक्षा करता मिलेगा। योगी जी की चेतावनी का असर भी दिखाई पड़ा है। सरजू एक्सप्रेस में महिला पुलिसकर्मी से अभद्रता व छेड़छाड़ करने वाले बदमाशों का एनकाउंटर किया गया। बेटियों की सुरक्षा के लिए योगी सरकार ने पहली बार ही अपनी पहली ही बैठक में एंटी रोमियो स्कवायड का गठन किया था जिसकी तत्परता से अब तक सैकड़ों शोहदों को दबोचा जा चुका है। एंटी रोमियो स्क्वायड शोहदों पर कहर बनकर टूटा है। लव जिहाद की शिकार बेटियां को बचाने के लिए भी पुलिस अब तत्परता से कार्यवाही कर रही है। योगी सरकार की ओर से प्रदेश की बेटियों महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षित यात्रा के लिए परिवहन विभाग की सिटी बसों में सीसीटीवी कैमरे के संग पैनिक बटन भी लगाये जा रहे हैं। मिशन शक्ति अभियान का श्रीगणेश करते समय मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मिशन शक्ति के कारण अपराधियों पर लगाम लगाने व उनको सजा दिलाने में सफलता मिली है। महिला आरक्षी दल को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2020 में नारी सम्मान, सुरक्षा व स्वावलंबन को लेकर मिशन शक्ति अभियान की शुरूआत की गई थी। इसके तहत प्रदेश पुलिस में 20 प्रतिशत महिला कर्मियों की भर्ती को सुनिश्चित किया गया था। 1947 से लेकर 2017 तक यूपी पुलिस में महिला कार्मिक दस हजार के आसपास थीं जो अब बढ़कर 40 हजार हो गई हैं।योगी ने कहा कि अब महिला बीट गांव- गांव जाकर महिलाओं को जागरूक करने का भी काम करेंगी। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत प्रदेश भर में महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरुक करने का अभियान चलाया जा रहा है।बाल अधिकार सप्ताह, शक्ति संवाद, स्वावलंबन कैंप और मिशन कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।प्रदेश में निराश्रित व विधवा महिलाओं को दी जा रही पेंशन का भी व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।प्रदेश में गरीब परिवारों की बेटियां का विवाह करवाया जा रहा है। वहीं प्रदेश की बेटियों को स्नातक तक की पढ़ाई के लिए 15 हजार रुपये की धनराशि सरकार की ओर से दी जा रही है। बेटियां की सुरक्षा के लिए जगह -जगह पिंक बूथ बनाये गये हैं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगलम योजना के लिए करोड़ों रुपये की व्यवस्था की जाती है। महिलाओं व बेटियों को ध्यान में रखते हुए रष्ट्रीय पोषण अभियान कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। स्कूल -कालेजों में बेटियों को स्वतः सुरक्षा के गुर भी सिखाये जा रहे हैं जैसे जूडो- कराटे आदि। कालेजों में बेटियां को सुरक्षित रहने के लिए उनके कानूनी अधिकारों के बारे में भी बताया जा रहा है। केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल से जल योजना का लाभ गरीब महिलाओं का मिल रहा है जिन्हें काफी दूर से जल लाना पड़ता था। आज प्रदेश में तीन तलाक पीड़ित मुस्लिम महिलाओं को भी उनके भरण पोषण के लिए पेंशन दी जा रही है। योगी जी के नेतृत्व में नए भारत का नया उत्तर प्रदेश सफलता की नई कहानी कह रहा है। प्रदेश की महिलाओं को अब सरकार की हर योजना का लाभ शत प्रतिशत पारदर्शी रूप से मिल रहा है। केंद्र की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत यूपी में 1.90 करोड़ बेटियों को जागरुक किया गया। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत 8.99 करोड़ महिलाओं को जागरुक किया जा चुका है। प्रदेश में 1,89,014 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं और अब इन सभी केंद्रों में कुपोषण मिटाने के लिए निःशुल्क पका भोजन भी प्राप्त होने जा रहा है।प्रदेश में महिला कल्याण के लिए अब तक 10 लाख स्वयं सहायता समूह बनाये गये हैं और उनमें एक करोड़ महिलाओं को जोड़ा गया है। पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत दो लाख से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो चुकी हैं। योगी सरकार आने के बाद प्रदेश में सरकारी नौकरियों में अब तक डेढ़ लाख से अधिक महिलाओं को नौकरी प्राप्त हो चुकी है। आज प्रदेश की बेटियां जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की नई कहानियां गढ़ रही हैं।अभी एशियाई खेलों में भी प्रदेश की बेटी पारुल चौधरी ने स्वर्ण पदक जीतकर कीर्तिमान रचा। वहीं भारत के चंद्रयान की सफलता में लखनऊ की डा रितु ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । हमारे ग्रंथों में कहा गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता अर्थात जहां नारियों का सम्मान होता है वहां देवताओं का निवास होता है और आज यही कार्य प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर रहे हैं। उप्र सरकार ने मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना के साथ मिशन शक्ति के रूप में सामाजिक संदेश का जो माध्यम चुना है उसका सकारात्मक प्रभाव दिख रहा है। आज प्रदेश की सभी महिलाएं व बेटियां अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रही हैं।

## कविता

लफ़्ज़ों से खेलने का सलीका सिखा गया
फन बन के वो वजूद में मेरे समा गया

ये उस के दिल से निकली दुआओं का फैज है
दुनिया- ए- शायरी पे जो मैं आज छा गया

करता हूँ मैं उस आला से फनकार को सलाम
जो मुझ से संग रेजे को हीरा बना गया

शायद कि आँधियों की जमानत थी उस के पास
वो इक दिया हवाओं की जद पर जला गया

जब गर्दिशों की होने लगीं मुझ पे बारिशें
वो साएबान बन के मेरे सर पे छा गया

ये कौन मेरे ध्यान की सीढ़ी पे धर के पाँव
चुपके से सहने- कल्ब में ऐ दोस्त आ गया

इक शख़्स मेरी आँखों के आँगन में आन के
बैठा ही था कि उठ के अचानक चला गया

क्या अजनबी था जो फकत इक रात काट के
मेरी सराए- दिल का मुकद्दर जगा गया

**जकी तारिक**

# शिवराज की पांचवी शपथ में कितने विघ्न?

**नरेंद्र तिवारी**

**मध्यप्रदेश में** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को लेकर अनेकों तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। इन चचाओं को भाजपा आलाकमान की कार्यप्रणाली से अधिक बल मिलता दिखाई दे रहा है। एमपी की राजनीति में सबसे बड़ा सवाल यह बना हुआ कि चार बार मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के पद की शपथ ग्रहण कर चुके प्रदेश के मामा याने की शिवराज सिंह चौहान पांचवी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण कर पाएंगे या नहीं ? शिवराज की पांचवी शपथ में कितने विघ्न और कितनी बाधाएं है। शिवराज की राह में रोड़ा बनी इन विघ्न बाधाओं पर नजर दौड़ाई तो तो पाया कि एमपी में 17 नवम्बर को विधानसभा की 230 सीटों पर मतदान होना है। दिसम्बर की 3 तारिख को परिणाम घोषित होगा। विधानसभा चुनाव को अब जबकि एक माह से भी कम समय शेष है। प्रदेश की सत्ता पर काबिज भाजपा के आलाकमान की नीति मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पीछे धकेलती दिखाई दे रही है। वह शिवराज जिन्होंने एमपी में सबसे अधिक समय मुख्यमंत्री रहने का रिकार्ड बनाया है। वह शिवराज जो एमपी से करीब 5 बार विदिशा से लोकसभा सदस्य रह चुके। वह शिवराज जो भाजपा के सांगठनिक पदों का भी लम्बा अनुभव रखते है। एमपी में मामा के नाम से विख्यात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जनता के परिचित और चुनाव जिताऊ चेहरे माने जाते रहे है। प्रदेश की राजनीति के अमृत समझे जाने वाले शिवराज क्या अब भाजपा के लिए अमृत नहीं रहे ? भाजपा आलाकमान की अब तक कि नीति तो यहीं दशार्ती प्रतीत हो रही है। जिसके अनुसार मुख्यमंत्री शिवराजसिंह को कमतर औ? किनारे करने की तस्वीर बनती दिखाई दे रही है। इसका उदाहरण 21 अगस्त को भोपाल के दौरे पर भाजपा के वरिष्ठ नेता गृह मंत्री अमित शाह से जब पत्रकारों ने पूछा था कि आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की और से मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा ? उन्होंने इसके जवाब में कहा शिवराज अभी मुख्यमंत्री हैं ही, चुनाव के बाद मुख्यमंत्री कौन होगा, ये पार्टी का काम है और पार्टी ही तय करेगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह के बयान के सीधे मायने यह निकाले जा रहे है कि एमपी में शिवराज के चेहरे पर भाजपा 2023 का विधानसभा चुनाव नही लड़ने जा रही है। इसी क्रम में 25 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यकर्ता महाकुंभ में शामिल हुए। भोपाल के जम्बूरी मैदान में 40 मिनिट दिए अपने भाषण में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम एक बार भी नही लिया। इसे लेकर प्रदेश के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने आरोप लगाया की प्रधानमंत्री ने शिवराज के नाम और काम दोनों से कन्नी काट ली है। इन सब चचाओं के बीच मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का चौथी सूची में विधानसभा उम्मीदवार के रूप में नाम घोषित होना भी इस बात का संकेत माना गया कि भाजपा आलाकमान यह मान चुका है कि शिवराज अब भाजपा के लिए अमृत नहीं रहे।

## विचार

# भारत की अर्थव्यवस्था पर चोट, प्रभावी अंकुश जरूरी

**संजीव**

**विगत** दो दशकों में प्रतिभा पलायन भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है शिक्षा के क्षेत्र में बड़े शिक्षा संस्थानों में भारी-भरकम खर्च के बाद शिक्षित युवक विदेशों में अपनी सेवाएं प्रदान करने को सदैव तत्पर रहते हैं इसका बड़ा कारण विदेशी मुद्रा की कमाई और विदेशी चकाचौंध के तरफ आकर्षण ही होता है' इससे भारत के आर्थिक तंत्र पर बड़ा भार प्रत्यारोपित होता है' इतना खर्च कर के पढ़ाई करने के बाद भारतीय युवा मस्तिष्क भारत के विकास में योगदान न दें तो देश के लिए विडंबना की भांति है' भारत के इतिहास पर नजर डालें, तो नालंदा,तक्षशिला, शांति निकेतन,और पाटलिपुत्र जैसे बड़े शिक्षा के केंद्र रहे हैं। सदैव अलग-अलग देशों से शिष्य शिक्षा प्राप्त करने भारत आते रहे हैं। अब ऐसा क्या हो गया है कि भारत से तकनीकी, चिकित्सकीय और संचार माध्यमों, मैनेजमेंट की पढ़ाई के लिए भारत से लगभग दो से ढाई लाख छात्र विदेश में पढ़ने के लिए जाने लगे हैं। वही भारत सरकार का सदैव प्रयास रहा है की विदेशी छात्र हिंदुस्तान में पढ़ाई के लिए देश में आए और और हिंदुस्तानी डिग्री लेकर अपने देश में लौटे। इस तरह भारत सरकार द्वारा भारत को एक बड़ा शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहता है। और किसके लिए एक अभियान फेलोशिप कार्यक्रम चलाया गया है।

इसके अलावा सरकार द्वारा एक प्रोजेक्ट डेस्टिनेशन इंडिया भी शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत विदेशी छात्रों की प्रवेश की प्रक्रिया को अत्यंत सरल सुगम बनाना है जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्र भारत में पढ़ कर डिग्री हासिल करें अभी वर्तमान में भारत में आसियान देशों के निवासी छात्रों की संख्या लगभग सवा दो लाख के करीब है मानव संसाधन विभाग द्वारा इसे आगामी वर्षों में चार गुना करना चाहती है। आसियान देशों के छात्र भारत में पढ़ने से थोड़ा हिचकिचाते भी हैं,जिसके अनेक कारणों में से अपराधिक गतिविधियां, प्रदूषण, गर्मी, प्रवेश की लंबी लंबी प्रक्रिया, और भारतीय डिग्री की मान्यता नहीं होना भी शामिल है भारत में बारह से चौदह ऐसे शिक्षा संस्थान हैं, जो विश्व के 200 मान्यता प्राप्त संस्थानों में शामिल हैं। भारत में शिक्षा प्राप्त करना कम खर्च में संभव है, पर भारत के छात्र अमेरिका,ऑस्ट्रेलिया, कनाडा,सिंगापुर में पढ़ना चाहते हैं जहां पढ़ने का खर्च डॉलर में यहां से चार गुना पड़ता है। जबकि भारत में आए छात्रों का पढ़ाई तथा खाने-पीने रहने का खर्च लगभग एक चौथाई होता है, फिर भी भारत के अभिभावक अपने बच्चों को विदेश भेजने में वरीयता देते हैं।भारत द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है कि भारत के विश्वविद्यालयों की शिक्षा की गुणवत्ता विदेशी स्तर पर हो,पर इसमें काफी समय लगने की गुंजाइश भी है।यह भी संभव होगा कि विदेशी विश्वविद्यालयों की शाखाएं भारत में खोल दी जाए, और भारत के छात्र भारत में ही रह कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। असल चिंता की बात यह है कि विदेश में जाने वाले छात्र वहां पढ़कर वही के संस्थानों में अपनी नौकरी खोज कर वहीं रहने लगते है। दूसरा यह है कि यहां की तकनीकी टॉप संस्थानों के होनहार युवक विदेशों में मोटी मोटी तनख्वाह में नौकरी देख कर विदेश चले जाते हैं, इस तरह भारत सरकार का उन पर किए जाने वाला खर्च का फायदा भारतीय संस्थानों को ना होकर विदेशी संस्थाएं उठा ले जाती है इस तरह प्रतिभा पलायन भारत के लिए और भारतीय शिक्षा पद्धति तथा भारतीय विश्वविद्यालयों के लिए नुकसानदेह भी है। भारत ने आसियान देशों के एक हजार छात्रों के लिए फैलोशिप कि 2018 में योजना बनाकर राशि आवंटित की थी। हर साल 200 से 300 छात्रों को बड़े तकनीकी संस्थानों में डॉक्टरेट की उपाधि देने की योजना बनाई थी। पर बीते वर्ष केवल आसियान देशों के 45 छात्रों ने पंजीयन करवाया था,इस तरह विकासशील देशों के छात्र भी भारत में पढ़ाई के लिए आकर्षित नहीं हो रहे हैं। मानव संसाधन विभाग को उच्च शिक्षा उपयोगी और व्यवसायिक शिक्षा के रूप में दी जानी चाहिए, जिस की उपयोगिता रोजमर्रा के कामों में हो सके और शिक्षा के माध्यम से युवकों को शत-शत रोजगार प्राप्त हो सके। तभी प्रतिभा पलायन में अंकुश लग हमारी शिक्षा पद्धति की उपयोगिता बढ़ेगी।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# मुंबई - गोवा महामार्ग पर जानलेवा गड्ढों का साम्राज्य

**निर्मल रानी**

**जब कभी** स्थानीय मार्गों,महामार्गों या राज मार्गों पर गड्ढों की या उनके क्षतिग्रस्त होने की बात होती थी तो पहला नाम बिहार राज्य की सड़कों का आता था। परन्तु पिछले एक दशक से बिहार ने खराब व गड्ढेदार सड़कों का कलंक अपने माथे से लगभग मिटा दिया है। हालाँकि बिहार में भी मुख्य मार्गों से अलग हटकर शहरी या देहाती क्षेत्रों में अभी भी तमाम गड्ढेदार सड़कें मिल जाएँगी। परन्तु निश्चित रूप से बिहार, सड़क बिजली व पानी जैसी जिन मूलभूत सुविधाओं के अभाव का कलंक दशकों से ढोता आ रहा था उससे अब यह राज्य उबर चुका है। बात जब भी खराब सड़कों की होती है तो इसकी जिम्मेदारी सबसे पहले भ्रष्ट व्यवस्था को दी जाती है। और यह आरोप पूर्णतयः सच भी है कि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी अधिकांश योजनायें व इसके अंतर्गत होने वाले कोई भी निर्माण समय पूर्व ही क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। यहाँ तक कि कई निर्माण तो पूरा होने के पहले ही क्षतिग्रस्त होने लग जाते हैं। सड़क, गलियां, नाले,नालियां,बांध, सरकारी इमारतों के निर्माण कार्य,पार्क,भूमिगत मार्ग,तालाब आदि सब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने वाली योजनाओं की श्रेणी में आते हैं। यहाँ तक कि रेलवे में भी निर्माण कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार देखा जा सकता है। अब हद तो यह है कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करने वाला देश का सबसे बड़ा पर्यटन स्थल गोवा भी पिछले कई महीनों से भ्रष्टाचार से डूबे महामार्ग का कलंक झेल रहा है। पिछले दिनों मुझे मुख्य महामार्ग से मुंबई से गोवा जाने का अवसर मिला। विश्वास कीजिये कि अपने लगभग चार दशकों के बिहार आवागमन के दौरान भी कभी ऐसी कष्टदायक सड़क बिहार में भी नहीं देखी जो पिछले दिनों मुंबई से गोवा जाते समय में देखनी पड़ी।

प्रातः लगभग 9 बजे मुंबई के पनवेल से शुरू हुआ कार का सफर रात 12.30 पर गोवा पहुँच कर समाप्त हुआ। रास्ते में सड़कों के गड्ढों के कारण जो असुविधा व कष्ट उठाना पड़ा वह अलग। पिछले दिनों मुंबई से गोवा महामार्ग के गड्ढे भरे जाने की मांग को लेकर मुंबई हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गयी थी।

# 'दिखावा' तेजी से फैलता एक सामाजिक रोग

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**किसी** भी चीज का दिखावा करने की आपको कोई जरूरत नहीं है क्योंकि इससे क्षणिक फायदा मिलता है। हमें कुछ भी काम करना है वह दूर दृष्टि को ध्यान में रखते हुए करना है। अपनी क्षमताओं को बढ़ाइए और यह सब पॉसिबल होगा जब आप अच्छी बातों को अपने जीवन में धार लेंगे। यह आप जीवन के किसी भी पड़ाव पर कर सकते हैं तो फिर दिखावे की क्या जरूरत है? इंसान को केवल अपना मानसिक संतुलन बराबर रखते हुए आत्मविश्वास की चरम प्रकाष्ठा पर पहुंचना होगा। इसमें पहुंचने का सबसे आसान तरीका है कि वह अपने को सादा जीवन और उच्च विचार वाली कहावत पर चरितार्थ करें। हमें जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए बहुत कुछ अपने अंदर बदलाव करने होंगे वह सब आसानी से कर सकते हैं सिर्फ सोच को सकारात्मक बना ले। आज का युग आधुनिक युग है, जहां हर क्षेत्र में विकास देखने को मिलता है। पूरी दुनिया पर आधुनिकता का भूत सवार हो चुका है। आधुनिकता का सीधा संबध विकास से दिखाई देता है। उद्योग से लेकर प्रयोग तक यह संसार बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। पीछे मुड़कर देखना नहीं चाहते हैं हम इस विकास की दौड़ में हम मानवता को भूल चुके हैं। हम एक बार भी पीछे मुड़कर देखना भी नहीं चाहते हैं, जो एक बड़ी भूल साबित हो सकती है। कहते हैं कि इतिहास अपने आप को दोहराता है, जो हमें समय-समय पर देखने को भी मिलता है।

इतना होने के बावजूद हम कुछ सीखने के मूड में नहीं हैं। आज के दौर में आनलाइन प्लेटफार्म पर निजी जीवन का अनावश्यक दिखावा इस कदर बढ़ गया है कि हम जो खाएं, पीएं, घूमने जाएं, उसे आनलाइन प्लेटफार्म पर डालना जैसे हमारी ड्यूटी में शामिल हो गया है। नई चीज खरीदते हैं तो उसे फेसबुक पर अपलोड करना नहीं भूलते। परिवार के साथ छुट्टियां बिताने के दौरान खींची निजी तस्वीरों को भी लोग साझा करने से नहीं चूकते। जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ेगी, आपके आचार, विचार और व्यवहार में गंभीरता आएगी।

## न्यूज फ्लैश

### 19वें एशियन खेलों में पदक विजेताओं का होगा स्वागत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**हाल ही में** चीन में आयोजित 19वें एशियन खेलों में देश के खिलाडियों ने 107 पदक जीते है, जिनमें से 33 पदक हरियाणा प्रदेश के खिलडियों ने जीते हैं, जो कि हरियाणा प्रदेश के लिए बडे ही गर्व की बात है। इसी उपलक्ष्य में करनाल के कर्ण स्टेडियम में 20 अक्तूबर को प्रदेश सरकार द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मान समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाने एवं सफल आयोजन के लिए खेल विभाग के निदेशक यशेन्द्र सिंह और डीसी अनीश यादव ने बुधवार को जिला प्रशासन के सभी संबंधित अधिकारियों के साथ कर्ण स्टेडियम मे जाकर तैयारियों का जायजा लिय। इस दौरान उन्होंने मौके पर ही सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

खेल विभाग के निदेशक यशेन्द्र सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रदेश के वे सभी खिलाडी जो एशियन खेलों में पदक जीतकर लाए है या उनके द्वारा उत्कृष्ट प्रर्दशन किया गया है, उन सभी खिलाडियों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह के लिए खिलाडियों के साथ-साथ खेल जगत से जुड़ी सभी जानी-मानी हस्तियों को भी निमंत्रण दिया गया है।

उन्होंने बताया कि समारोह के सफल आयोजन के लिए समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां पुरी कर ली जाएगी।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(कमाल हुसैन)
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# न्यू शिवाजी कॉलोनी व वाल्मिकी बस्ती की गलियों का होगा निर्माण

## महापौर रेनू बाला गुप्ता ने वरिष्ठ नागरिक के हाथों करवाया शुभारंभ, कनिष्ठद अभियंता को कार्यों पर निगरानी बनाए रखने के दिए निर्देश



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**महापौर रेनू बाला** गुप्ता ने बुधवार को शहर के वार्ड नम्बर 16 की न्यू शिवाजी कॉलोनी में अनुमानित 47 लाख रुपये के दो विकास कार्यों का शुभारम्भ वहीं के एक वरिष्ठद नागरिक के हाथों करवाया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद रजनी परोचा, नगर निगम की कार्यकारी अभियंता प्रियंका सैनी तथा कनिष्ठ अभियंता राज कुमार मौजूद रहे। महापौर ने विकास कार्यों की जानकारी देते बताया कि न्यू शिवाजी कॉलोनी में एस.पी.एस. कॉन्वेंट स्कूल के नजदीक मुख्य गली व उसके साथ लगती गलियों का निर्माण करवाया जाएगा। गली का निर्माण इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक (आई.पी.बी.) टाईलों से किया जाएगा और इस कार्य पर अनुमानित 28 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। आगामी 3 माह में गलियों का निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि इसी वार्ड की वाल्मिकी बस्ती में मूनक रोड से बस्ती के सामुदायिक केन्द्र को जाने वाली गली को रिलेयिंग करके दुरूस्त किया जाएगा और जहां नई आई.पी.बी. टाईलों की जरूरत होगी, वहां नई लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस गली में सीवर लाईन डलने के पश्चात यह उबड़-खाबड़ हो गई थी, जिसके कारण यहां के निवासियों को आने-जाने में समस्या उत्पन्न हो रही थी। अब इसे अच्छे से दुरूस्त कर सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि उनकी समस्या का हल किया जा सके। मेयर ने बताया कि इस कार्य को पूर्ण करने में भी 3 माह का समय लिया गया है, परंतु इसे जल्द से जल्द करवाने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि इस कार्य पर 19 लाख रुपये खर्च आने का अनुमान है।

मेयर ने मौके पर मौजूद निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि गलियों का निर्माण गुणवत्तापूर्वक करवाया जाए, किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने जेई को निर्देश दिए कि वह कार्य पर अपनी निगरानी बनाकर रखें और इसे समय पर पूरा करवाएं, ताकि वार्ड वासियों को इसका लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि आई.पी.बी. टाईलें लगाने से पहले मजबूत गटका बिछाया जाए, ताकि गलियां लंबे समय तक ठीक अवस्था में बनी रही और नागरिकों का आवागमन सुगम बना रहे।

महापौर ने शुभारंभ अवसर के पश्चात नागरिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में करनाल ही नहीं, बल्कि प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान हरियाणा सरकार के कार्यकाल में पूरे प्रदेश का एक समान विकास किया जा रहा है। नागरिकों की सुविधाओं को देखते हुए प्रदेश में अनेक बड़े-बड़े प्रोजेक्ट निर्माणाधीन हैं। रोड नेटवर्क को मजबूत किया जा रहा है। अमृत परियोजना के तहत सीवरेज और स्टोरम वाटर नेटवर्क को भविष्य की जनसंख्या के आधार पर मजबूत करने का काम किया जा रहा है। इसके साथ-साथ नागरिकों को स्वच्छ पेयजल मुहैया करवाने के लिए पुरानी पाईप लाईनो को बदलने या मरम्मत योग्य लाईनो को दुरूस्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को उनकी मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जा रही है।

इस अवसर पर वार्ड पार्षद रजनी परोचा ने विकास कार्य शुरू करने पर महापौर का धन्यवाद ज्ञापित किया। वार्ड वासियों की ओर से भी महापौर का स्वागत किया गया। इस मौके पर वार्ड के गणमान्य व्यक्ति एवं महिलाएं उपस्थित रही।

## जिला कारागार में हुआ स्पेशल लोक अदालत का आयोजन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**जिला** कारागार में मुख्य दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर के द्वारा स्पेशल जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें 4 अंडर ट्रायल प्रिजनर्स के केसों का चयन किया गया, जिसमें 4 केसों में 4 अंडरगोन किया गया। सुश्री जसबीर ने बताया कि समय-समय पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा हर माह के पहले और तीसरे बुधवार को जेल में लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कैदियों से आग्रह किया कि अगर किसी के पास उसकी केस की पैरवी करने के लिए वकील नहीं है तो वह सुपरिंटेंडेंट जिला

## डॉक्टरों ने 7 टीबी मरीजों को लिया गोद




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**उप सिविल** सर्जन (टीबी) डा. सिम्मी कपूर ने बताया कि टीबी रोगियों को सामुदायिक सहायता प्रदान करने के अंतर्गत टीबी के मरीजों को गोद लेने की कड़ी में आरएमओ डा. सतविन्दर, अतिरिक्त वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. प्रदीप सिंह, चिकित्सा अधिकारी डा. मनीष, चिकित्सा अधिकारी डा. मीनाक्षी, चिकित्सा अधिकारी डा. मिथलेश यादव, चिकित्सा अधिकारी डा. दीपक गोयल तथा डीपीसी कमल द्वारा 7 टीबी के मरीजों को गोद लिया गया। इस अवसर पर टीबी के मरीजों को प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ वितरित किये गए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में करनाल जिले में 2400 टीबी के मरीजों का इलाज चल रहा है, जिनको गोद लेकर प्रोटीन युक्त खादय पदार्थ वितरित किये जाने है। जिसके लिए समाजसेवी संस्थाओं से अपील है कि वह इस मुहिम में अपना योगदान दें, ताकि टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को पूरा किया जा सके।

उप-सिविल सर्जन ने आमजन से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति में टीबी के लक्षण पाए जाते हैं तो वह नजदीक स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर जांच व ईलाज करवाएं। सभी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर टीबी से सम्बधिंत जाचॅ व ईलाज मुफ्त में किया जाता है। इसलिए इसके लिए मरीजों को जागरूक करना बहुत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा टीबी को नोटिफाइबल डिजिज घोषित किया गया है, जिसके अन्तर्गत सभी प्राईवेट अस्पतालों, क्लीनिक एवं लैब को टीबी के केसिज को रिपोर्ट करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जिला करनाल में 6 क्षय रोग विभाग हैं तथा 15 जगह बलगम के जांच केन्द्र हैं, जहां पर मरीजों के बलगम की निःशुल्क जांच की जाती है। भारत सरकार द्वारा निक्षय पोषण योजना के अन्तर्गत टीबी मरीजों को पोषण हेतु 500 रुपये प्रतिमाह देने का प्रावधान किया गया है।

## विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**हरियाणा राज्य** बाल कल्याण परिषद के तत्वाधान एवं उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष अनीश यादव के कुशल मार्गदर्शन में बुधवार को बाल भवन तीसरे दिन जिला स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें ग्रुप डांस, सोलो डांस, क्विज, फन गेम्स (लडके व लडकियाँ) व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं शामिल रही।

जिला बाल कल्याण परिषद से विश्वास मालिक ने प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी बच्चों को अपना आशीर्वाद व शुभकामनाएं दी। उन्होंने ने बताया कि आज की प्रतियोगिताओं में लगभग 800 बच्चों ने भाग लिया।

इन प्रतियोगिताओं में कक्षा अनुसार चार ग्रुप बनाए गए हैं, जिसमें कक्षा एक से पांचवीं तक प्रथम ग्रुप, छः से आठवीं तक द्वितीय ग्रुप, 9 से 10वीं तक का तृतीय ग्रुप और कक्षा 11वीं तथा 12वीं के बच्चे चतुर्थ ग्रुप में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल करने वाले बच्चे आगे मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगे।

## सीजेएम जसबीर कौर ने किया सेफ हाउस का निरीक्षण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**भागे हुए** जोड़ों और लिव इन रिलेशनशिप में एक साथ रहने वालों को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री जसबीर कौर ने निरीक्षण के लिए पुलिस लाइन स्थित सेफ हाउस का बुधवार को दौरा किया।

## सुभाष चंद्र ने उमेर अहमद इलियासी से की मुलाकात



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**सांस्कृतिक एकता** और विकासवादी नीतियों को आगे बढ़ाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने हिंदू मुस्लिम संस्कृति के महान पुरोधा राष्ट्रीय गौरव आल इंडिया इमाम ऑर्गनाइजेशन के चीफ इमाम डॉ उमेर अहमद इलियासी से नई दिल्ली में मुलाकात की। उनका आशीर्वाद लेते हुए सुभाष चन्द्र ने उमेर अहमद इलियासी को भारत की सांस्कृतिक एकता और अखंडता का दूत बताया।

उन्होंने कहा कि इमाम साहब भारत की गंगा जमुनी तहजीब के ऐसे अद्वितीय प्रहरी है जो भारत को विश्व गुरु और दुनिया का मार्गदर्शक बनाने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। देश और विदेश के बड़े मंचो पर ये भारत के गौरव को बढ़ाने की सदैव पैरवी करते है। उनका मानना है कि भारत में ही वो ताकत है जो दुनियां को राह दिखा सकता है। इस मौके पर युवाओं से अपील करते हुए इलियासी ने कहा कि भारत एक युवा देश है इस देश का युवा जब जब भी खड़ा हुआ है तब तब ही बदलाव आया है। आज युवा को देश के उत्थान में अपनी भुमिका सुनिश्चित करनी होगी। हमें भगत सिंह और अशफाख उल्लाह खां को नहीं भूलना चाहिए। भारतीय परंपरा व संस्कृति प्राचीनतम पद्धति है जो सबके भले का संदेश देती है। अमृत काल के इस समय मे हमे राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुनिश्चित करना ही होगा, क्योंकि पुरी दुनिया हमारी ओर एक आशा भरी नज? से देख रही है। उन्होंने कहा कि आज देश में अनुकूल वातावरण है और आज का भारत एक सशक्त, स्मार्ट, डिजिटल, समृद्ध और स्वच्छ भारत हैं।

## हर वर्ग भाजपा के खिलाफ आंदोलनरत: सुमिता सिंह



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**पूर्व विधायक** सुमिता सिंह ने सेक्टर-12 लघु सचिवालय के सामने चल रहे ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के अनिश्चितकाल धरने प्रदर्शन को समर्थन देने के लिए पहुंची। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश का हर वर्ग भाजपा सरकार के खिलाफ आंदोलनरत है।

सुमिता सिंह ने कहा कि फिलहाल ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन का आंदोलन चल रहा है। सरकार को उनसे बातचीत कर मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और समाधान निकाला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आप की मांगे जायज हैं। कांग्रेस पार्टी और मेरा आपको पूरा समर्थन है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पक्ष में चल रही लहर हरियाणा में बदलाव का स्पष्ट संकेत दे रही है। इससे पहले प्रदेश में लगातार किसान एमएसपी और मुआवजे के लिए, युवा रोजगार के लिए, मजदूर दिहाड़ी के लिए, सरपंच अधिकारों के लिए, कर्मचारी ओपीएस के लिए और बच्चे स्कूल में टीचर के लिए आंदोलन करते आ रहे हैं, लेकिन भाजपा सरकार किसी भी मसले का संतोषजनक समाधान नहीं निकाल पाई है।

सुमिता सिंह ने कहा कि हर मोर्चे पर सरकार की विफलता और उसके अत्याचार जनता में रोष की वजह बने हुए है। जनता लोकतांत्रिक तरीके से वोट की चोट से चुनाव में अपना रोष का इजहार करेगी। हरियाणा में चारों तरफ अपराध का बोलबाला है और अपराधिक तत्व सरेआम अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। हर वर्ग स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अगली सरकार कांग्रेस की बनेगी और कांग्रेस ही जनता को साफ, स्वच्छ व भय मुक्त शासन प्रदान करने में पूरी तरह से सक्षम है।

## सीजेएम जसबीर ने किया नारी निकेतन का दौरा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी** जसबीर कौर ने बताया कि बुधवार को नारी निकेतन में रहने वाले महिला/कैदियों को दी जा रही सुविधाओं की जांच के लिए उन्होंने नारी निकेतन का दौरा किया।

उन्होंने महिलाओं के साथ भी बातचीत की और उन्हें कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत उनके अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया। अधीक्षक को कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी स्थापित/प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया गया, ताकि महिलाओं को कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम-1987 के तहत बनाए गए नियम और कानून निर्धारित उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराया जा सके।

उन्होंने आफिसर को विशेष रूप से उन महिलाओं को विभिन्न कानूनी सहायता योजनाओं और ऐसी सेवाओं का लाभ उठाने की प्रक्रिया आदि के बारे में अवगत कराया गया। महिला न्याय अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के अस्तित्व और महिलाओं के कल्याण के तहत गठित समितियों के अस्तित्व के बारे में भी अवगत कराया गया। उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया।

## 'फव्वारा विधि सिंचाई से कर सकते हैं 50 प्रतिशत तक पानी की बचत'

### गांव शाहपुर में सूक्ष्म सिंचाई जागरूकता अभियान का आयोजन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**सिंचाई एवं** जल संसाधन विभाग हरियाणा के कार्यकारी अभियंता हरिदेव कंबोज की अध्यक्षता में निसिंग खंड के गांव शाहपुर में सूक्ष्म सिचाई जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फव्वारा विधिका विधि के बारे में किसानों को जानकारी दी गई।

हरिदेव कंबोज ने किसानों को बताया गया कि इस विधि के द्वारा 50 प्रतिशत तक पानी की बचत की जा सकती है तथा किसान इस सिंचाई से अन्य खर्च जैसे बिजली, पानी व मजदूरी की भी बचत कर सकते हैं। बागवानी की फसल के बारे में बताते हुए अधिकारियों ने बताया कि सभी किसानों को सूक्ष्म सिंचाई विधि अपनी फसलों में अपनानी चाहिए। फव्वारा विधि व टपका विधि से सिंचाई करने से हम 50 प्रतिशत पानी तक की बचत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि टपका/फव्वारा विधि पर सरकार द्वारा लागत के 85 प्रतिशत राशि अनुदान के तौर पर दी जाती है, इसके साथ खेतों में तालाब बनवाने एवं सोलर पंप पर भी सहायता प्रदान की जाती है। इस प्रकिया को पारदर्शी रखने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए जाते हैं तथा अनुदान राशि सीधे किसानों के खातों में दी जाती है।

कार्यक्रम में मिकाडा के एसडीओ संजीव, कनिष्ठ अभियंता और बागवानी अधिकारी प्रियंका ने संबंधित विषय पर किसानों का ज्ञानवर्धन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शाहपुर गांव के किसान मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति: कमिश्नर, एडीजी ने बालिकाओं को किया जागरूक

**महिला सशक्तिकरण**

**8 महिला अधिकारियों ने हजारों बालिकाओं को निडर और आत्मनिर्भर बनने के गुर बताए।**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वृंदावन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नवरात्रि में महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से यूपी पुलिस द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति के तहत बुधवार को पुलिस महानिदेशक और मंडलायुक्त आगरा ने नगर के प्रमुख हनुमान प्रसाद धानुका बालिका विद्या मंदिर में बालिकाओं को अपराध के प्रति जागरूक रहने के साथ आत्मनिर्भर बनने के तमाम टिप्स दिए। मिशन शक्ति अभियान के तहत हनुमान प्रसाद धानुका बालिका विद्या मंदिर के सभागार में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्रपट पर पुष्पांजलि से हुआ। जिले के आला अफसरों की मौजूदगी में मंडल की प्रमुख महिला अधिकारियों ने हजारों बालिकाओं को निडर और आत्मनिर्भर बनने के गुर बताए। इस मौके पर बोलते हुए आगरा जोन की कमिश्नर रितु माहेश्वरी ने बताया कि प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह कटिबद्ध है। सरकार का उद्देश्य है, कि आप महिला अपराध पर अंकुश लगाने से बनाए गए कानून के प्रति जागरूक हो और ऐसे अपराध पर लगाम लगाने में सक्षम बने। इस मौके पर महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।

> मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया है। छात्राओं ने काफी तादात में भाग लिया है। उद्देश्य यही है कि हम अपनी महिला, बालिका वर्ग तक पहुंचे और उन्हें एक सशक्त वातावरण देने का काम करें। इसके लिए जो भी कदम उठाने पड़े हम उन्हें उठाएं। बालिकाओं को यह संदेश है कि उनको एक सुरक्षित वातावरण देना चाहते हैं। वह किसी तरह का भय महसूस न करें।
> **- अनुपम कुलश्रेष्ठ, एडीजी**

# ठा.बांकेबिहारी मंदिर में ड्रेस कोड के बाद अब मोबाइल कोड लागू



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में ड्रेस कोड के बाद अब मोबाइल कोड लागू कर दिया गया है। वृंदावन स्थित विश्व प्रसिद्ध ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर आए दिनों सुर्खियों में रहता है। एक बार फिर बांके बिहारी मंदिर श्रद्धालुओं के फोन पर प्रतिबंध लगाने को लेकर सुर्खियों में है। ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा कारणों के चलते अब श्रद्धालुओं को मंदिर में फोन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिला प्रशासन की योजना के तहत मंदिर में दर्शन को आ रहे श्रद्धालुओं के फोन पैकिंग पाउच में एंट्री के समय पैक कर दिए जाएंगे। निकास द्वारा पर तैनात कर्मचारियों द्वारा ही इस पैक को खोला जाएगा। मंदिर में सेल्फी लेने के कारण श्रद्धालुओं के ठहराव और ठाकुर जी के फोटो वायरल होने की परंपरा को कायम रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में बुधवार की सुबह से ही गेट संख्या तीन व दो पर प्रवेश करते श्रद्धालुओं के मोबाइल फोन प्रशासन द्वारा तैनात किए गए कर्मचारियों द्वारा स्पेशल पाउच में पैक करने के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### अंतर्राज्यीय वाहन चोरों से बरामद कीं 9 मोटरसाइकिल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना बरसाना पुलिस ने दो अन्तर्राज्यीय शातिर वाहन चोर गिरफ्तार किये हैं। इनके कब्जे से नौ चोरी की मोटरसाईकिल बरामद की गई हैं। दोनों वाहन चोरों को पुलिस ने बरसाना कस्बे से गिरफ्तार किया। चौकी प्रभारी हाथिया अरविन्द पुनिया ने बताया कि अभियुक्त सद्दा उर्फ सद्दाम पुत्र दीनू उर्फ दीन मौहम्मद तथा आशिक उर्फ आशिफ पुत्र जमानू उर्फ जमालूद्दान को गिरफ्तार किया गया है। दोनों ही शातिर वाहन चोर ग्राम हाथिया थाना बरसाना के रहने वाले हैं। इनके कब्जे से एक तमांचा भी बरामद किया गया है। पकडे गये दोनों अभियुक्तों के ऊपर मथुरा व दिल्ली में विभिन्न धाराओं में दर्जनों मुकदमे पंजीकृत है। सद्दाम के विरूद्ध नौ तथा आशिफ के विरूद्ध कुल 14 आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी मिली है। अन्य थानों से इनके आपराधिक रिकार्ड की जानकारी की जा रही है। दोनों को चैकिंग के दौरान गोवर्धन नाला बैरियर के पास कस्बा बरसाना से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने मोटरसाईकिलों के दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा व उत्तरप्रदेश की अलग अलग जगहों से चोरी करना बताया गया।

### कार्रवाई: हाईवे प्राधिकरण ने अकबरपुर से हटाए अतिक्रमण

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कोसीकलां में राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा बुधवार को छाता में अकबरपुर पुल के समीप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाए। जिससे वहां दुकानदारों में खलबली मच गई। कुछ लोगों ने स्वयं अतिक्रमण हटाए तो कुछ को प्राधिकरण की टीम ने पुलिस प्रशासन के सहयोग के माध्यम से हटाया गया। आगरा दिल्ली हाईवे पर प्राधिकरण की टीम लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने में जुटी हुई है। इस कड़ी में बुधवार को टीम ने पुलिस प्रशासन के साथ अकबरपुर के निकट स्थित पुल एवं चौराहे पर अतिक्रमण चिन्हित कर हटाए। जिससे दुकानदारों में वहां खलबली मच गई। टीम ने सभी दुकानदारों से स्वयं ही अपने अतिक्रमण हटाने के लिए कहा। जिसके बाद तमाम लोग अपने अतिक्रमण हटाने में जुट गए। वहीं कुछ ने गरीब दुकानदारों को हटवाकर उनकी रोजी रोटी छीने जाने का आरोप लगाया। हालांकि टीम दुकानदारों के साथ सहयोग की बात कहती नजर आई। टीम के सदस्य सभी को हाईवे प्राधिकरण के नियमों की जानकारी भी देते नजर आए। घटना प्रबंधक नरेंद्र चौधरी ने कहा कि अतिक्रमण कतई भी बर्दास्त नहीं किया जा सकता। उनके साथ इरसाद खान, शाहिद खान, उदयपाल सहित टीम मौजूद रही।

### सुरीर पुलिस ने 12 घंटे में बरामद की बच्ची

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
सुरीर कस्बा से मंगलवार को एक मासूम बच्ची संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। बच्ची के गायब होते ही कस्बा में खलबली मच गई। सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस ने अथक प्रयास कर मासूम को देर रात बरामद कर लिया। सुरीर कस्बा निवासी बदन सिंह की पांच वर्षीय बच्ची मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। काफी खोजबीन के कोई जानकारी नहीं लग सकी। पिता समेत स्वजन तलाश में इधर उधर भटकते रहे। घटना की जानकारी मिलने वरिष्ठ पत्रकार अभय गुप्ता ने पीड़ित की मदद करते हुए बच्ची गायब होने की सूचना तत्काल प्रभारी निरीक्षक को दी गयी। सूचना पर अपरहण का मुकदमा दर्ज कर पुलिस की बच्ची को बरामद करने में जुट गई। तीनों टीमों मॉनटरिंग कर रहे प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र यादव ने बच्ची की तलाश कस्बा सुरीर मे जगह जगह सीसीटीवी कैमरे चौक किये गये। सीसीटीवी में बच्ची कस्बा से सुरीर चौराहे फिर नौहझील-सुरीर रोड पर जाती हुई दिखाई दी। क्षेत्रीय लोगों से पूछताछ व सीसीटीवी की मदद से सुरीर से करीब 1.5 किमी से आगे जाकर सुरीर नौहझील रोड ग्राम नगला डाक बंगला से बच्ची को सकुशल देर रात बरामद कर उसके परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। तब कहीं जाकर पुलिस को चैन की सांस मिली। बच्ची बरामद की सूचना प्रभारी निरीक्षक ने अपने उच्चाधिकारियों को दी। जिस कारण बच्ची के माता पिता व परिवारीजनो के द्वारा पुलिस कार्यवाही की भूरी भूरी प्रशंसा की गई है तथा अपनी बच्ची को पाकर अति प्रसन्न हो रहे है। एसएसपी शैलेश पांडे ने बताया कि सुरीर कस्बा से गत दिन एक पांच वर्षीय मासूम गायब की सूचना मिलते ही मुकदमा दर्ज कर पुलिस की तीन टीम बरामद करने के लिये लगाया गया था। पुलिस टीम ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया गया।

# सावधान: त्योहार पर मिलावट खोरी न बिगाड़े आपकी सेहत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
त्योहार पर अब लोग मिठाई और दूसरी खाद्य वस्तुओं को खरीदने से पहले सोचने लगे हैं। इसकी वजह जनपद में मिलावट खोरी का काला धंधा है। हालांकि हर त्योहारी सीजन से पहले मिलावटखोरी रोकने के लिए जिम्मेदार विभाग कुछ एक छापामार कार्यवाही करते हैं लेकिन यह प्रक्रिया नाकाफी ही साबित होती है। नवरात्र त्योहार गुणवत्ता युक्त खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने की दृष्टिगत सहायक आयुक्त डॉ गौरी शंकर के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर छापवर कार्रवाई कर जांच हेतु नमूने संग्रहित किए गए। टीम द्वारा फूल कस्बा में ओल कस्बा में विपिन कुमार किराना, चंदन सिंह किराना स्टोर से कुट्टू आटा का एक एक तथा महेश डेयरी प्लांट से दूध का एक नमूना ,सोख क्षेत्र में सुरेंद्र सिंह किराना स्टोर से से कुट्टू आता साबूदाना महेश अग्रवाल किराना स्टोर से कुट्टू आटा का सैंपल जांच हेतु संग्रहित किया गया ।टीम ने गोवर्धन कस्बा में स्थित बृजवासी स्वीट सेंटर का निरीक्षण कर बर्फी तथा घी का एक एक नमूना संग्रहित किया गया। टीम द्वारा जवाहरगंज मथुरा स्थित सुनील खंडेलवाल किराना स्टोर से साबूदाना, साबुत हल्दी एवं गिरधारी लाल एंड सनस कोतवाली रोड से हल्दी पाउडर तथा रूप कुमार ट्रेडर्स के यहां निरीक्षण कर प्रधान पान मसाला का एक एक नमूना संग्रहित किया गया। मंडी चौराहा सोख रोड स्थित गोयल प्रोविजन स्टोर से कुट्टू आटा, गोयल ट्रेड से समा के चावल, बालाजी किराना स्टोर तथा सिंघल किराना स्टोर से कुट्टू आटा का एक एक नमूना जांच हेतु संग्रहित कर संग्रहित किया । सभी नमूनों को जहां हेतु प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। कार्रवाई के दौरान टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी से शिव प्रताप तिवारी तथा एस एस निरंजन, गजराज सिंह, अरुण कुमार, दलबीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

# बरसाना में हुआ सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल बरसाना के कार्यकर्ताओं ने ग्रामवासियों के सहयोग प्रत्येक मंगलवार की तरह सब्जी मंडी मेन मार्केट में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया। इस मौके पर प्रखंड संयोजक गोपाल राजपूत ने बताया ना कि हम सभी को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में जरूर आना चाहिए हमें प्रतिदिन मंदिर आरती के समय जाना चाहिए और प्रतिदिन नहीं तो हफ्ते में कम से कम हफ्ते में एक बार तो अवश्य जाना चाहिए। आज के समय में बहुत से मंदिरों लोगों के अभाव में आरती वाली मशीन से आरती होती है। हिंदू हिंदू भाई भाई। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में प्रखंड टीम बरसाना विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल के द्वारा में मार्केट सब्जी मंडी मेन मार्केट मैं सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया

# मथुरा में फिर गिरा जर्जर मकान



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
प्राचीन नगरी मथुरा वृंदावन में दशकों पुरानी जर्जर बिल्डिंग हादसों का कारण बन रही हैं। बड़ा हादसा होने पर जिला प्रशासन कार्यवाही करने की हर बार बात करता है। कुछ एक लोगों को नोटिस आदि भेजने की कार्यवाही भी निगम द्वारा की जाती है। इसके बाद मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। वृंदावन में हुए बड़े हादसे के बाद जिला प्रशासन सक्रिय हुआ था। बुधवार को मथुरा में एक और हादसा हो गया। इस हादसे के लिए भी बंदरों को जिम्मेदार बताया जा रहा है। बुधवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे लोग गली से गुजर रहे थे। तभी अचानक मकान का बाहरी हिस्सा भरभराकर नीचे गिर गया। मोहल्ला कच्ची गली में बंटी कुमार का मकान है। मकान करीब चार दशक पुराना होने की वजह से जर्जर हो चुका है। भवन स्वामी द्वारा इन दिनों मकान को उतरवाया जा रहा था। मजदूर लगाए गए थे। नीचे से गुजर रही छात्रा छह वर्षीय अनीशा और स्कूटी सवार दीपक अग्रवाल चपेट में आकर घायल हो गए। आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी की।

# पराली पर है पैनी नजर, न दोषी किसान बचेंगे न कर्मचारी

**पैनी नजर**

**8 -53 पराली जलाने की घटनाएं जनपद में हुई हैं घटनाएं,-दो कर्मचारी निलंबित**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
पराली पर प्रशासन का पैनी नजर है। न पराली जलाने वाले किसान बख्शे जाएंगे और नहीं दोषी कर्मचारी। जनपद में अभी तक इस सीजन में पराली जलाने की 53 घटनाएं पकड़ में आई हैं। जिनमें से 28 घटनाओं को ट्रेस कर लिया गया है। अभी 27 घटनाओं के बारे में हड़ताल जारी है। किसानों पर करीब 10 हजार का जुमार्ना वसूल किया है। जो किसान बच गये हैं उसने भी जुमार्ना वसूलने की कार्यवाही चल रही है। जो पराली जलाएगा वह बचेगा नहीं। 35 हजार वेस्ट डिस कंपोजर किसानों के बीच में बंटवाए गए हैं। पराली जलाने की घटनाओं पर सेटेलाइट से भी नजर रखी जा रही है जबकि सरकारी कर्मचारी लगातार गांवों में किसानों से संपर्क बनाए हुए हैं। जिससे इस तरह की घटनाओं को लेकर किसानों को हतोत्साहित किया जा सके। मथुरा में पराली प्रबंधन में लापरवाही बरतने पर सीडीओ ने दो लोगों को निलंबित किया है। साथ ही 34 का वेतन रोका है। अब तक 21 हजार क्विंटल पराली एकत्र की गई है। पराली प्रबंधन में लापरवाही बरतने पर मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) ने कड़ी कार्रवाई की है। सीडीओ मनीष मीना ने बताया कि ग्राम पंचायतों में पराली एकत्रित करने के लिए 80 से ज्यादा अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गईं हैं। अब तक 11 हजार क्विंटल पराली गोशालाओं में भेजी गई है। जबकि एक हजार क्विंटल पराली अडानी प्लांट पर भेजी गई है। पिछले दिनों में 10 प्रतिबंधित कंबाइन हार्वेस्टर मशीन सीज की गई हैं। चेतावनी दी कि पराली प्रबंधन में किसी तरह की लापरवाही न बरतें। सीडीओ के आदेश पर पराली प्रबंधन में लापरवाही बरतने पर टीएसी रविंद्र प्रभाकर और नरेंद्र पाल सिंह को निलंबित कर दिया गया है। उप कृषि निदेशक राम कुमार माथुर ने बताया कि जो कर्मचारी गावों में नहीं पहुंच रहे हैं। गांवों में पराली मैनेजमेंट का काम नहीं कर रहे हैं। किसानों को समझा नहीं रहे हैं और कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की गई है। हमारे स्तर से वर्ग तीन के कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की गई है। तीन की वेतन वृद्धि रोकी है। उनकी एंट्री खराब की है। दो कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया है। किसी भी कीमत पर इसमें कोताही नहीं की जाएगी। पराली जलाना एक क्राइम है। उसको रोक दिया गया है अवैध कर दिया गया है हमारी अपील किसानों से यही है कि पराली को न जलाएं। पराली का वैकल्पिक प्रयोग कर अपनी आमदनी को बढाएं। जमीन को उपजाउ बनाएं।

# कृष्ण बाल मेला महोत्सव को पोस्टर किया जारी



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वृंदावन बाल विकास परिषद की एक बैठक रमणरेती क्षेत्र स्थित माहेश्वरी सेवा सदन पर आयोजित की गई । जिसमें 28 से 31 अक्टूबर तक मथुरा मार्ग स्थित जयपुर मंदिर में आयोजित हो रहे 21 वें श्री कृष्ण बाल मेला महोत्सव 2023 के आह्वान पोस्टर को रिलीज किया गया। परिषद चौयरमैन नवीन चौधरी एडवोकेट व मार्गदर्शक अभय वशिष्ठ ने कहा कि समाज को एक नई दिशा देने के साथ बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु प्रतिवर्ष श्रीकृष्ण बाल मेला का आयोजन किया जाता है। मेलाधिकारी कुंवर धनंजय सिंह व स्वागताध्यक्ष धर्मेंद्र गौतम ने कहा कि शिक्षा संस्कृति और संस्कार से ही समाज मजबूत बनता है और जब हमारे बच्चे इन तीनों से ओतप्रोत होंगे तो निश्चित ही भारत का भविष्य में बनेगा, लेकिन आज जिस तरह से इन तीनों का ह्रास हो रहा है उसे रोकने के लिए श्री कृष्ण बाल मेला के माध्यम से प्रयास किया जा रहा है । श्यामसुंदर गौतम व सुभाष गौड़ लाला पहलवान ने कहा कि बाल मेला के माध्यम से बच्चों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं का ज्ञान प्रदान करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इस वर्ष मथुरा जिले सैकड़ों स्कूल कालेजों से लगभग दो हजार बच्चे गायन, नृत्य, वादन, चित्रकला, हस्तकला आदि में प्रतिभा प्रदर्शन करेगें।

# गांवों में किया जाएगा सरकारी योजनाओं का प्रचार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने अवगत कराया है कि सोशल सेक्टर के विभागों द्वारा संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं की प्रगति हेतु विकास खण्ड स्तर पर ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत स्तर के कार्मिकों को योजनाओं से सम्बन्धित नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान किए जाने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। सभी कार्यशाला दोपहर 12 बजे से दो बजे तक विकास खंडों के सभागार में आयोजित होंगे। विकास खंड बल्देव में 21 अक्टूबर, विकास खंड राया में 25 अक्टूबर, विकास खंड मांट में 26 अक्टूबर, विकास खंड नौहझील में 28 अक्टूबर, विकास खंड चौमुहा में 30 अक्टूबर, विकास खंड छाता में 31 अक्टूबर, विकास खंड नंदगांव में एक नवंबर, विकास खंड गोवर्धन में दो नवंबर, विकास खंड फरह में तीन नवंबर तथा विकास खंड मथुरा में चार नवंबर में कार्यशाला आयोजित होंगी।

# प्राइमरी के बच्चों को बताया धान की पुआल को कैसे खेत में मिलाएं

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान मथुरा के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मथुरा द्वारा आज गांव ददीगढी, विकासखंड चौमुहां जिला मथुरा में यथा स्थान फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत स्कूल विद्यार्थी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम माननीय कुलपति प्रोफेसर एके श्रीवास्तव, निदेशक प्रचार डॉ. अतुल सक्सेना केंद्र प्रभारी डॉक्टर वाईके शर्मा के दिशा निर्देशन में किया गया केंद्र के वैज्ञानिक डॉ



रविंद्र कुमार राजपूत द्वारा विद्यार्थियों को पराली न जलाने के लिए प्रेरित किया तथा पराली के विषय में जानकारी दी। जिसमें खेत में मिलाने से उर्वरा शक्ति बढ़ती है खेत के सूक्ष्मजीव पनपते हैं तथा पराली में आग लगने से वातावरण प्रदूषित होता है। कई तरह की बीमारियां जैसे आंखों में जलन त्वचा संबंधी रोग श्वांस संबंधी रोग इत्यादि की समस्या पैदा होती है। पराली को खेत में मिलने के लिए सुपर सीडर, हैप्पी सीडर,मल्चर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम, स्मार्ट सुपर सीडर, रिवर्सिबल एमबी प्लाउ आदि मशीन है। जिसे पराली को खेत में मिलाया जा सकता है पराली को खेत में मिलाने खेत की उपजाऊ शक्ति बढ़ती है तथा किसानों को अधिक लाभ होगा साथ ही साथ आगामी गेहूं की फसल की बुवाई समय से की जा सकती है। कार्यक्रम में 60 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं वाद विवाद प्रतियोगिता के साथ साथ रैली का भी आयोजन कराया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आए विद्यार्थियों राधिका, भावना, जानकी, राजेश्वरी, प्रीति, शौकीन, राधा, किशन सिंह, प्रियंका को पुरस्कृत किया गया व प्रशस्ति पत्र दिया गया है उच्च प्राथमिक विद्यालय ददी गढी के अध्यापक श्री लाल सिंह, श्री कृष्णा शर्मा, सत्य प्रकाश, रीना गौतम, रेखा प्रसाद अरूणा कुमारी, के अलावा रावे के विद्यार्थी शिवांशु, राजू, सौरभ अनु,अलका, संजीत, नैना, राहुल नेहा, अविनाश नवीन आदि उपस्थित रहे।

# कुबलियापीड़ हाथी वध महोत्सव 19 नवंबर को, तैयारी शुरू

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कुबलियापीड़ हाथी वध महोत्सव समिति के तत्वावधान में 19 नवंबर को कुबलियापीड़ हाथी वध महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उसी महोत्सव को भव्य बनाने हेतु एक बैठक बाल कृष्ण प्रभु मंदिर गली रावलिया, मंडी रामदास में आहूत की गई। बैठक समिति के अध्यक्ष आचार्य रमाकांत गोस्वामी व संचालन महामंत्री प. अभिषेक शर्मा ने किया। वहीं बैठक में आमंत्रण पुस्तिका मंजूशा का विमोचन किया गया। वहीं समिति के अध्यक्ष रमाकांत गोस्वामी ने बताया विमोचन आमंत्रण पुस्तिका के साथ आयोजन की तैयारियां आरंभ कर दी गई हैं।



वहीं संस्था के संरक्षक राज नारायण गौड़ व राजीव शर्मा ने महोत्सव की जानकारी देते हुए बताया यह महोत्सव भगवान कृष्ण बलदेव द्वारा कंस वध से पहले कंस की युद्ध कला में प्रवीण शक्तिमान कुबलियापीड़ हाथी का वध किया गया था। दोनों भाइयों के मथुरा आगमन पर उनको मार डालने के उद्देश्य से कंस ने हाथी भेजा था। उसी परंपरागत लीला को बृजवासी विगत वर्षों से मनाते आ रहे हैं। वहीं समिति के प्रवक्ता श्याम शर्मा ने बताया 19 नवंबर दिन रविवार को हाथी वध से पूर्व स्वामी घाट से विभिन्न कलात्मक झांकियों, अखाड़े से सुसज्जित कृष्ण बलदेव की शोभायात्रा नगर भ्रमण करती हुई। श्रीकृष्ण जन्मस्थान के निकट प्राचीन हाथी वध स्थल पहुंचेगी।वहां कृष्ण बलदेव द्वारा हाथी का वध किया जाएगा। प्राचीन केशव देव मंदिर पर दोनों भाइयों का स्वागत सत्कार होग। इस दौरान समिति के मार्गदर्शक राजनारायण गौड़, राजीव शर्मा, अध्यक्ष रमाकांत गोस्वामी, महामंत्री प. अभिषेक शर्मा आशु, प्रवक्ता श्याम शर्मा मेला संयोजक अजय कुमार सैनी, कमल किशोर गौड़,रोहित शर्मा, नमन अग्रवाल, विपिन ओझा, दाऊ दयाल पंडा, राम बिहारी शर्मा, चेतन गोस्वामी, कुलदीप पंडा, मातुल शर्मा पवन शर्मा कान्हा शर्मा, रजत गोस्वामी, शिवम शर्मा आदि उपस्थित थे।

# मां वैष्णो देवी गुफा में होगें मां भगवती के दर्शन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मां वैष्णो देवी मित्र मंडल के तत्वावधान में सोलहवें विशाल मां भगवती जागरण, छप्पन भोग व शोभायात्रा का आयोजन होगा। जिसमें जम्मू में मां वैष्णो देवी की गुफा के अनुरूप गुफा का निर्माण जवाहर इंटर कॉलेज के मैदान पर आरम्भ हो चुका है। जिसमें वैष्णो गुफा, बाणगंगा, चरण पादुका एवं अर्धकुमारी के दर्शन शोभायमान होंगे। नवरात्रि की छठ 20 अक्टूबर को प्रातः स्वामी घाट स्थित मदन मोहन मन्दिर से मां वैष्णो की विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी। जो नगर भ्रमण करती हुयी आयोजन स्थल जवाहर इंटर कॉलेज के मैदान पर पहुंचेगी। वहां मां भगवती का महाभिषेक, कन्या लांगुरा पूजन के



पश्चात सायं भव्य छप्पन भोग मनोरथ व फूल बंगला सजा कर रात्रि जागरण होगा। जागरण में मां का गुणगान बॉलीवुड सिंगर सुमित सैनी सहित प्रसिद्ध गायक मां का गुणगान करेंगे तथा अखण्ड भण्डारे का आयोजन होगा। आयोजन की व्यवस्था में प्रमुख रूप से संरक्षक डा. अंशुमान गोयल, कार्यवाहक अध्यक्ष रवि अग्रवाल मंगलम, उपाध्यक्ष विवेक सूतिया, सचिव मंयक अग्रवाल, अंकित कसेरे, कोषाध्यक्ष बंटी गोला, राज गोयल, हिमांशु सूतिया, सोना पाठक, पंडित अमित भारद्वाज, दीपक गोला, दिव्यांक अग्रवाल, अमित वर्मा, हर्षवर्धन शास्त्री, अंकुर अग्रवाल, पवन, सियाराम गोयल, मौसम अग्रवाल, राजेश गोला, बंशी अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, विजय बंसल, दिलीप, मनोज अग्रवाल आदि लगें

# जीएमएन कॉलेज में यूथ फेस्टिवल का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**गांधी मैमोरियल** नेशनल कॉलेज अम्बाला छावनी में जॉनल यूथ फैस्टिवल का आयोजन किया गया। यूथ फैस्टिवल का शुभारम्भ उपायुक्त डा. शालीन ने दीपशिखा प्रज्वलित करके किया। यहां पहुंचने पर कॉलेज के प्रिंसीपल रोहित दत्त, प्रधान डा. गुरदेव सिंह, जरनल सैक्ट्री अजय अग्रवाल, जसवंत जैन व अन्य पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनका भव्य अभिनंदन किया। गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने यूथ फैस्टिवल के सफलपूर्वक आयोजन व कॉलेज की गतिविधियों के लिए 25 लाख रुपए दिए। यहां बता दे कि गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने जॉनल यूथ फैस्टिवल में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचना था लेकिन किसी कारणवश वह यहां नहीं पहुंच सके। उन्होंने संदेश के



माध्यम से सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए जीवन में आगे बढने के लिए उन्हें अपना आशीर्वाद भी दिया। उपायुक्त डा0 शालीन ने इस मौके पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों, अध्यापकगण व अभिभावकों को इस जॉनल यूथ फैस्टिवल की बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के लिए जो यह समय होता है वह बेहद महत्वपूर्ण होता है। नई प्रतिभाओं को सिखने के लिए कॉलेज या स्कूल मंदिर होते हैं। यहीं से विद्यार्थी जीवन में आगे बढने के लिए तैयार होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी कहा कि वह शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ अन्य गतिविधियों जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेल क्षेत्र या अन्य क्षेत्र में भी भाग लें, ऐसा करने से उनके कौशल का विकास होता है। उन्होंने यह भी कहा कि जो विद्यार्थी यहां से परीक्षा प्राप्त कर रहे हैं वे अपने जीवन में भी नियत करें। इस कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए सौभाग्य की बात है कि यहां पर आर्टिफिशल

**यूथ फैस्टिवल**

**8 विज ने यूथ फैस्टिवल के सफलपूर्वक आयोजन व कॉलेज की गतिविधियों के लिए 25 लाख रुपए दिए**

कोर्स के साथ-साथ अन्य नये कोर्सों की भी यहां पर शुरूआत हुई है। विद्यार्थी अपने कॉलेज के समय को बड़ी सिद्दत के साथ बिताएं, यह पल कभी वापिस नहीं आते हैं। यूथ फैस्टिवल के दौरान जो प्रतिभागी यहां पर भाग ले रहे हैं उन्हें यहां पर बेहतर मंच मिला है। यहां से वे अपनी प्रतिभा को निखारते हुए जीवन में आगे बढें। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों द्वारा जो प्रस्तुति दी जा रही थी उसकी भी भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस मौके पर कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने मुख्यअतिथि व अन्य का स्वागत करते हुए कॉलेज की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होनें बताया कि कॉलेज की स्थापना को 75 वर्ष पूरे हो गए हैं और इस मौके पर जॉनल यूथ फैस्टिवल का आयोजन करने का मौका कॉलेज को मिला हैं, जोकि खुशी की बात हैं। उन्होनें यह भी बताया कि कॉलेज के विद्यार्थी शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ अन्य संस्कृतिक गतिविधियों व अन्य क्षेत्रों में भाग लेकर कॉलेज का नाम रोशन कर रहें हैं।

इस मौके पर यूथ फैस्टिवल के यूथ कन्विनियर डॉ0 राजेन्द्र देशवाल ने मुख्यअतिथि व अन्य का स्वागत करते हुए बताया कि यहां पर तीन दिवसीय जॉनल यूथ फैस्टिवल का आयोजन किया जा रहा हैं तथा इस महोत्सव में 20 कॉलेजों के विद्यार्थी भाग लेते हुए 42 विदाओं में अपना प्रदर्शन करेगें।

# 'नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर दें गुप्त सूचना'




**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**

**हरियाणा राज्य** नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह आईपीएस साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, आईपीएस, कुमारी निकिता खट्टर, आईपीएस और अनिल कुमार साहब के आदेशानुसार नशे के विरुद्ध दो प्रकार से कार्रवाई की जा रही है। नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है तो दूसरी और मार्ग से भटके लोगों का पुनर्वास किया जा रहा है। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का कार्य सौंपा हुआ है। इस कड़ी में आज पीकेजी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मडलौडा, पानीपत और पीकेजी एजुकेशनल ट्रस्ट में बुधवार को एंटी ड्रग जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल सुरेश जांगड़ा की अध्यक्षता में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के वक्ता हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डा. अशोक कुमार वर्मा थे। इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य नवयुवक छात्रों को नशे और मादक पदार्थों से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराना था।

मुख्य वक्ता डॉ अशोक कुमार वर्मा जी ने बताया कि आज के समय में हमारा भारत देश का युवा इस नशे की चपेट में आ चुका है। हमारे देश में ईरान, अफगानिस्तान, नाइजीरिया, पाकिस्तान आदि देशों से विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थ जैसे हेरोइन, कोकिन, अफीम, गांजा आदि अवैध रूप से भेजे जा रहे है। इस षड्यंत्र में हमारे ही देश के कुछ लोग भी मिले हुए है जो कुछ धन के लालच में नवयुवक बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे है। पूर्ण रूप से नशा मुक्त भारत ही नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का उद्देश्य है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हम सभी को साथ देना चाहिए।आज वर्तमान में अगर किसी देश में सबसे अधिक नवयुवक है तो वह हमारा भारत देश है परंतु इस नशे की लत में पड़ने से यह नवयुवा शक्ति क्षीण हो रही है। अगर सभी युवा इस नशे की बुरी लत से मुक्त हो जाए तो हमारे देश को पुनः विश्वगुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। इस सेमिनार के बाद सभी स्टाफ के साथ साथ सभी उपस्थित छात्रों ने कभी भी नशा न करने और यदि कोई अवैध रूप से नशा संबंधित सामग्री का व्यापार कर रहा है तो उसकी सूचना नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 को देने का संकल्प भी लिया। पीकेजी ग्रुप के चेयरमैन गौरव जैन जी और एम डी गीता जैन ने बताया की पीकेजी छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और छात्रों के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए प्रति दिन प्रयास कर रहा है क्योंकि एक शिक्षित और सजग छात्र ही हमारे देश का भविष्य बनेगा।

## न्यूज फ्लैश

### उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने रोपवे प्रोजेक्ट को लेकर ली अधिकारियों की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/संतोष कुमारी**

**नारनौल। जिला** महेंद्रगढ़ की ढोसी की पहाड़ी को प्रतिष्ठित पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा रोपवे बड़ी भूमिका निभाएगा। ऐसे में अधिकारी इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द सिरे चढ़ाएं। यह निर्देश उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने आज ढोसी की पहाड़ी पर बनने वाले रोपवे को लेकर बुलाई गई विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक में दिए। डीसी ने कहा की मुख्यमंत्री ने खुद ढोसी की पहाड़ी का दौरा करके इस प्रोजेक्ट की घोषणा की थी। यहां पर पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। जिला महेंद्रगढ़ में ग्रीन कॉरिडोर तथा राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण के बाद यहां पर पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ती रहेगी। उन्होंने बताया कि लगभग 871 मीटर लंबे इस रोपवे को राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लिमिटेड (नेशनल हाईवे लाजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड) के तत्वावधान में निजी कंपनी (एसपीवी) द्वारा किया जाएगा। यहां पर नीचे वैली स्टेशन तथा ऊपर हिल स्टेशन बनाया जाएगा और बीच में एक टावर लगाया जाएगा। यह प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद जिला महेंद्रगढ़ की पर्यटन के क्षेत्र में एक अलग पहचान बनेगी। ऐसे में अधिकारी जल्द से जल्द इस प्रोजेक्ट को सिरे चढ़ाएं। वन विभाग द्वारा एनओसी के लिए जल्द से जल्द मामला भेजा जाए। उन्होंने संबंधित कंपनी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एनओसी मिलने के बाद तुरंत प्रभाव से टेंडर खोले जाएं तथा कार्य शुरू करवाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए।

इस बैठक में डीएफओ रोहतास सिंह, डीडीपीओ आशीष मान, पर्यटन विभाग से एसडीओ गिरिराज शर्मा, एनवायरमेंट मैनेजर पिंटू कुमार तथा कुलताजपुर के सरपंच विक्रम के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### पीसीसी अकैडमी में कार्यक्रम का आयोजन किया



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पीसीसी** अकैडमी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य इतिहास को जानना था। इस मौके पर बच्चों ने इतिहास से जुड़े हुए तथ्यों पर अपने विचार भाषण के माध्यम से प्रतियोगिता के रूप में प्रकट किए इस मौके पर बच्चों ने पानीपत ऐतिहासिक धरती है इस पर अपने विचार प्रकट किए एवं भारत देश लोकतंत्र देश है जैसे मुद्दों पर अपने विचारों को प्रकट किया मौके पर मौजूद पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने कहा आज का युवा पीढ़ी जिसको देखो वह विदेश जाने की होड़ में लगा हुआ है। किसी भी बच्चे का सपना पूछो तो वह एक ही सपना है। कि मुझे विदेश जाना है आज से कुछ समय पहले बच्चे से पूछा जाता था कि आप बड़े होकर क्या करोगे वह कहता था मै इंजीनियर बनूंगा डॉक्टर बनूंगा मैं आईपीएस बनूंगा परंतु आज हर युवा पीढ़ी विदेश जाने की होड़ में है यह अच्छी बात है विदेश जाकर अपने देश का नाम रोशन करना परंतु हमें अपने देश के इतिहास को भी जानना चाहिए राजीव परुथी के अनुसार हमें अपने देश के बारे में जानकारी होनी चाहिए पीसीसी एकेडमी में आजकल बच्चों को विदेश के साथ-साथ अपने देश के बारे में भी बताया जा रहा है। भारत एक ऐसा देश है जहां पर आप अपनी काबिलियत के बलबूते पर कामयाबी हासिल कर सकते हैं शर्त यह है कि आपके अंदर टैलेंट होना चाहिए आपको ज्ञान होना चाहिए आपको अंग्रेजी भाषा बोलनी आनी चाहिए आत्मविश्वास की भावना आपके अंदर कूट-कूट कर भरी होनी चाहिए इस मौके पर शिल्पा परुथी ने कहा हर युवा के अंदर एक टैलेंट छुपा हुआ होता है। पीसीसी एकेडमी सिर्फ उस टैलेंट को बाहर निकालने का काम करती है इस मौके पर सिमरन ,पलक, प्रियंका, लविषा, उर्मिला चंद, दर्शन आदि उपस्थित रहे।

# कोर्स केंद्रों में प्रमाण पत्र वितरित किया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने में जुटी साथी फाउंडेशन छोटे छोटे हुनर सीखकर महिलाएं परिवार का सहारा बन सकती है, महिलाओं में आत्म विश्वास बढ़ता है और वह सामाजिक एवं राजनीति के क्षेत्र में भी कदम बढ़ा सकती है। आने वाला भविष्य महिलाओं का है। लोकसभा एवं विधानसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण सफलता के नए द्वार खोलेगा।

उक्त विचार पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने साथी फाउंडेशन द्वारा जीवन नगर, वेस्ट राम नगर में चलाये जा



रहे मुफ्त सिलाई एवं ब्यूटीशियन कोर्स केंद्रों में प्रमाण पत्र वितरित करते हुए व्यक्त किये। फाउंडेशन द्वारा चलाये जा रहे आधा दर्जन केंद्रों में पांच सौ से ज्यादा महिलाओं को कोर्स करवाया गया जिनमें से अधिकतर महिलाओं ने या तो अपना काम शुरू कर लिया है या फिर नौकरी करने लगी हैं।

साथी फाउंडेशन के चेयरमैन एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा कि पारिवारिक परिसिथतियों के कारण सभी महिलाएं 8 - 10 घंटे की नौकरी करने में समर्थ नहीं हैं, इसलिए महिलाएं अपने घर पर रहकर पार्ट टाइम काम करके बच्चों की अच्छी शिक्षा एवं स्वास्थ्य में आने वाले खर्चों में सहयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि जो भी महिला कोर्स सीखने के बाद अपना कार्य शुरू करना चाहती हैं उसे बिना ब्याज के ऋण भी उपलब्ध करवाया जाता है।

कार्यक्रम में प्रीति,सोनिया, रितु, चित्रा, सोनी, पुष्पा, सुदेश, अरुणा, रूपाली, मंजू,अंजली,वंदना, राजरानी,रुचिका, पूजा एवं अन्य महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# भागवत कथा सुनने से सुख व शांति की होती हैं प्राप्ति: डॉ नवीन नैन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**अंतरराष्ट्रीय मंदिर** प्रबंधक परिषद के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि "देवी चित्रलेखा जी" के नेतृत्व में "भागवत कथा" 15 अक्तूबर से 21 सितंबर 2023 तक गुरुग्राम में तक्षशिला हाईट सेक्टर-37 में नवरात्रों के शुभ दिनों में अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद आयोजित की गई है। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि देवी चित्रलेखा समागम में उपस्थित सभी भगतजनों को सबसे पहले आरती से शुरू करके सुविचारों से सम्बोधित करती हैं। इस दौरान



देवी चित्रलेखा ने बताया कि भागवत कथा सुनने वाले इंसान को सुख व शांति की प्राप्ति होती है,इसलिए निरंतर ही भगवान की पूजा कर और उनकी भक्ति करनी चाहिए और अपने जीवन कल में एक बार अवश्य ही भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। श्रीमद भागवत कथा सुनने से हमारे जन्मों के पाप नष्ट हो जाते है।

# बराड़ा के पीएससी जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थी परिषद गठन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला-बराडा (मनीष कुमार)**

**पीएससी** जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल (बराड़ा )में स्कूल की शैक्षणिक, सांस्कृतिक ,खेल एवं अनुशासन आदि गतिविधियों के सफलतापूर्वक संचालन के लिए विद्यार्थियों को अलंकरण समारोह के अवसर पर सेशे और बेजेस पहनाकर विभिन्न पद देकर गौरवान्वित किया गया

*हैड ब्वाय लवीश *हैड गर्ल शरनप्रीत कौर, स्पोर्ट्स कैप्टन गुरप्रीत सिंह, सांस्कृतिक कैप्टन मयंक व स्टूडेंट काउंसिल के हाउस प्रीफेक्ट को सम्मानित किया



गया नवनिर्वाचित विद्यार्थियों ने विद्यालय व देश के गौरव को बनाए रखने अपने दायित्वों को ईमानदारी व लगन से निभाने के लिए सदैव कार्य करने की शपथ ली। पीएससी जैन स्कूल की प्रिंसिपल माननीयश्रीमती अनामिका यादव ने सभा को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व के विकास के लिए काम करता है तथा सदैव करता रहेगा। बच्चों की उनके सच्चे नेतृत्व के लिए शुभकामनाएं दी।

# 'अनाधिकृत तरीके से वाहनों पर बत्ती लगाने वाले वाहन चालकों के किए जाएंगे चालान'

**चंडीगढ़:** हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कहा कि अनाधिकृत रूप से लाल, नीली बत्ती तथा सायरन का इस्तेमाल करने वाले लोगों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यदि किसी सरकारी वाहनों पर इसका अनाधिकृत तरीके से इस्तेमाल करता पाया गया तो उनके विभाग प्रमुखों को पत्र लिखते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कानून सभी के लिए समान है, कानून की नजर में कोई छोटा या बड़ा नही है।

# बाल महोत्सव पहुंचा रोमांचक मुकाबले पर, लड़कियों ने दिखाया दमखम

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**पानीपत बाल** भवन में चल रहा बाल महोत्सव रोमांचक मोड़ पर आ चुका है। चौथे दिन शहरी विधायक की धर्मपत्नी समाजसेविका नीरू विज मुख्यतिथि के तौर पर बच्चो की हौसलाफजाई करने पानीपत पहुँची।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने की। बच्चो ने सोलो डांस , क्विज कॉम्पिटिशन।बेस्ट ड्रामेबाज हैंडराइटिंग में दमखम दिखाया। चार सौ बच्चो ने



प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चो की प्रस्तुति देख नीरू विज ने कहा कि प्रतियोगिता में लड़कियों की संख्या अधिक है और लड़कियों ने जो प्रतिभा दिखाई उससे साबित होता है बेटियां किसी भी क्षेत्र में कम नही है। और बेटियां खुद को मंच पर साबित कर रही है।नीरू विज ने कार्यक्रम आयोजन को लेकर जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी की प्रसंशा की। जोनल में जाने के लिए बच्चे जी जान लगा रहे है-रितु राठी जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने बताया कि मुकाबला रोमांचक मोड़ पर आ पहुंचा है और अब जोनल मुकाबले में जाने के लिए बच्चों जी जान लगा रहे हैं। जहां पर बच्चों का सिलेक्शन करना मुश्किल हो रहा है ।लेकिन उन्हें खुशी है की बेहतरीन प्रतिभाशाली बच्चे ही अगले लेवल में जाकर पानीपत का नाम रोशन करेंगे। अलिफ लैला नाटक में जिन बने एक्टर दयाल सिंह पहुँचे जजमेंट देने बाल महोत्सव में अबकी बार हरियाणा से लेकर बॉलीवुड तक की हस्ती जजमेंट कर रही है।

# बीजेपी सरकार का ध्यान आम जनता को तंग करने में लगा हुआ है: महिपाल



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**


**नूरवाला स्थित** हरि सिंह कॉलोनी खेड़े के पास 5 सितंबर से चलाए जा रहे अभियान महिपाल सूबेदार आपके द्वार कांग्रेस पार्टी के हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत पहुंचे। महिपाल सूबेदार में अपने संबोधन में कहा कि बीजेपी सरकार का ध्यान आम जनता को तंग करने में लगा हुआ है गरीब आदमी को रोजी-रोटी के लाले पड़े हुए। आम आदमी को मूलभूत सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है। सरकार का ध्यान अपराध रोकने में नहीं पुलिस को चालान काटने का में लगा रखा है कॉलोनियों के हर चौक चौराहे पर पुलिस खड़ी रहती है और जो भी कॉलोनी निवासी अपना छोटा-मोटा जरूरत का सामान चौक की तरफ लेने आता है वही उसका चालान काटने का काम पुलिस द्वारा किया जाता है जो सरासर गलत है कॉलोनी के अंदर भी हेलमेट के चालान किए जाते हैं जो बिल्कुल गलत है। और हम इसका विरोध करते हैं कॉलोनी में गरीब लोग रहते हैं एक चालान काटने से उनके महीने भर की सब्जी के बराबर होती है और लोगों में इससे लोगों में भी काफी आक्रोश है और भय का माहौल भी है कभी गरीब आदमियों के राशन कार्ड काट दिए जाते हैं कभी आधी रात को इनका बिजली का कनेक्शन काट दिया जाता है कभी उनकी फैमिली आईडी में ज्यादा इनकम दिखा करके बुढ़ापा पेंशन विधवा पेंशन विकलांग पेंशन काट दी जाती है और कभी उनके साथ प्रॉपर्टी ऑडियो में इनको समस्याओं का सामना करना पड़ता है गरीब आदमी हर रोज सुबह एक उम्मीद के साथ उठना है और इस भय के माहौल में रात को दुखी होकर सो जाता है मैं सांसद से व विधायक निवेदन करता हूं कि इसकी और जल्दी से जल्दी ध्यान दिया जाए अगर ऐसा नहीं होता है आने वाले समय में मैं इसके लिए भी आंदोलन के लिए तैयार हूं कॉलोनी वासियों के साथ ऐसा नए हरगिज नहीं होने देंगे। आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का है चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा का है ऐसे माहौल से हुड्डा साहब के राज में लोगों को छुटकारा मिलेगा और एक भाईचारे का सौहार्द पूर्ण माहोल कॉलोनी वासियों को मिलेगा।

# आढ़तियों का 7 दिन के लिए होगा लाईसेंस रद्द, उपायुक्त ने दिए निर्देश

## अब पराली जलाने वाले किसानों पर होगी तत्काल एफआईआर दर्ज, अधिकारी होंगे तुरंत प्रभाव से चार्जशीट: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**प्रशासन** वायु प्रदूषण कम करने को लेकर प्रयासरत है। पिछले 2 दिनों में पराली जलाने की घटनाओं म बड़े स्तर पर कमी आई है। भविष्य में भी पराली जलाने की घटनाएं न घटे इसको लेकर हमें और शिद्दत से कार्य करने की आवश्यकता है। जो किसान पराली जलाने का प्रयास करता है उसे उसके विरूद्ध एफआईआर दर्ज करायें। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। पूरा प्रशासनिक अमला दिन-रात उन सदिंग्ध क्षेत्र पर निगरानी रखे हुए है जहां पराली जलाने की सम्भावनाएं नजर आती है। मंडी में किसानों द्वारा लाई जा रही धान की तुरंत प्रभाव से खरीद करें। धान के उठान में किसी भी प्रकार की देरी न करें। यह बात उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बुधवार को जिला सचिवालय में अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक लेते हुए कही। उपायुक्त ने बैठक में अधिकारी से पराली जलाने संबंधी फीडबैक व सुझाव भी मांगे। उपायुक्त ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जो अधिकारी अपने काम के प्रति कोताही बरतेगा उसे चार्जशीट किया जाएगा। इसमें अब किसी भी प्रकार की देरी की



सम्भावना नहीं है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अब तक पराली की घटनाओं पर कितना अंकुश लगा पाएं हैं यह उन्हें धरातल पर नजर आना चाहिए।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आढ़तियों को स्पष्ट तौर पर बताएं कि अगर वो प्रशासनिक गाईडलाईन का उल्लंघन करते हैं तो उनके लाईसैंस 1 सप्ताह के लिए रद्द किए जा सकते है।

उपायुक्त ने कहा कि ग्राम सचिव व पटवारी गांवों में जाकर मुनादी कराएं व लोगों को समझाएं कि वायु प्रदूषण कम करके हम अपना ही फायदा करेंगे। उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्कूल में प्रार्थना के दौरान बच्चों को पराली न जलाने का संदेश दें व रैलियां निकालकर लोगों को जागरूक करें।

उपायुक्त ने मार्किट कमेटी व धान की खरीद करने वाली एजेंसियों को भी निर्देश दिए कि मंडियों में किसी भी प्रकार की ढेरी नजर नहीं आनी चाहिए जो किसान मंडी में धान को लेकर आता है तत्काल उसकी खरीदारी करें। उन्होंने कहा कि वे अब तक 2 बार मंडियों को दौरा कर चुके हैं।

उपायुक्त ने बताया कि किसान का एक-एक दाना समय पर खरीदना जरूरी है। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरते। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा, सीईओ जिला परिषद् विवेक चौधरी, सीटीएम राजेश कुमार सोनी, एसडीएम मनदीप सिंह, एसडीएम समालखा अमित कुमार, डीडीपीओ सुमित चौधरी, डीडीए आदित्य डबास, जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# हैदरपुर रामलीला में हुआ दशरथ-कैकयी संवाद

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** हैदरपुर में श्री रामलखन धार्मिक रामलीला कमेटी (पंजी) हैदरपुर द्वारा मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम की लीला का भव्य मंचन किया जा रहा है। बुधवार को लीला में दशरथ-कैकयी संवाद मुख्य प्रंसग रहा। इस मौके पर अतिथि के रूप में जिला केशवपुरम भाजपा के अध्यक्ष विरेन्द्र गोयल, निगम पार्षद रेखा गुप्ता, भाजपा नेता महेश अवाना सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष विरेन्द्र गोयल ने कमेटी के कार्यों की सराहना की और कहा कि प्रभु श्रीराम सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें। तो वहीं निगम पार्षद रेखा गुप्ता ने कहा कि हम सभी को प्रभु श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए। इस अवसर पर कमेटी के उपप्रधान चर्चित जैन ने बताया कि सभी को प्रभु श्रीराम की भक्ति सच्चे मन से करनी चाहिए, जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की भक्ति करता है, प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है। इसलिए सभी सच्चे मन से प्रभु की आराधना करें। इस अवसर पर चेयरमैन सुभाष मित्तल, प्रधान सौरभ गुप्ता, वरिष्ठ उपप्रधान चर्चित जैन, महामंत्री संदीप पांचाल, कोषाध्यक्ष विशु बंसल, सह कोषाध्यक्ष राम गोपाल सहगल रिंकू, उपप्रधान दीपक, उपप्रधान विशाल पांडे, मंत्री नवीन यादव, मार्ग दर्शक गिरिराज शास्त्री, सुरजित पांचाल लीला मंत्री, लीला मंत्री राकेश अग्रवाल, कार्यालय मंत्री पुलकित जिंदल, मेला मंत्री नवीन पांचाल, मनोज शर्मा सुरक्षा मंत्री, रूविल अरोड़ा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।





# सच्चे मन से करें प्रभु की आराधना: नागपाल





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
अशोक विहार रामलीला कमेटी फेज-1 के प्रधान ललित गर्ग और मंच व्यवस्था अध्यक्ष चन्द्र बलवानी ने बताया कि आज की लीला में राम वनवास का चित्रण देखकर दर्शक भाव-विभोर हो गए। श्रृंगेश्वर में निषाद राज से भेंट का दृश्य दर्शक के मन को छूने वाला था। तो वहीं मेला अध्यक्ष राज अग्रवाल और सुरक्षा अध्यख पवन गोयल ने बताया कि कम्प्युटिंग एवं साउंड के साथ समुद्र के बीच का दृश्य, आंधी-तूफान, फूलों की वाटिका, जंगल, सागर, नदी, नहर, पशु-पक्षी व जीव-जंतु का दृश्य नई तकनीक को दर्शा रहे थे। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष व पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल ने बताया कि सभी को प्रभु श्री राम के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए। जो भक्त सत्य की राह पर चलता है। उसकी अवश्य ही मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इसलिए सभी सत्य का साथ दे। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जहांगीरपुरी: राम वनवास दृश्य देख भाव-विभोर हुए लोग





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जहांगीरपुरी स्थित आई ब्लॉक रामलीला पार्क में सर्वप्रिय जन संगठन के द्वारा भव्य रूप में प्रभु श्रीराम की लीला का मंचन किया जा रहा है।
बुधवार को लीला में दशरथ कैकेयी संवाद, राम वनवास, केवट मिलन मुख्य दृश्य रहे। इस मौके पर अतिथि के रूप में सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व जोन चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब ने कहा कि जिस प्रकार से प्रभु श्रीराम सभी कार्य मर्यादा में रहते हुए करते थे, हमें सभी कार्य मर्यादा में रहते हुए ही करने चाहिए और बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर सर्वप्रिय जन संगठन के राजेंद्र सिंह बिष्ट प्रधान, मुकेश गर्ग महासचिव, टीटू राम वरिष्ठ उपप्रधान, पवन गोयल उपप्रधान, मुख्य संयोजक नरेन्द्र पाल शर्मा, विनोद सहगल उपप्रधान, प्रमोद शर्मा उपप्रधान, जितेंद्र चौरसिया उपप्रधान,आनंद कुमार पांडे सचिव, संजय सिंह बिष्ट कोषाध्यक्ष, दीपक मनचंदा सह कोषाध्यक्ष, नवीन वर्मा, सुमित ठाकुर, विपिन तिवारी, डॉक्टर मुकेश गर्ग, डॉक्टर शम्भू यादव मौजूद रहे। मुख्य संयोजक नरेन्द्र पाल शर्मा ने कहा कि बच्चों को रामलीला दिखाने अवश्य ही साथ लाये ताकि बच्चे भारतीय संस्कृति और सभ्यता को जान सके।

# राम बनवास की लीला देख दर्शकों की आंखें हुई नम





**तीरथ राज/नई दिल्ली**
**आदर्श रामलीला** कमेटी अशोक विहार फेस-2 में दशरथ कैकई संवाद व राम बनवास कि लीला का मंचन निपुण कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। कंप्यूटरराइड यंत्रों, लेजर लाइट व एलईडी स्क्रीन के सहयोग से सुंदर बन, भव्य एवं खूबसूरत महल दिखाया गया। राम बनवास की लीला देख दर्शकों की आंखें नम हो गई। रामलीला का उद्घाटन योगेंद्र चंदोलिया महामंत्री भाजपा दिल्ली प्रदेश व सतीश गर्ग कोषाध्यक्ष भाजपा दिल्ली प्रदेश के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।
इस अवसर पर योगेंद्र चंदोलिया ने कहा कि राम का जीवन त्याग की प्रतिमूर्ति है। उन्होंने धर्म की रक्षा के लिए राजमहल को छोड़ दिया। प्रभु राम ने नियम त्याग का एक आदर्श स्थापित किया। कमेटी के अध्यक्ष अशोक गर्ग व महामंत्री अनिल यादव ने पर्यावरण संरक्षण में सहयोग हेतु अपील की। कार्यक्रम में देवराज, बी पी गर्ग, चंदन शर्मा, नितिन बत्रा, प्रवीण कुमार सिंह, प्रदीप गोयल, देवेंद्र गुप्ता, संदीप खंडेलवाल, आनंद गुप्ता, श्रवण सिंघल ,विनोद अग्रवाल, श्याम सुंदर व अन्य उपस्थित रहे।



किशन गंज वार्ड में आयोजित रामलीला में सम्मानित होते हुए संगम पार्क वार्ड के निगम पार्षद सुशील जोंटी साथ में है अंकुर गोयल, अखिलेश कुमार व अन्य।

# सावन पार्क की रामलीला में हुआ सीता स्वयंवर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले सावन पार्क इलाके के लाला मीर सिंह रामलीला पार्क में धार्मिक एकता मंच के द्वारा प्रभु श्रीराम की लीला का भव्य मंचन अनुभवी कलाकारों के द्वारा किया जा रहा है। बुधवार को सावन पार्क की रामलीला में सीता स्वयंवर के दृश्य को मुख्य रूप से दिखाया गया। इस मौके पर धार्मिक एकता मंच के प्रधान व पूर्व निगम पार्षद सरदार मान सिंह, उपप्रधान अश्वनी शर्मा, मुख्य समाजसेवी रविन्द्र गुप्ता, मंच संचालक केवल कोहली, निर्देशक अमित कुमार, सह-निर्देशक अजय कुमार, उत्तम कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर धार्मिक एकता मंच के प्रधान सरदार मान सिंह ने कहा कि भगवान श्रीराम सभी की सुनते है, बस सच्चे मन से प्रभु की आराधना करने की आवश्यकता है।



# मॉडल टाउन में भंडारे का हुआ आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मॉडल टाउन इलाके में वैश्व अग्रवाल सभा के द्वारा श्री महाराजा अग्रसेन जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन महाराजा अग्रसेन चौक पर किया गया। इस मौके पर जानकारी देते हुए संजीव गुप्ता ने बताया कि स्वर्गीय लखपत राय अग्रवाल को श्रद्धासुमन भी अर्पित किये गये। इस मौके पर पंकज गर्ग, सुभाष जिंदल, रोहित जैन, अजय गुप्ता, संजीव गुप्ता, विरेन्द्र बंसल, विकेश सेठी, प्रवीन गुप्ता, महेश सिंघल, आनंद मित्तल, हरी किशोर गुप्ता, संजना बिट्टू, रश्मि बजाज, राजरानी शर्मा, सुमित शर्मा, रमेश गुप्ता, मुकेश गुप्ता, नवीन मित्तल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# शालीमार बाग में मां दुर्गा पूजा महोत्सव का हो रहा है आयोजन








**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शालीमार बाग** विधानसभा क्षेत्र में महिला शक्ति मंडल की ओर से मां दुर्गा पूजा महोत्सव और श्रीमद् दुर्गा सप्तशती कथा का आयोजन किया जा रहा है। मंडल की चेयरपर्सन ज्योति सैनी ने आगे बताया कि यह कार्यक्रम 24 अक्टूबर तक शालीमार बाग के डॉ. साहिब सिंह वर्मा सामुदायिक भवन में किया जा रहा है। महिला शक्ति मंडल की चेयरपर्सन ज्योति सैनी ने प्रभु से प्रार्थना करते हुए कहा कि प्रभु सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें और सभी के जीवन में मां भगवती अपार खुशियां लाये। उन्होंने सभी अभिभावको से अपील करते हुए कहा कि पूजा स्थल पर अपने साथ अपने बच्चों को भी अवश्य ही लाये, जिससे की बच्चें भी अपनी संस्कृति से अवगत हो सके जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है। इस मौके पर समाजसेवी विजय यादव ने कहा कि प्रभु सभी की सुनते है, बस प्रभु की आराधना सच्चे मन से करनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है उसकी मनोकामनाएं अवश्य ही पूर्ण होती है, इसलिए सभी सच्चे मन से प्रभु की आराधना करें।

# उत्तराखंड के विकास पुरुष थे स्वर्गीय एन.डी. तिवारी: दयानंद वत्स

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री दयानंद वत्स भारतीय ने संघ के मुख्यालय बरवाला में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री, उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और आंध्र प्रदेश के राज्यपाल रहे स्वर्गीय नारायण दत्त तिवारी की पांचवीं पुण्यतिथि और 98वीं जयंती पर उनके करोड़ों प्रशंसकों की और से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। गौरतलब है कि 18 अक्टूबर 1925 को उनका जन्म हुआ और 18 अक्टूबर 2018 को ही उनका निधन हुआ। अपने संबोधन में दयानंद वत्स ने कहा कि तिवारी जी उत्तराखंड के विकास पुरुष थे। वे तीन बार उत्तर प्रदेश, एक बार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और आंध्रप्रदेश के राज्यपाल भी रहे। उनका व्यक्तित्व आकर्षक और सम्मोहक था।



# जिला बाल कल्याण परिषद ने करवाया जिला स्तरीय बाल महोत्सव 2023

बाल महोत्सव

**8 विद्यार्थियों की प्रतियोगिताएं 20 अक्टूबर तक चलेंगी:- डीसी विक्रम सिंह**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला बाल कल्याण परिषद ने आज बुधवार को तीसरे दिन जिला स्तरीय बाल महोत्सव 2023 करवाया। विद्यार्थियों की यह प्रतियोगिताएं 20 अक्तूबर तक चलेंगी। बता दें कि हरियाणा बाल कल्याण परिषद के तत्वावधान में मानद महासचिव रंजीता मेहता के निदेर्शानुसार बाल भवन एनआईटी के सभागार में जिला स्तरीय बाल महोत्सव 2023 के उपलक्ष्य में तीसरे दिन की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वहां पहुंचने पर जिला बाल कल्याण परिषद अधिकारी एसएल खत्री ने अतिथियों को पर्यावरण का प्रतीक पौधा एवं पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया गया।

बच्चों की मुख्य रूप ये प्रतियोगिताएं हुई आयोजितः आज बाल भवन के प्रांगण में विद्यार्थियों द्वारा देश भक्ति समूह गान 2,3 व 4 ग्रुप, फन गेम लड़के व लड़की 3ग्रुप , भाषण प्रतियोगिता 3 व 4 ग्रुप, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 2, 3 और 4 ग्रुप आयोजित किए गए। इस मौके पर जिला बाल कल्याण परिषद् अधिकारी एसएल खत्री ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए बताया कि हरियाणा बाल कल्याण परिषद के तत्वावधान में जिला बाल कल्याण परिषद फरीदाबाद द्वारा बाल महोत्सव के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जा रहा है। उन्होने बताया कि यह प्रतियोगिताएं गत 16 अक्टूबर से आगामी 20 अक्टूबर तक चलेंगी।

प्रतियोगिताओं में ये रहे निर्णायक मंडलःनिर्णायक मंडल की भूमिका रविन्द्र मनचन्दा, हेमलता, बॉबी गुप्ता, विनोद कुमार, रविकांत, प्रमिता, नरेंद्र, मनोज शास्त्री , श्रीमती अंसुल व श्रीमती पम्पा ने निभाई ये महानुभाव रहे उपस्थितः इस मौके पर भाजपा नेता टीपर चंद, जिला बाल कल्याण परिषद् के कार्यक्रम अधिकारी अनिल दहिया, श्रीगरिमा सिंह तोमर,सुरेंद्र दहिया रोड़ सेफ़्टी, वीरेंद्र सिंह ट्रेफिक ताऊ, आजीवन सदस्य आरपी हंस, लाखन सिंह लोधी, अनिल दलाल डी एम, खादी ग्रामोद्योग के साथ-साथ बाल कल्याण परिषद् के अन्य स्टाफगण मौजूद रहे।

# अवैध हथियार सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

धर-पकड

**8 आरोपी बुलन्दशहर के गांव छातांगा का तथा हाल में फरीदाबाद के गांव समयपुर का रहने वाला है**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेंन्द्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराध में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी पीएसआई शीशपाल की टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी आनन्द उर्फ चीकू मूल रुप से उत्तर प्रदेश के बुलन्दशहर के गांव छातांगा का तथा हाल में फरीदाबाद के गांव समयपुर का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रो से प्राप्त सूचना से बैरागी चौक समयपुर से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से एक देसी कट्टा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में अवैध हथियार रखने की धाराओं मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में एक थाना शहर बल्लबगढ़ के चोरी के मामले का खुलासा हुआ है। आरोपी के घर से एक चोरी की मोटरसाइकिल को बरामद किया गया है। आरोपी ने वर्ष 2015 से चोरी की करीब 12 वारदातो को अंजाम दे रखा है। आरोपी नशा करने का आदी है नशे की पूर्ती के चोरी की वारदातो को अंजाम देता है। आरोपी देसी कट्टे को 3000/-रु में उत्तर प्रदेश के टप्पल में किसी अनजान व्यक्ति खरीद कर लाया था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### जीजा ने की दुसरी शादी- साले ने साथियो के साथ मिलकर किया अपहरण, थाना सेक्टर-17 में हुआ मुकदमा दर्ज- क्राइम ब्रांच की टीम ने 7 आरोपियो को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
बता दे कि 11 अक्टूबर को अप्रहत राजकुमार की दुसरी पत्नी ने चौकी सेक्टर-16 में एक शिकायत दी की उसके पती को कुछ गुंडे शिफ्ट गाडी में जबरदस्ती उठाकर ले गए है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए महिला की शिकायत पर अपहरण की धाराओं मे थाना सेक्टर-17 में मामला दर्ज किया गया। श्री राकेश कुमार आर्य पुलिस आयुक्त महोदय के द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने में अपराधियों को जेल की सलाखों में भेजने के दिए गए दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के आदेश पर तुरंत कार्रवाई करते हुए एसीपी क्राइम अमन यादव के मार्ग दर्शन में क्राइम ब्रांच सेक्टर-17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने पंजाब, मोहाली से 3 आरोपियो को गिरफ्तार कर अपहत राजकुमार को छुड़वाया गया। मामले में कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में हर्ष, राहुल, महेश, नरवीर,विनय, धर्मेन्द्र और योगेश उर्फ योगी का नाम शामिल है। आरोपी हर्ष, राहुल, महेश पलवल के गांव डराना के, आरोपी धर्मेंद्र पलवल के गांव अलावलपुर का आरोपी नरवीर गांव चंदावली का, आरोपी विनय रेवाडी के गांव पिथड़ावास तथा आरोपी योगेश उर्फ योगी राजस्थान के भरतपुर जिले के गांव रिठोटी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम रकअनिल कुमार, ढरकजितेन्द्र, एअरक सुखबीर, ल्ठ विक्रम, उळ संजीत, प्रवीन, विकास और सचिन की टीम ने कार्रवाई करते हुए अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से आरोपी पर हरिद्वार, देहरादून, चंडीगढ, मोहाली पंजाब में छापा मारते हुए अपहरण किए गए व्यक्ति राजकुमार को मोहाली से बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियो में नरवीर फरीदाबाद के कोर्ट में तथा आरोपी विनय चण्डीगढ़ हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करता है है। आरोपी नरवीर फरीदाबाद कोर्ट में प्रैक्टिस करता है आरोपी विनय और नरवीर दोस्त हैं । नरवीर, विनय व धर्मेन्द्र उर्फ धरमू को नया गांव मोहाली पंजाब से गिरफ्तार किया गया है। मुख्य आरोपी विनय और नरवीर ने योजना बनाकर योगेश उर्फ योगी को अप्रहत व्यक्ति राजकुमार के घर किराए पर रहने के लिए भेजा। आरोपी योगेश उर्फ योगी राजकुमार के घर नाम बदलकर मुकेश के नाम से कुछ दिन से रह रहा था। आरोपी योगेश अपने साथ एक दिन पहले आरोपी धर्मेन्द्र को अप्रहत व्यक्ति की पहचान के लिए अपने किराए के मकान पर लेकर आया था। आरोपी योगेश उर्फ योगी ने योजना के तहत बताया कि उसका जानकार बैंक मे मैनेजर है , वो फरीदाबाद सैक्टर 16 ए से शिफ्ट होकर गुंडगांव जा रहा है और पुराना सौफा सैट , छएऊ और बैड बेचना चाहता है। जिसको में खरीदना चहाता हूं। राजकुमार व उसकी दुसरी पत्नी को सोफा कम पैसे में खरीदने का लालच देकर सेक्टर-16 फरीदाबाद लेकर आया था। आरोपी ने राजकुमार और उसकी पत्नी को वह सन फ्लैग अस्पताल के पिछे खडा करके चाबी के लाने के नाम पर वहा से चला गया। आरोपी धर्मेन्द्र ने राजकुमार को पहचान लिया उठाकर गाडी में डाल लिया और महिला को धक्का मारकर राजकुमार को लेकर फरार हो गए। क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा आरोपी नरवीर, विनय व धर्मेन्द्र उर्फ धरमू से पूछताछ के बाद आरोपी योगेश उर्फ योगी को खेडी पुल से गिरफ्तार किया। आरोपी नरवीर व घर्मेन्द्र को मामले में पूछताछ के लिए 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। आरोपी विनय और योगेश को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया। आरोपियो से पूछताछ के बाद आरोपी हर्ष,राहुल व महेश को कैली गांव को गिरफ्तार किया है। आरोपियो से वारदात में प्रयोग स्फिट डिजायर,20 व स्फिट के साथ 32 बोर पिस्टल, 19 जिंदा रोंद व 315 बोर पिस्तौल को बरामद किए गए है।

आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि हर्ष, राहुल महेश ने हरिद्वार घूमने का प्लान बनाया था। जिनको नरवीर ने 15 हजार रुपए दिए और राजकुमार को उठाकर हरिद्वार लेजाने को कहा। आरोपी धर्मेन्द्र आरोपी नरवीर का भांजा है तथा आरोपी महेश आरोपी धर्मेंन्द्र का साला है। आरोपी हर्ष, राहुल, महेश आपस में दोस्त है। आरोपियो को 5 हजार रुपेए बाद मे दिए थे। सारा मामला जमीन का था। आरोपी विनय की बहन की शादी राजकुमार के साथ हुई थी। राजकुमार को 2 बच्चे भी है। राजकुमार की 4 एकड़ जमीन आईएमटी में चली गई थी। जिसके काफी पैसे आए थे। राजकुमार ने उन पैसे से 8 एकड़ जमीन और 2 प्लाट खरीदे थे।

### वाहन चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल के द्वारा शहर में अपराधिक मामलो में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना शहर बल्लबगढ़ की टीम पुलिस चौकी अग्रसेन ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम राजेंन्द्र है आरोपी पलवल के गांव लिखी का रहने वाला है।

# पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने 14 पुलिसकर्मियों को चुना हीरो ऑफ द वीक

अभियान

**8 जिनकी नियत ठीक नही, गलत मशां से काम करते हैं उनका ईलाज किया जायेगा।**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** अक्टूबर पुलिस आयुक्त श्री राकेश कुमार आर्य पुलिस आयुक्त महोदय ने ड्यूटी के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों की हौसलअफजाई करने के लिए 'हीरो ऑफ द वीक' अभियान शुरू किया है जिसके तहत पुलिस कमिश्नर ने आज 14 सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मियों को प्रथम श्रेणी प्रशंसा पत्र व इनाम देकर उन्हें सम्मानित किया। पुलिसकर्मियों द्वारा किए गए कार्यो की चाय पर चर्चा की गई। पुलिस आयुक्त ने श्रेष्ठ कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने के लिए पुलिस आयुक्त कार्यालय में बुलाया जहां पर पुलिसकर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें प्रशंसा पत्र व नकद इनाम देकर सम्मानित किया। पुलिस आयुक्त ने इन पुलिसकर्मियों के साथ बैठकर चाय पी तथा पुलिसकर्मियों के फील्ड के अनुभव के बारे में फीडबैक लिया तथा अपने कार्यों को ओर बेहतर बनाए। पुलिस आयुक्त ने कहा कि फील्ड में तैनात पुलिसकर्मी ही पुलिस की असली पहचान है और उसी से पुलिस की छवि प्रदर्शित होती है. ईमानदारी से अच्छा कार्य करके पुलिस की छवि को सुधारना और अच्छा बनाना। पुलिस का काम अपराधियों को सजा और पिडित को न्याय दिलाना। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखे। उन्होने आज, चयनित हीरों ऑफ द वीक अपने संबोधन मे कहा की आगे भी अच्छा काम इमानदारी और नेक नियती से करते रहे। ताकि उनको दोबारा भी "हीरो ऑफ द वीक" चुना जा सके। महिला थाना सेंट्रल में तैनात सिपाही मुनिष के द्वारा अपनी टीम का सहयोग करते हुए 8 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को सेक्टर -37 बाई पास से वारदात के 15 घंटे ही बाद गिरफ्तार किया।

पुलिस चौकी आईएमटी में तैनात अरकसमय सिंह के द्वारा 12 अक्टूबर की रात को आई.एम.टी. के ठेके के पास कुछ लड़के किसी वारदात को अंजाम देने की सूचना मिली।



# पीएमजेजेबीवाई व पीएमएसबीवाई योजना का नागरिक ले लाभः डीसी विक्रम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) जन सुरक्षा योजनाओं के तहत 2 लाख रुपये की धनराशि का जीवन और दुर्घटना बीमा कवर प्रदान किये जा रहे हैं। इन योजना के तहत सभी पात्र नागरिक, विशेष रूप से समाज के गरीबों और वंचित वर्ग के लिए क्रमशः 436 रुपये और 20 रुपये प्रति वर्ष के मामूली प्रीमियम पर लाभ प्राप्त कर सकते हैं।



यह जिम्मेदारी की गई है तयः डीसी ने आगे बताया कि हर पात्र नागरिक को लाभान्वित करने के लिए सरकार द्वारा शहर क्षेत्र व प्रत्येक ग्राम पंचायत व वार्ड में नए सिरे से 01.10.2023 से 31.12.2023 तक अभियान शुरू किया गया है। संबंधित इलाके के सभी बैंकों और एसएलबीसीएस को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। डीसी ने बताया कि इस संबंध में अभियान की सफलता के लिए जिला प्रशासन की भूमिका सर्वोपरि है। ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों की योजना और आयोजन के लिए जिला अधिकारियों से लेकर एलडीएम तक को पूर्ण सहयोग देने का आग्रह किया गया है।

### नवरात्रों के चौथे दिन महारानी वैष्णोदेवी मंदिर में हुई मां कूष्मांडा की पूजा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** नवरात्रे के चौथे दिन महारानी वैष्णोदेवी मंदिर में मां कूष्मांडा की भव्य पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने मां के हवन यज्ञ में आहुति डाली और मां के सामने जयकारे लगाते हुए अपनी अरदास की। महारानी वैष्णोदेवी मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया।

मंदिर में पहुंचकर भक्तों ने मां कूष्मांडा की पूजा की तथा अपनी मनोकामना रखी। इस अवसर पर मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने आए हुए सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया तथा उन्हें नवरात्रों की शुभकामनाएं दीं।

# रावल इंस्टीट्यूशंस में हरियाणा राज्य महिला आयोग लिया गया महिला सशक्तिकरण पर सेमिनार का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** रावल इंस्टीट्यूशंस हमेशा से ही महिलाओं के सशक्तीकरण तथा जागरूकता के महत्वपूर्ण कदम में अग्रसर रहा है। इस विचार के साथ रावल इंस्टीट्यूशंस ने हरियाणा राज्य महिला आयोग के सहयोग से अपने परिसर में छात्राओं और शिक्षकों के लिए महिलाओं की सशक्तीकरण, कानूनी जागरूकता और साइबर जागरूकता पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने मुख्य अतिथि के रूप में सेमिनार की शोभा बढ़ाई। दूसरी ओर, प्रसिद्ध वूमेन एक्टिविस्ट और फैशन मॉडल डॉ. महिमा बख्शी सेमिनार की मुख्य वक्ता थीं। सेमिनार का शुभारम्भ शुभ दीप प्रज्वलन और विद्यार्थियों के स्वागत नृत्य से हुआ।

सेमिनार में श्रोताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रेनू भाटिया जी ने कहा कि नारी सशक्त होगी, तभी समाज और देश सशक्त हो पाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए शुरू की गई बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन और उज्ज्वला जैसी योजनाएं वरदान साबित हुई हैं। महिलाओं को पूर्ण रूप से सशक्त बनाकर ही वे राष्ट्र निर्माण में अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगी। सेमिनार में महिलाओं के लिए कानूनी जागरूकता और साइबर जागरूकता के मुद्दे भी उठाए गए। सेमिनार की मुख्य वक्ता डॉ. महिमा बख्शी ने महिलाओं के स्वास्थ्य पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि घर की महिलाएं अपने काम और जिम्मेदारियों के चलते अपनी सेहत पर ध्यान नहीं दे पातीं हैं, जिसके कारण कई बार उन्हें बीमारी की शुरूआत होने पर भी उसके बारे में पता नहीं चलता है। लक्षणों को न जान पाने के कारण यह बीमारियां समय के साथ-साथ गंभीर रूप ले सकती हैं। इसलिए महिलाओं को अपनी सेहत की ओर खास ख्याल देना चाहिए। महिलाओं के लिए एक स्वस्थ लाइफस्टाइल का होना महत्वपूर्ण है। इस स्वस्थ लाइफस्टाइल में स्वस्थ डाइट, पर्याप्त पानी का सेवन, नियमित एक्सरसाइज और नियमित जांच शामिल है।

# गवर्नमेंट गर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्रों को किया जागरूक

दिशा निर्देश

**8 गाड़ी चलाते समय स्वयं सावधानी बरतें इससे अपने बचाव के साथ साथ दूसरे का भी बचाव होता है।**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए ट्रैफिक थाना प्रबंधक सतीश कुमार व उनकी टीम ने गवर्नमेंट गर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी में यातायात नियम और साइबर फ्रॉड के संबंध में जागरूक किया है। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य राजेन्द्र कुमार ललीत जोशी रामकरण के साथ स्कूल की छात्राओं ने भाग लिया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि याताया थाना प्रबंधक ने अपनी टीम के साथ सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों व साईबर फ्रॉड के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गवर्नमेंट गर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया गया। विद्यार्थियों को पुलिस टीम के द्वारा यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि रोड़ पर सावधानी से चलाना चाहिए नही तो सावधानी हटी दुर्घटना घटी। अपने बचाव में ही सबका बचाव है। उन्होंने विद्यार्थियों को ट्रैफिक संबंधित कानूनी जानकारी देते हुए सड़क दुर्घटना से बचने के लिए कई उपाय बताएं। अपने वाहन को हमेशा धीमी गति और अपनी तय सीमा में ही चलाएं तथा वाहन चलाते समय फोन का इस्तेमाल और एयरफोन का इस्तेमाल न करे नही वाहन चलाते समय ऊंची आवाज में संगीत बजाएं।

गाड़ी चलाते समय स्वयं सावधानी बरतें इससे अपने बचाव के साथ साथ दूसरे का भी बचाव होता है।

रात के समय अंधेरा होता है इसलिए इंडिकेटर और अपनी गाड़ी के ऊपर रिफ्लेक्टर टेप अवश्य लगानी चाहिए। जिससे कि सड़क दुर्घटना न हो और यात्रा भी सुरक्षित हो। दुपहिया वाहन चालक को हेलमेट अवश्य लगाना चाहिए। गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल अवश्य करें।

# मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स फरीदाबाद ने क्लीनिकल एक्सीलेंस के स्टैंडर्ड को बढ़ाने के लिए रोबोटिक घुटना रिप्लेसमेंट लॉन्च किया

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स फरीदाबाद ने रोबोटिक घुटना रिप्लेसमेंट सर्जरी के उद्घाटन के साथ गर्व से चिकित्सा नवीनीकरण और आथोर्पेडिक एक्सीलेंस के एक नए युग की शुरूआत की। अत्याधुनिक रोबोटिक सपोर्ट को शामिल करके मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स आथोर्पेडिक्स में मरीजों को फिर से पैरों पर खड़ा करने और जीवन की गुणवत्ता को बेहतरीन बनाने हेतु एक सुरक्षित, अधिक सटीक और अंततः अधिक फायदेमंद दिशा प्रदान करने के लिए एक क्रांतिकारी प्रक्रिया को अपना रहा है । आथोर्पेडिक टीम का नेतृत्व डॉ. अनुराग अग्रवाल, डायरेक्टर - आथोर्पेडिक्स, मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स फरीदाबाद द्वारा किया जाता है। डॉ. अनुराग को डॉ. विनीत विमल करण एसोसिएट कंसल्टेंट ऑथोर्पेडिक्स और डॉ. रोहित ठक्कर, एसोसिएट कंसल्टेंट हड्डी रोग विशेषज्ञ, मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल फरीदाबाद काफी सहयोग करते हैं। मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स ने एक एडवांस्ड रोबोटिक प्रणाली का उद्घाटन किया है जो दुनिया के अपनी तरह के पूर्ण स्वचालित उपकरण का प्रतिनिधित्व करती है। इस बेहद उन्नत तकनीक की मदद से मरीज के एडमिट होने के केवल दो घंटे के अंदर शल्य चिकित्सा प्रक्रियाओं को किया जा सकता है और सर्जरी के बाद सात से आठ घंटे के भीतर मरीज चलने-फिरने लगता है। पूरी तरह से स्वचालित इस रोबोटिक प्रणाली द्वारा आंशिक और पूर्ण घुटने का प्रत्यारोपण करना भी संभव है। इसके अलावा यह टीम यूनिकॉन्डाइलर घुटने रिप्लेसमेंट करने में भी सक्षम है। यह अनूठी सुविधा केवल मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल फरीदाबाद में उपलब्ध है। भविष्य में जल्द ही हॉस्पिटल की तरफ से कूल्हा रिप्लेसमेंट की सुविधा भी शुरू की जाएगी। इस रोबोट में गैप बैलेंसिंग की भी एक अनूठी विशेषता है जो अन्य रोबोटों में मौजूद नहीं है। इससे इम्प्लांट प्लेसमेंट में सुधार होता है और इसलिए पारंपरिक तकनीकों की तुलना में इम्प्लांट की लाइफ 10 वर्ष तक बढ़ जाती है। आथोर्पेडिक सर्जरी में रोबोटिक इंटरवेंशन का संयोग घुटने की रिप्लेसमेंट प्रक्रियाओं में बड़ा बदलाव लाने और मरीजों को महत्वपूर्ण लाभ पहुंचाने के लिए तैयार है। रोबोट की मदद से सर्जरी में सटीकता और शुद्धता का एक नया स्तर आता है, जिससे इम्प्लांट बेहतरीन तरीके से फिट हो जाता है और अंग को ठीक से बिठाया जाता है। इसके परिणामस्वरूप ऑपरेशन के बाद के परिणामों में सुधार हो सकता है, दर्द कम हो सकता है और रिकवरी की अवधि भी तेज हो सकती है। इसके अतिरिक्त, रोबोटिक घुटना मरीज को प्राकृतिक घुटने जैसा ही अहसास देता है, प्रत्येक मरीज की अनूठी शारीरिक रचना के अनुसार प्रक्रिया को तैयार करता है, आखिरकार जोड़ की समग्र कार्यक्षमता और दीघार्यु को बढ़ाता है। छोटे चीरे, कम रक्त हानि और संक्रमण का कम जोखिम, ये सभी मरीज के अनुभव को बेहतर बनाने में योगदान करते हैं। मरीज अस्पताल में कम समय तक रहने, ऑपरेशन के बाद दर्द कम होने और अपनी दैनिक गतिविधियों में तेजी से वापसी की उम्मीद कर सकते हैं। डॉ. अनुराग अग्रवाल, डायरेक्टर-ऑथोर्पेडिक्स, मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स फरीदाबाद ने कहा कि शुरू की गई उन्नत तकनीक सर्जिकल परिणामों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एक सर्जन के कौशल और रोबोटिक प्रणाली के मार्गदर्शन के संयोजन का लक्ष्य मरीज को उच्चतम स्तर की संतुष्टि देना है। हम पेशेंट के घुटने की इमेजिंग के साथ एडवांस्ड प्री-ऑपरेटिव योजना से शुरूआत करते हैं। 3डी मॉडल और एक विशेष सॉफ्टवेयर प्रणाली का उपयोग करके, हम एक सटीक सर्जिकल योजना विकसित करते हैं जो घुटने के प्रत्यारोपण को श्रेष्ठ तरीके से लगाने और क्षतिग्रस्त हड्डी एवं कार्टिलेज (कड़ी लचीली हड्डी) को निकालने की रूपरेखा तैयार करती है। रोबोटिक प्रणाली में विशेष प्रकार के काटने वाले उपकरण से सुसज्जित एक कंप्यूटर-नियंत्रित भुजा होती है जिसका इस्तेमाल पूरी प्रक्रिया में किया जाता है। रोगी की शारीरिक रचना के अनुसार सिस्टम के मूल्यांकन के साथ, रोबोटिक प्रणाली पूरी सर्जरी के दौरान उल्लेखनीय सटीकता सुनिश्चित करती है। जोड़ तैयार होने के बाद रोबोटिक प्रणाली सर्जन को बड़ी सटीकता और बिना किसी कमी के साथ प्रत्यारोपण करने में मदद करती है। इम्प्लांट को मरीज की शारीरिक रचना के साथ ठीक से बिठाया जाता है, जो दीर्घकालिक कार्यों और आराम में सुधार करता है।



ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 19 अक्टूबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# सुभाष रामलीला: धूमधाम से निकली भगवान राम की बारात

## जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा की, राम को 14 वर्ष के लिए वनवास भेजने का कैकई का दशरथ से वर मांगने के दृश्य को देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए













**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**सुभाष** रामलीला ड्रामेटिक क्लब के तत्वाधान में नरेला के रामलीला ग्राउंड में हो रही 77 वीं ऐतिहासिक रामलीला व भव्य दशहरा महोत्सव में हजारों की संख्या में रामभक्त दूर दराज के क्षेत्र से पहुंचकर भव्य रामलीला का आनंद ले रहे हैं। बीते 3 दिनों से आयोजित हो रही रामलीला के चौथे दिन कैकई मंथरा संवाद, कैकई दशरथ संवाद, राम वनवास का मंचन किया गया। जिसमें कलाकारों के अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा। वहीं राम को 14 वर्ष के लिए वनवास भेजने का कैकई का दशरथ से वर मांगने के दृश्य को देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। वहीं गाजे बाजे के साथ धूमधाम से निकली राम बारात का कई जगहों पर श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा की। भव्य रामलीला के चौथे दिन का शुभारंभ नेता सदन मुकेश गोयल, एक्शन इंडिया समूह के मैनेजिंग डायरेक्टर रवि भारद्वाज ,प्रसिद्ध समाजसेवी जगमाल सिंह व सज्जन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया इस दौरान उन्होंने भगवान राम के आदर्शो पर चलने का आवाहन करते हुए सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब के पदाधिकारियों को भव्य रामलीला के आयोजन पर बधाई दी। मुख्य अतिथि ,अति विशिष्ट अतिथियों का स्वागत अभिनंदन सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब के पदाधिकारियों ने पटका पहनाकर प्रतीक चिन्ह देकर किया।

**कैकई ने राम के लिए मांगा वनवास, भरत को सिंहासन:** अयोध्या में खुशी का वातावरण था। भगवान श्री राम के राजतिलक की तैयारी जोर शोर से चल रही थी। यह जानकारी केकई की दासी मंथरा को मिली तो उसने अपनी चिकनी चुपड़ी बातों से राज महल में कैकई को भड़का दिया। कैकई ने राजा दशरथ से दो वचन भरत को राजतिलक तथा श्री राम को 14 वर्ष का वनवास मांग लिया। राजा दशरथ को वचन पूरा करना पड़ा और वह मूर्छित हो गए।

**धूमधाम से निकली राम बारात जगह-जगह बरात पर हुई पुष्प वर्षा:** महिलाओं ने अपने घरों के सामने भगवान स्वरुपो की आरती उतारी। भगवान श्रीराम की बारात जब बैंड बाजों, ढोल नगाडो के साथ निकली, तो उनका जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर जय श्री राम के जयकारे लगाए। राम बारात का शुभारंभ प्रसिद्ध समाजसेवी राहुल पुरी ने किया। राम बारात में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम अपने भाइयों के साथ घोड़ी पर सवार होकर निकले। राम बारात पंजाबी कॉलोनी, मंगला चौक, मेन बाजार पाना मामूरपुर होते हुए रामलीला ग्राउंड पहुची। लोग भगवान राम की एक झलक पाने के लिए मार्ग में पड़ने वाले मकानों की छतों पर डटे रहे। राम बरात में साथ चल रहे श्रद्धालुओं ने धार्मिक गीतों पर नृत्य किया। वहीं महिलाओं ने अपने घरों के सामने भगवान स्वरूपों की आरती उतारी। इस मौके पर सुभाष रामलीला के संरक्षक लोकेश गर्ग, संरक्षक मोहनपुरी, प्रधान विष्णु भारद्वाज, उप प्रधान धर्मपाल वर्मा, उपप्रधान मोहित गुप्ता, महासचिव संजय बंसल, सचिव संदीप मंगला लेखाकार अनिल कुमार गर्ग, संगठन सचिव मुकेश बंसल, सुरेश गुप्ता, ऑडिटर डॉ सचिन कौशिक व डॉ शुभम रोहिल्ला, विशेष सलाहकार भारत भूषण शर्मा, मैदान पर्यवेक्षक जयपाल रोहिल्ला, रूपेश भारद्वाज, निपुण गुप्ता, जितेंद्र पालीवाल, संजू प्रजापति, अनिरुद्ध त्यागी, मोहित गौतम, अतुल गुप्ता, दीपक खत्री, पंकज शर्मा, पवन वर्मा, ओम दत्त शर्मा, इंदर शर्मा, मोहित पांचाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**जगमाल सिंह, प्रमुख समाजसेवी:** प्रभु श्री राम की लीला को जन-जन तक ले जाने का सबसे सशक्त माध्यम रामलीला है। मुझे खुशी है कि सुभाष रामलीला पिछले 75 वर्षों से आज की युवा पीढ़ी को प्रभु श्री राम की लीलाओं और उनकी शिक्षाओं से अवगत कराने में लगी है।



**मुकेश गोयल, नेता सदन दिल्ली नगर निगम**

**प्रभु** श्री राम की लीला को जन-जन तक ले जाने का सबसे सशक्त माध्यम रामलीला है। सुभाष रामलीला पिछले 75 वर्षों से आज की युवा पीढ़ी को प्रभु श्री राम की लीलाओं और उनकी शिक्षाओं से अवगत कराने में लगी है। भव्य रामलीला आयोजन के लिए सुभाष रामलीला की पूरी टीम बधाई की पात्र है।



**रवि भारद्वाज, समूह संपादक, एक्शन इंडिया**

**हर** वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रामलीला मंचन के लिए सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब की पूरी टीम बधाई की पात्र है। हम सभी को प्रभु श्रीराम के दिखाए हुए मार्ग पर चलना चाहिए और किसी भी परिस्थिति में सच व धर्म का मार्ग नहीं छोड़ना। चाहिए प्रभु श्री राम सबका कल्याण करेंगे।



**सज्जन सिंह प्रमुख समाजसेवी:** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रामलीला मंचन के लिए सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब की पूरी टीम बधाई की पात्र है। हम सभी को प्रभु श्रीराम के दिखाए हुए मार्ग पर चलना चाहिए और किसी भी परिस्थिति में सच व धर्म का मार्ग नहीं छोड़ना। चाहिए प्रभु श्री राम सबका कल्याण करेंगे।



# केवल पार्क रामलीला : दशरथ-कैकयी प्रसंग का हुआ मंचन

## रंगमंच पर राम वनवास की लीला के प्रसंग को लेकर राम के राज अभिषेक की चर्चा सुनकर मंथरा परेशान हुई, कैकई ने राम के लिए मांगा वनवास, भरत को सिंहासन









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**श्री** आदर्श कला केंद्र, रामलीला कमेटी, केवल पार्क की रामलीला में विभिन्न प्रसंगों का मंझे हुए कलाकारों ने बेहद मनमोहक मंचन किया, जिसे देख दर्शक भावविभोर हो रहे हैं। रंगमंच पर राम वनवास की लीला के प्रसंग को लेकर राम के राज अभिषेक की चर्चा सुनकर मंथरा परेशान हुई। वह रानी कैकई के पास जाकर कैकई को समझाते हुए उसे राम को 14 वर्ष का वनवास भरत को राज अभिषेक पर राजी किया। मंचन में कैकई मंथरा के संवादों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**मनमोहक दृश्य**

**8 वनवास की लीला के प्रसंग को लेकर राम के राज अभिषेक की चर्चा सुनकर मंथरा परेशान हो गई**

**कैकई ने राम के लिए मांगा वनवास, भरत को सिंहासनः** भगवान राम के अभिषेक को लेकर पूरे अयोध्या में खुशी का माहौल था। हर कोई उत्सव मना रहा था। अयोध्या में खुशी का वातावरण था। भगवान श्री राम के राजतिलक की तैयारी जोर शोर से चल रही थी। यह जानकारी केकई की दासी मंथरा को मिली तो उसने अपनी चिकनी चुपड़ी बातों से राज महल में कैकई को भड़का दिया। कैकई ने राजा दशरथ से दो वचन भरत को राजतिलक तथा श्री राम को 14 वर्ष का वनवास मांग लिया। राजा दशरथ को वचन पूरा करना पड़ा और वह मूर्छित हो गए।











**अरविंद मूलचंद, प्रधान, केवल पार्क आरडब्ल्यूए:** सभी को प्रभु श्रीराम के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एक दिन सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है, इसलिए सभी सत्य की राह पर चले और दूसरों को भी साथ की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें। प्रभु श्रीराम सब पर अपनी कृपा बनाए रखें।



**परनानंद सिंघल, कोषाध्यक्ष श्मशान भूमि, आजादपुर:** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रामलीला मंचन के लिए पूरी टीम बधाई की पात्र है। हम सभी को प्रभु श्रीराम के दिखाए हुए मार्ग पर चलना चाहिए और किसी भी परिस्थिति में सच व धर्म का मार्ग नहीं छोड़ना। चाहिए प्रभु श्री राम सबका कल्याण करेंगे। सत्य का मार्ग ही सतयुग का मार्ग है।



